स्वतंत्रता की पहली किरण का साक्षी

लखनऊ एवं कानपुर से प्रकाशित

# स्वतंत्र भारत

लखनऊ, बृहस्पतिवार
11 जून, 2026
ज्येष्ठ मास कृष्ण पक्ष 11
सं. 2083 वि.
वर्ष 79, अंक - 289 पृष्ठ 12
संस्करण : नगर * *
मूल्य : 3 रुपये

epaper : epaper.swatantrabharat.net



जब मैंने क्रिकेट खेलना शुरू किया था तो लोग मेरे किटबैग को अक्सर हॉकी बैग समझ लेते थेः मिताली

# 'कांग्रेस ने नाकामी का कलंक हिंदुओं पर लगाया'

## हमारे लिए नेशन फर्स्ट, एक दिन देशवासी मेड इन इंडिया प्लेन में सफर करेंगे

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी भारत के सबसे लंबे समय तक लगातार सेवा देने वाले निर्वाचित प्रधानमंत्री बन गए हैं। उनके कार्यकाल के 4,399 दिन पूरे होने पर भारत मंडपम में आयोजित एनडीए बैठक में उनका सम्मान किया गया। बैठक को संबोधित करते हुए मोदी ने कहा, '12 साल में देश कांग्रेस के कुचक्र से आजाद हुआ। इस कुसंस्कृति का नाम कांग्रेस ग्रोथ रेट था। इसमें न गवर्नेंस थी, न नीति, न नीयत और न ही निर्णय। नाकामी कांग्रेस की थी लेकिन कलंक हिंदू आबादी पर लगाया गया।' पीएम ने कहा, 'हमारे लिए दल से बड़ा हमेशा देश रहा है। हम नेशन फर्स्ट की भावना से काम करते हैं। भारत को सिर्फ दुनिया की बराबरी नहीं करनी, बल्कि उससे एक कदम आगे रहना है। वो दिन दूर नहीं जब हम मेड इन इंडिया प्लेन भी बनाएंगे।

प्रधानमंत्री ने कहा, हमारे लिए दल से हमेशा अगर बड़ा कुछ है तो हमारा देश हैं। जब देश प्रथम की भावना से काम होता है तो कोई भी फैसला कठिन नहीं होता है। ऐसे फैसले जिन्हें पहले असंभव समझा जाता था, जो देश के सुरक्षित भविष्य के लिए जरूरी थे। हमने बहुत ही सधे हुए तरीके से उन फैसलों को भी लिया है। पहले सरकारें आर्टिकल 370 की बात करने से भी डरती थीं। हमने इसे खत्म किया। पहले नॉर्थ ईस्ट से बम, बंदूक और ब्लॉकेड जाने का नाम नहीं लेते थे। हमने वहां शांति भी लौटाई और स्थिरता भी लेकर आए।



### 25 करोड़ लोगों को गरीबी से निकाला

प्रधानमंत्री ने कहा, साल 2014 में जब एनडीए की जीत हुई थी तब मैंने कहा था कि आज देश के सामान्य मानवीय में एक नई आशा का उदय हुआ है। इस आशा का इस उम्मीद का संरक्षण हम सभी का दायित्व था। देश के लोगों ने कांग्रेस के विश्वासघात के बाद अपना भरोसा हमें सौंपा। भारत के लोगों ने पहली बार देखा है कि जब सही नीयत से सरकार चलती है तो तेज गति से विकास होता है। एनडीए सरकार के इन 12 वर्षों में 25 करोड़ से ज्यादा लोगों का गरीबी से बाहर निकलना दिखाता है कि हमारी नीतियां सही हैं।

### विकसित भारत जन-जन का सपना

पीएम मोदी ने कहा, आज देश का हर नागरिक विकसित भारत के सपने से भरा हुआ है। विकसित भारत का सपना अब किसी दल का या व्यक्ति का नहीं है। यह देश के जन-जन का सपना बन चुका है। इसकी पूर्ति के लिए हमें अपना हर पल समर्पित करना है। एनडीए के 12 वर्ष की एक सफलता यह भी है कि देश कांग्रेस के कुचक्र से आजाद हुआ है। कांग्रेस ने देश को लाचार और बेचारगी और हीन भावना के स्तर पर गिरा दिया था। देश को यह एहसास कराया जाता था कि भारत में विकास धीरे-धीरे ही होता था।

### सरकार का काम देख रही जनता

प्रधानमंत्री ने कहा भारत की जनता का नीर-क्षीर विवेक हमेशा अद्भुत रहा है। देश की जनता ने राष्ट्रीय स्तर पर राजनीतिक स्थिरता का महत्व समझा है। ये जनता-जनार्दन की परिपक्वता ही है कि उसने लंबे समय तक मुझे इस तरह जनता की सेवा का अवसर दिया। 2014 के पहले के कई दशक बहुत अस्थिरता और उथल-पुथल से भरे थे। इसका देश को नुकसान उठाना पड़ा था। लेकिन अब देश की जनता एक स्थिर सरकार का काम भी देख रही है और उसकी निर्णायक क्षमताओं को परख भी रही है। मैं जनता का आभार प्रकट करता हूं।

# यूपी : पंचायत चुनाव की वोटर लिस्ट में 40 लाख मतदाता बढ़े

**लखनऊ।** यूपी में पंचायत चुनाव के लिए अंतिम मतदाता सूची बुधवार को जारी कर दी गई। तमाम दावों, आपत्तियों के निस्तारण और गहन सत्यापन के बाद इस फाइनल लिस्ट को तैयार किया गया है। राज्य

- हर वोटर को मिला 9 अंकों का खास नंबर

निर्वाचन आयोग ने इस बार एक बड़ा बदलाव करते हुए हर पंचायत मतदाता को 9 अंकों का एक यूनिक पहचान नंबर जारी किया है। हालांकि, सूची जारी होते ही कई जिलों में वोटर्स को इसे डाउनलोड करने में भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। हालांकि, ऐसा तकनीकी दिक्कतों के चलते हो रहा है। 1.81 करोड़ नए नाम जुड़े, 1.41 करोड़ हटे राज्य निर्वाचन आयोग ने इससे पहले 18 दिसंबर, 2025 को अंतिम मतदाता सूची प्रकाशित की थी। इसके बाद चले संशोधन अभियान के बाद आए आंकड़े चौंकाने वाले हैं। फाइनल वोटर लिस्ट में करीब 1.81 करोड़ नए मतदाताओं के नाम जोड़े गए हैं। वहीं, करीब



1.41 करोड़ मतदाताओं के नाम सूची से हटाए गए हैं। कुल मिलाकर इस बार पंचायत चुनाव की वोटर लिस्ट में करीब 40.19 लाख मतदाताओं की बढ़ोतरी दर्ज की गई है। प्रदेश में ग्राम प्रधानों का कार्यकाल बीती 26 मई को खत्म हो चुका है। समय पर चुनाव न हो पाने के कारण सरकार ने बड़ा फैसला लिया था। निवर्तमान प्रधानों को ही अगले 6 महीने के लिए प्रशासक के तौर पर जिम्मेदारी सौंप दी है। सरकार ने पंचायत चुनाव में अन्य पिछड़ा वर्ग के आरक्षण को लेकर पिछड़ा वर्ग आयोग भी बनाया है। इस कमिशन को 6 महीने के भीतर जिलावार आर्थिक और सामाजिक स्तर की समीक्षा कर अपनी रिपोर्ट सौंपने को कहा गया है। यूपी सरकार ने भले ही आयोग को 6 महीने का वक्त दिया है, लेकिन जल्द पंचायत चुनाव कराने को लेकर दायर एक याचिका अभी इलाहाबाद हाईकोर्ट में लंबित है। हाईकोर्ट ने इस पर कड़ा रुख अपनाते हुए ओबीसी कमिशन को जुलाई में ही अपनी रिपोर्ट पेश करने के निर्देश दिए हैं। यूपी में फरवरी-मार्च में विधानसभा चुनाव होने हैं। राजनीतिक दलों को डर है कि विधानसभा चुनाव के ठीक पहले पंचायत चुनाव कराने से उनके संगठन और चुनावी तैयारियों को भारी नुकसान हो सकता है।

## राम को काल्पनिक कहने पर राहुल के खिलाफ दोबारा सुनवाई

**वाराणसी।** भगवान राम को कथित तौर पर काल्पनिक कहने पर कांग्रेस नेता राहुल गांधी के खिलाफ एफआरआर की मांग वाली याचिका

- वाराणसी कोर्ट ने निचली अदालत का फैसला रद्द किया

पर फिर से वाराणसी कोर्ट में सुनवाई होगी। एमपी-एमएलए की सीनियर कोर्ट ने बुधवार को लोअर कोर्ट के उस आदेश को रद्द कर दिया, जिसमें कहा गया था कि याचिका सुनवाई योग्य नहीं है। एडिशनल डिस्ट्रिक्ट जज (एडीजे) यजुवेंद्र विक्रम सिंह ने केस को वापस लोअर कोर्ट भेजते हुए नए सिरे से सुनवाई करने के आदेश दिए हैं। राहुल गांधी पर अमेरिका के न्यूयॉर्क में ब्राउन यूनिवर्सिटी में भगवान राम को काल्पनिक कहने का आरोप है। पिछले साल 12 मई को एडवोकेट हरिशंकर पांडेय ने याचिका दायर की थी। दावा किया था कि राहुल गांधी ने अमेरिका के ब्राउन यूनिवर्सिटी में भगवान राम को 'पौराणिक' बताया था। 10 जून, 2026 को मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट (एमपी-एमएलए) कोर्ट ने याचिका खारिज कर दी थी। इस आदेश के खिलाफ हरिशंकर पांडेय ने 26 सितंबर, 2025 को जिला जज की कोर्ट में पुनरीक्षण याचिका दायर की थी।

# किसी मामले को तीन माह से अधिक लंबित न रखें : योगी

**स्वतंत्र भारत ब्यूरो, लखनऊ।** आर्थिक अपराधों के विरुद्ध कार्रवाई को और अधिक प्रभावी, त्वरित और

- मुख्यमंत्री बोले जवाबदेही होगी
- आर्थिक अपराध अनुसंधान संगठन के कार्यों की समीक्षा की

परिणामोन्मुख बनाने के लिए आर्थिक अपराध अनुसंधान संगठन (ईओडब्ल्यू) को आधुनिक तकनीक, सुदृढ़ जांच प्रणाली और प्रभावी अनुश्रवण तंत्र से सशक्त किया जाएगा। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने ईओडब्ल्यू की कार्यप्रणाली एवं प्रगति की समीक्षा करते हुए आर्थिक अपराधों से जुड़े मामलों में त्वरित जांच, प्रभावी कार्रवाई और दोषसिद्धि सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। बैठक में आर्थिक अपराधों से संबंधित लंबित जांच, विवेचनाओं, गिरफ्तारी, अभियोजन, जनजागरूकता गतिविधियों तथा संगठनात्मक सुधारों की समीक्षा की गई। मुख्यमंत्री ने कहा कि वित्तीय धोखाधड़ी, जालसाजी, गबन और अन्य आर्थिक अपराध न केवल सरकारी संसाधनों को प्रभावित करते हैं, बल्कि आम नागरिकों के विश्वास को भी आघात पहुंचाते हैं। ऐसे मामलों में दोषियों के विरुद्ध कठोर और समयबद्ध कार्रवाई सुनिश्चित की जानी चाहिए। मुख्यमंत्री ने निर्देश दिए कि पुराने मामलों के निस्तारण में और तेजी लाई जाए तथा वांछित अभियुक्तों



के विरुद्ध प्रभावी कार्रवाई सुनिश्चित की जाए। मुख्यमंत्री ने कहा कि जिन मामलों में पर्याप्त साक्ष्य उपलब्ध हैं, उनमें अभियोजन और न्यायिक प्रक्रिया को गति दी जाए। उन्होंने सुदृढ़ पैरवी, गुणवत्तापूर्ण विवेचना और साक्ष्य संकलन के माध्यम से अधिकाधिक मामलों में दोषसिद्धि सुनिश्चित करने पर जोर दिया। बैठक में महत्वपूर्ण प्रकरणों की समीक्षा करते हुए निर्देश दिए गए कि प्रत्येक मामले की नियमित मॉनिटरिंग की जाए और दोषियों को कानून के अनुसार दंडित कराने के लिए प्रभावी कार्रवाई की जाए। बैठक में बताया गया कि जांच, विवेचना और अनुवर्ती कार्यवाहियों के प्रभावी प्रबंधन के लिए केस मैनेजमेंट सिस्टम (सीएमएस) विकसित किया गया है। यह प्रणाली प्रकरणों के डिजिटल प्रबंधन, ऑनलाइन रिपोर्टिंग, रियल टाइम मॉनिटरिंग तथा डैशबोर्ड आधारित अनुश्रवण की सुविधा प्रदान करती है। मुख्यमंत्री ने इसके प्रभावी उपयोग के निर्देश देते हुए कहा कि तकनीक आधारित व्यवस्था से जांच की गुणवत्ता, पारदर्शिता और जवाबदेही में वृद्धि होगी। जांच अधिकारी किसी मामले को तीन माह से अधिक समय तक अपने पास न रखें। इस सम्बंध में उनकी जवाबदेही भी तय की जाय। मुख्यमंत्री ने आर्थिक अपराधों की रोकथाम के लिए जनजागरूकता को भी महत्वपूर्ण बताते हुए कहा कि बदलते तकनीकी परिवेश में वित्तीय धोखाधड़ी, निवेश संबंधी ठगी तथा अन्य आर्थिक अपराधों के प्रति लोगों को जागरूक किया जाना आवश्यक है। मुख्यमंत्री ने कहा कि आर्थिक मुद्दों से जुड़े मामलों को समयबद्ध ढंग से निस्तारित करने की कार्रवाई को तेज किया जाय। बैठक में संगठन की क्षमता वृद्धि, अधिकारियों एवं विवेचकों के प्रशिक्षण, आधुनिक तकनीकों के उपयोग तथा संगठन के विस्तार से संबंधित प्रस्तावों पर भी चर्चा की गई। मुख्यमंत्री ने कहा कि आर्थिक अपराधों की प्रकृति लगातार जटिल होती जा रही है।

## आरएसएस मुख्यालय, महाराष्ट्र सीएम दफ्तर को उड़ाने की धमकी

**मुंबई।** महाराष्ट्र में बुधवार को आरएसएस मुख्यालय, मुख्यमंत्री कार्यालय और मुंबई-पुणे के मेयर कार्यालयों को बम से उड़ाने की

- खालिस्तान नाम से भेजे गए ईमेल
- महाराष्ट्र में जांच एजेंसियां सतर्क

धमकी वाले ईमेल मिले। ईमेल खालिस्तान नेशनल आर्मी बताने वाले ग्रुप की ओर से भेजे गए थे। इसके बाद कई इमारतें खाली कराई गई और सुरक्षा एजेंसियों ने तलाशी अभियान चलाया। अधिकारियों के मुताबिक कहीं कोई संदिग्ध वस्तु नहीं मिली।

एजेंसी के मुताबिक, नागपुर की मेयर नीता ठाकरे को एक ईमेल मिला। इसमें दावा किया गया था कि महाल स्थित आरएसएस मुख्यालय और रेशीमबाग के डॉ. हेडगेवार स्मृति भवन में विस्फोटक लगाया गया है। सूचना मिलते ही बम डिटेक्शन एंड डिस्पोजल स्क्वॉड (बीडीडीएस) को मौके पर भेजा गया।

पूरे परिसर और आसपास के संवेदनशील इलाकों की जांच की गई। अधिकारियों ने बताया कि तलाशी में कुछ भी संदिग्ध नहीं मिला, लेकिन एहतियात के तौर पर सुरक्षा बढ़ा दी गई है।

इसी बीच, बृहन्मुंबई महानगरपालिका (बीएमसी) को भी कई ईमेल मिले। इनमें मुंबई के मेयर कार्यालय, मुख्यमंत्री कार्यालय, बीएसई भवन और नगर निगम दफ्तरों में विस्फोट की धमकी दी गई थी। ये ईमेल निगम की कई आधिकारिक ईमेल आईडी पर भेजे गए थे।

अधिकारियों के मुताबिक, ईमेल में खालिस्तान का जिक्र किया गया था। इसमें कई संस्थानों और संगठनों के खिलाफ भड़काऊ व धमकी भरी बातें लिखी गई थीं।

## उरी में ग्रेनेड फटने से दो जवान शहीद

**बारामूला।** जम्मू-कश्मीर के बारामूला जिले से एक बेहद दुखद खबर सामने आई है। जिले के उरी सेक्टर में मंगलवार को उपकरणों के रख-रखाव के दौरान दुर्घटनावश एक हैंड ग्रेनेड फट गया। इस दर्दनाक हादसे में भारतीय सेना के दो जवान शहीद हो गए हैं। आधिकारिक सूत्रों ने इस घटना की पुष्टि की है। सैन्य अधिकारियों से मिली जानकारी के मुताबिक, यह हादसा उरी सेक्टर के कमलकोट स्थित सेना के एक शिविर में हुआ। शिविर में सैन्य उपकरणों और हथियारों के नियमित हस्तांतरण का काम चल रहा था।

# ईरान ने खोया मौका, अब चुकानी होगी कीमत

**वॉशिंगटन।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने ईरान की सैन्य क्षमता पर तीखा हमला बोलते हुए दावा किया कि उसकी सेना पूरी तरह बिखर चुकी है। उन्होंने

- ट्रंप की धमकी से पश्चिम एशिया में फिर बढ़ा तनाव



कहा कि ईरान की नौसेना और वायुसेना लगभग खत्म हो चुकी हैं।

ट्रंप ने एक बयान में कहा, ईरान की सेना पूरी तरह और संपूर्ण रूप से अव्यवस्थित हो चुकी है। इसका बड़ा हिस्सा, जैसे उसकी नौसेना और वायुसेना, अब लगभग अस्तित्व में ही नहीं है। उन्हें पूरी तरह पराजित कर दिया गया है। ट्रंप ने कहा, ईरान सिर्फ बातें करता है, कार्रवाई नहीं करता। पश्चिम एशिया का दबंग अब खत्म हो चुका है। ट्रंप ने ईरान के साथ संभावित समझौते का जिक्र करते हुए कहा, उन्होंने ऐसे समझौते पर बातचीत करने में बहुत देर कर दी, जो उनके लिए बहुत अच्छा साबित हो सकता था। अब उन्हें इसकी कीमत चुकानी पड़ेगी।

अमेरिका और ईरान के बीच तनाव उस समय और बढ़ गया, जब ईरानी रिवोल्यूशनरी गार्ड ने दक्षिणी ईरान में अमेरिका के हमलों के जवाब में बहरीन, कुवैत और जॉर्डन में अमेरिकी-संबंधित ठिकानों पर ड्रोन और मिसाइलों से हमला किया। इस घटनाक्रम ने क्षेत्र में और अधिक सैन्य टकराव की आशंकाओं को बढ़ा दिया है। इससे पहले अमेरिकी सेना ने कहा था कि उसने होर्मुज जलडमरूमध्य के ऊपर एक अमेरिकी हेलिकॉप्टर गिराए जाने की रिपोर्टों के बाद ईरानी ठिकानों के खिलाफ आत्मरक्षा में हमले किए थे।

## अंतर्राष्ट्रीय स्पेस स्टेशन 2030 तक खत्म हो जाएगा

**न्यूयॉर्क।** पृथ्वी से करीब 400 किलोमीटर दूर अंतरिक्ष में स्थित इंटरनेशनल स्पेस स्टेशन (आईएसएस) अब अपने अंतिम चरण में



पहुंच चुका है। नासा ने 2028 से शुरू करके 2030 तक इसे सुरक्षित तरीके से धरती पर गिराने की अपनी

- नासा प्रशांत महासागर में मलबा गिराएगी, 9500 करोड़ खर्च होंगे

योजना को सार्वजनिक किया है। इसके लिए नासा ने 1 अरब डॉलर (करीब 9500 करोड़ रुपए) का प्लान तैयार किया है।

आईएसएस पिछले 25 साल से सबसे बड़ी अंतरिक्ष प्रयोगशाला के रूप में काम कर रहा है। आईएसएस निर्धारित उम्र पूरी कर चुका है। इसका कार्यकाल कई बार बढ़ चुका है। पिछले कुछ सालों से इसमें लगातार तकनीकी खामियां आ रही हैं। स्टेशन को सुरक्षित बनाए रखने पर अरबों डॉलर खर्च होते हैं। नासा अब अपने संसाधनों को चंद्रमा और मंगल मिशनों पर केंद्रित करना चाहता है। इसलिए आईएसएस को सम्मानजनक और सुरक्षित तरीके से रिटायर करने का फैसला लिया गया है। करीब 4.5 लाख किलोग्राम वजनी आईएसएस को यूं ही पृथ्वी की ओर गिरने नहीं दिया जाएगा। 2028 के आसपास स्टेशन को कक्षा में बनाए रखने की प्रक्रिया धीरे-धीरे बंद कर दी जाएगी। विशेष अंतरिक्ष यान से उसे नियंत्रित तरीके से पृथ्वी के वायुमंडल में धकेला जाएगा। वायुमंडल में प्रवेश करते ही स्टेशन का अधिकांश हिस्सा घर्षण से जलकर नष्ट हो जाएगा।

### अब तृणमूल सांसद सुष्मिता देव का इस्तीफा

**नई दिल्ली।** तृणमूल कांग्रेस में जारी अंदरूनी संकट अब और गहरा होता दिखाई दे रहा है। पार्टी की राज्यसभा सांसद सुष्मिता देव ने अपने पद से इस्तीफा देकर ममता बनर्जी खेमे को एक और बड़ा झटका दे दिया है। पिछले कुछ दिनों से पार्टी के भीतर बगावत की खबरें लगातार सामने आ रही थीं और अब सुष्मिता देव के इस्तीफे ने इस संकट को और गंभीर बना दिया है। इससे पहले तृणमूल के वरिष्ठ नेता और राज्यसभा में लंबे समय तक पार्टी के मुख्य सचेतक रहे सुखेंदु शेखर रॉय भी पार्टी छोड़ चुके हैं। लगातार हो रहे इस्तीफों से साफ संकेत मिल रहे हैं कि तृणमूल कांग्रेस के अंदर असंतोष तेजी से बढ़ रहा है।

### हरियाणवी डांसर सपना चौधरी ने ससुराल छोड़ा

**चंडीगढ़।** हरियाणवी डांसर-सिंगर सपना चौधरी की निजी जिंदगी एक बार फिर सुर्खियों में है। सपना ने अपने पति वीर साहू के खिलाफ मारपीट का मामला दर्ज कराते हुए दिल्ली की द्वारका महिला कोर्ट में याचिका दाखिल की है। मंगलवार को कोर्ट ने शुरुआती सुनवाई में सपना को अंतरिम राहत देते हुए वीर साहू को अगली सुनवाई तक उनके संपर्क में आने, घर या कार्यस्थल पर जाने और किसी भी तरह से परेशान करने से रोक दिया है। सपना की ओर से कोर्ट में वीडियो, ऑडियो और अन्य इलेक्ट्रॉनिक साक्ष्य भी पेश किए गए हैं। मामले की अगली सुनवाई 25 जुलाई को होगी। विवाद के बाद सपना ससुराल छोड़ चुकी हैं। फिलहाल वह दिल्ली के नजफगढ़ स्थित अपने मायके में रह रही हैं।

### चंडीगढ़ से दिल्ली जा रही फ्लाइट में हंगामा

**चंडीगढ़।** चंडीगढ़ से दिल्ली जा रही एयर इंडिया की फ्लाइट (एआई-1879) में बीते रविवार को एक पैसेंजर ने बीच हवा में हंगामा शुरू कर दिया। यात्री ने फ्लाइट की विंडो का शीशा भी तोड़ दिया। उसने फ्लाइट क्रू के साथ बदतमीजी की। हालांकि, क्रू मेंबर्स ने पैसेंजर को संभाला और फ्लाइट को दिल्ली एयरपोर्ट पर सुरक्षित लैंड कराया। इसके बाद यात्री को सुरक्षा एजेंसियों के हवाले कर दिया गया। यात्री ने दिल्ली एयरपोर्ट पर भी भागने की कोशिश की, लेकिन उसे पकड़ लिया गया। यात्री के परिजन का कहना है कि वह दिमागी रूप से बीमार है। इसके बाद जब उसका मेडिकल करवाया गया तो परिजन की बात सही निकली। इसके बाद यात्री को 30 दिन के लिए नो-फ्लाई लिस्ट में शामिल कर दिया।

**दौलत का जलवा** — अमेरिका में समृद्ध बच्चों के लिए रिट्रीट, 1.25 करोड़ रुपए फीस से 'जमीन पर रहने' की ट्रेनिंग

# अमीरों के बच्चों को अमीर बनाए रखने का खेल

**न्यूयार्क।** ऑस्टिन के साधारण से घर में सोफे और कुर्सियों पर कॉलेज जाने वाले और 20-30 साल की उम्र के करीब एक दर्जन युवा बैठे थे। दिखने में यह दोस्तों की मुलाकात लग सकती थी, पर हकीकत यह थी कि इन युवाओं के परिवारों की संपत्ति 700 करोड़ (करीब 66,000 करोड़ रुपए) से ज्यादा थी।

इस अनूठे रिट्रीट में पहुंचे बच्चों को दुनिया के सबसे अमीर माता-पिता की संतान कह सकते हैं, जिन्हें कभी कमाने की जरूरत नहीं है। तभी सवाल गूंजा- 'आपको क्या लगता है, आपके पैरेंट्स क्यों चाहते हैं कि आप काम करें?' यह सवाल पूछा था वेल्थ कोच माइकल कोल ने। कोल 'आर360' क्लब के फाउंडर हैं, जो कम से कम 950 करोड़ रु. की संपत्ति वाले परिवारों के लिए काम करता है। युवाओं



ने जवाब दिए... 'उनका पैसा मेरा पैसा नहीं है।' 'ताकि हम पैसे का मूल्य समझ सकें' और 'काम करने से मकसद मिलता है।' कोल ने आखिरी जवाब को सटीक बताया। उन्होंने कहा,'पैरेंट्स के लिए आपका काम करना उनके संस्कारों व आपके जीवन का उद्देश्य दर्शाता है। पर तुरंत ही उन्होंने कड़वी सच्चाई भी सामने रख दी,'आपके लिए वैसी संपत्ति दोबारा खड़ी करना असंभव है... तो क्यों न हम सफलता के नियम ही बदल दें?' कोल ने उन्हें 'वेल्थ री-क्रिएटर्स' बनने की सलाह दी। यानी ऐसा कुछ करना जिससे समाज या परिवार को वैचारिक व भावनात्मक रूप से भी समृद्ध किया जा सके। कैंप में युवाओं ने मौज-मस्ती के साथ गंभीर मुद्दों पर खुलकर चर्चा की। पहली बार उन्होंने वे चुनौतियां साझा कीं, जिन्हें अक्सर लोग अमीरों के नखरे कहकर अनदेखा कर देते हैं। इनमें बिग शैडो सिंड्रोम- पैरेंट्स का कद इतना बड़ा हो कि बच्चों को विफल होने का डर सताए। दोस्तों का व्यवहार बदलना...। साथ ही कम पैसों वाले दोस्तों के साथ रहने की झिझक से निपटना और पार्टनर के साथ प्रॉपर्टी सेटलमेंट जैसे मुद्दों पर बातचीत भी अहम रही।

### चिंता : फिजूलखर्च, दिशाहीन न बना दे बेहिसाब दौलत

2020 से 2025 के बीच अमेरिका के शीर्ष 0.0001त्न यानी 250 लोगों की संपत्ति में 256 लाख करोड़ रु. की वृद्धि हुई। यह संपत्ति अगली पीढ़ी को मिल रही है। अमीरों की सबसे बड़ी चिंता बाजारों में गिरावट नहीं, बल्कि यह है कि इस बेहिसाब दौलत से बच्चे घमंडी, दिशाहीन व फिजूलखर्च न हो जाएं, साथ ही क्या वे दौलत संभाल सकेंगे। यही डर दूर करने के लिए 'आर360' व 'बैंक ऑफ अमेरिका' जैसी संस्थाएं रिट्रीट चला रही हैं, जहां युवाओं को फैमिली बिजनेस संभालना, विवाद सुलझाना व बोर्ड मीटिंग में बैठने के तौर-तरीके सिखाए जाते हैं। फीस करीब 1.25 करोड़ रुपए है।





# संक्षिप्त ख़बरें

## कंपनीबाग शिव मंदिर पर हुआ भंडारा

**बस्ती।** ज्येष्ठ मास के छठे बड़े मंगलवार के पावन अवसर पर शहर के कंपनीबाग स्थित शिव मंदिर परिसर में श्रद्धा, भक्ति और आस्था का अद्भुत संगम देखने को मिला। सुबह से ही मंदिर परिसर में श्रद्धालुओं का तांता लगा रहा और देर रात तक पूरा वातावरण भक्तिमय बना रहा। सायंकाल आयोजित सुंदरकांड पाठ में बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने हिस्सा लेकर भगवान हनुमान का गुणगान किया। इसके पश्चात विशाल भंडारे का आयोजन किया गया, जो देर रात तक अनवरत चलता रहा। श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण कर पुण्य लाभ प्राप्त किया। कार्यक्रम के आयोजक वरिष्ठ समाजसेवी ओमप्रकाश अरोरा ने बताया कि विगत कई वर्षों से बड़े मंगलवार के अवसर पर इस प्रकार के धार्मिक आयोजन लगातार किए जाते रहे हैं।

## पीएचडी प्रवेश प्रक्रिया आरंभ

**बस्ती।** इंदिरा गांधी राष्ट्रीय मुक्त विश्वविद्यालय इग्नू जिसकी स्थापना गुणवत्तापरक एवं किफायती उच्च शिक्षा को सर्वसुलभ बनाने के उददेश्य से की गयी थी, वह लगातार 40 वर्षों से जन सामान्य तक मुक्त, दूरस्थ एवं डिजिटल माध्यम से उच्च शिक्षा को जन जन तक पहुंचाने के लिए सतत प्रयत्नशील है। इसी उपक्रम में इग्नू ने 36 कार्यक्रमों में अनुसंधान की उपाधि प्राप्त करने के इच्छुक अभ्यर्थियों के लिए जुलाई 2026 सत्र में पीएचडी में प्रवेश के लिए आवेदन आमंत्रित किये हैं। इन कार्यक्रमों में प्रवेश हेतु अभ्यर्थी ऑनलाईन आवेदन लिंक के माध्यम से 1 जुलाई 2026 तक कर सकते हैं। वरिष्ठ क्षेत्रीय निदेशक एवं प्रमुख डा अनिल कुमार मिश्र ने बताया कि इग्नू की पीएचडी उपाधि को यूजीसी नियमावली 2022 के अनुरूप तैयार किया गया है। क्षेत्रीय निदेशक डा अनामिका सिन्हा ने बताया कि इस कार्यक्रम में प्रवेश लेने हेतु चार श्रेणियों में आवेदन किया जा सकता है। चयनित अभ्यर्थियों का साक्षात्कार इग्नू मुख्यालय मैदानगढ़ी, नई दिल्ली में आयोजित किया जाएगा।

## भाजपा कार्यकर्ताओं ने किया विशेष पूजन-अर्चन

**बस्ती।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के निर्वाचित प्रधानमंत्री के रूप में लगातार सर्वाधिक 4399 दिन का स्वर्णिम कार्यकाल पूर्ण करने के ऐतिहासिक अवसर पर भाजपा द्वारा जिले के सभी 26 मंडलों में विशेष कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। इस ऐतिहासिक उपलब्धि पर जिले के प्रमुख मंदिरों में विशेष पूजन-अर्चन, हवन, प्रार्थना सभाओं एवं सेवा कार्यक्रमों के माध्यम से प्रधानमंत्री के दीर्घायु, उत्तम स्वास्थ्य और राष्ट्र की निरंतर समृद्धि की कामना की गई। इस अवसर पर जिलाध्यक्ष विवेकानंद मिश्र, पूर्व विधायक दयाराम चौधरी, दिलीप पांडेय, अमृत वर्मा, जिला मीडिया प्रभारी अजय पाल सिंह, मंडल अध्यक्ष कामेंद्र चौहान, मंडल अध्यक्ष विशुद्धानंद त्रिपाठी, पवन चौधरी, उदयभान, राज कुमार शुक्ला, ओम प्रकाश चौधरी, गिरजेश, रामकृपाल, जनार्दन विश्वकर्मा, राजन पांडेय, विनोद शुक्ला, रिंकू पाठक सहित बड़ी संख्या में जिला पदाधिकारी उपस्थित रहे।

## 21 जून को योग कार्यक्रम में सहभागिता की अपील की

**बस्ती।** इंडियन योग एसोसिएशन उत्तर प्रदेश चैप्टर एवं पतंजलि योग समिति, भारत स्वाभिमान ट्रस्ट के सहयोग से अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस 2026 के उपलक्ष्य में चलाए जा रहे योग पार्क अभियान के अंतर्गत उद्यान विभाग के पार्क में योग प्रोटोकॉल अभ्यास शिविर का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का संचालन आईवाईए के चेयरपर्सन पीयूषकांत मिश्रा, सचिव अमित गर्ग, पूर्वी जोन के अध्यक्ष डा नवीन सिंह, सचिव आशीष टंडन एवं सह सचिव डा रमेश चंद्रा के मार्गदर्शन में किया गया। इस अवसर पर मंजेश राजभर, डा सच्चिदानंद शुक्ला, विनोद कुमार मिश्र, मनोज यादव, सौरभ सिंह, अभिनव पांडेय, शिवेंद्र, संतोष भारद्वाज, पत्रकार संदीप गोयल, बलराम तिवारी, बैजनाथ, राधेश्याम, अशोक यादव, सूर्य प्रताप, भूपेंद्र चौधरी, शिवकुमार चौधरी सहित अनेक योग साधक उपस्थित रहे।

## सरकार के 12 वर्ष पूर्ण होने पर कार्यक्रम आयोजित

**महाराजगंज।** केंद्र में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व वाली सरकार के 12 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में भारतीय जनता पार्टी द्वारा विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। इसी क्रम में मंगलवार को नगर स्थित दुर्गा मंदिर में सदर विधायक जय मंगल कन्नौजिया ने विधिवत पूजा-अर्चना किया। उन्होंने कहा कि पिछले 12 वर्षों में केंद्र सरकार की जनहितकारी योजनाओं का लाभ समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाने का प्रयास किया गया है। पूजन-अर्चन कार्यक्रम के दौरान उपस्थित भाजपा कार्यकर्ताओं एवं पदाधिकारियों ने भी देश के उज्ज्वल भविष्य एवं प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के स्वस्थ एवं दीर्घायु जीवन की कामना की।

## प्रधानमंत्री के 12 साल रहे बेमिसाल : डॉ. शांति शरण

**महाराजगंज।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार के 12 वर्ष पूर्ण होने पर भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता एवं पूर्व जिला मीडिया प्रभारी डॉ. शांति शरण मिश्र ने इसे देश के लिए गौरव का विषय बताया। उन्होंने कहा कि सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास और सबका प्रयास के मंत्र के साथ प्रधानमंत्री मोदी ने भारत को नई दिशा और नई दशा प्रदान की है। डॉ. मिश्र ने कहा कि पिछले 12 वर्षों में देश ने अभूतपूर्व परिवर्तन देखा है। डिजिटल इंडिया, मेक इन इंडिया, स्वच्छ भारत अभियान, उज्ज्वला योजना, आयुष्मान भारत और जन-धन योजना जैसी जनकल्याणकारी योजनाओं ने समाज के अंतिम पायदान पर खड़े व्यक्ति तक विकास की किरण पहुंचाने का कार्य किया है।

## जनसंपर्क एवं जागरूकता कार्यक्रम आयोजित

**कसया/कुशीनगर।** कसया तहसील परिसर में बुधवार को सरकार आपके द्वार विशेष जनसंपर्क एवं जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम विधायक पी.एन. पाठक के निर्देश पर आयोजित हुआ, जिसमें विधायक प्रतिनिधि रुद्र प्रकाश सिंह ने सरकार की विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी दी। उन्होंने कहा कि कार्यक्रम का उद्देश्य सरकारी सुविधाओं एवं योजनाओं का लाभ आमजन तक



उनके द्वार पर आसानी से पहुंचाना है।कार्यक्रम के दौरान गर्भवती महिलाओं का गोदभराई संस्कार तथा बच्चों का अन्नप्राशन समारोह संपन्न कराया गया। वहीं निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर लगाकर लोगों की स्वास्थ्य जांच की गई तथा पोषण संबंधी सलाह और टीकाकरण की सुविधा भी उपलब्ध कराई गई। पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूकता फैलाने के उद्देश्य से ÷एक पेड़ मां के नाम÷ अभियान के तहत पौधरोपण भी किया गया। कार्यक्रम में मंडल अध्यक्ष अद्या पांडेय, नगर पालिका अध्यक्ष किरन जायसवाल, फाजिलनगर अध्यक्ष सुनीता शाही, राकेश जायसवाल सहित कई गणमान्य लोग मौजूद रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता उपजिलाधिकारी संतराज सिंह बघेल ने की। इस दौरान तहसीलदार धर्मवीर सिंह, कानूनगो बृजेश मणि त्रिपाठी, शैलेन्द्र दूबे आदि लोग उपस्थित रहे

# कथावाचक का पोस्टर फाड़ने पर मारपीट, एक की मौत

स्वतंत्र भारत ब्यूरो

**पटहेरवा।** तमकुहीराज थाना क्षेत्र के बिहार बुजुर्ग गांव के टोला दीपराय में आयोजित यज्ञ के दौरान कथावाचिका का पोस्टर फाड़ने को लेकर हुए विवाद में एक बुजुर्ग की मौत हो गई। मृतक के परिजनों ने एक विशेष समुदाय के कुछ युवकों पर पीट-पीटकर हत्या करने का आरोप लगाया है। घटना के बाद क्षेत्र में तनाव को देखते हुए भारी पुलिस बल और एक प्लाटून पीएसी तैनात कर दी गई है।

बिहार बुजुर्ग ग्रामसभा के टोला दीपराय निवासी रामभजन गिरी (60) पुत्र हरिहर गिरी चौराखास थाना क्षेत्र के मगुरीपट्टी में अपने निजी मकान में किराने की दुकान चलाते थे। आरोप है कि दुकान के पास लगे कथावाचिका के पोस्टर को कुछ युवक फाड़ रहे थे, जिसका रामभजन गिरी ने विरोध किया। इसी



बात को लेकर विवाद हो गया। परिजनों का आरोप है कि विवाद के दौरान उनकी पिटाई की गई, जिससे उनकी मौत हो गई।

घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। देर रात पुलिस अधीक्षक भी घटनास्थल पहुंचे और मामले की जानकारी ली। पुलिस ने पूछताछ के लिए तीन लोगों को हिरासत में लिया है।

क्षेत्र में शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए पर्याप्त पुलिस बल के साथ एक प्लाटून पीएसी तैनात की गई है। जिले के वरिष्ठ अधिकारियों ने भी मौके का निरीक्षण किया।

इस संबंध में थानाध्यक्ष चौरा खास दिनेश साहनी ने बताया कि मामला अभी स्पष्ट नहीं है। सभी पहलुओं की गंभीरता से जांच की जा रही है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट और जांच के बाद ही घटना का पता चल सकेगा।

## निर्माणाधीन बस स्टेशन का डीएम ने जाना हाल

**संतकबीरनगर।** जिलाधिकारी आलोक कुमार द्वारा निर्माणाधीन बस स्टेशन मुखलिसपुर का स्थलीय निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान मुख्य विकास अधिकारी जयकेश त्रिपाठी उपस्थित रहे। निरीक्षण के दौरान पाया गया कि वर्तमान में बस स्टेशन के मुख्य भवन के नींव/क्ष्यद्वठ्ठह्लद्ध का निर्माण किया जा रहा है, जिलाधिकारी द्वारा निर्माण में प्रयुक्त की जा रही ईंट, मोरंग व सरिया आदि का परीक्षण थर्ड पार्टी से कराने हेतु निर्देशित किया गया। निरीक्षण के दौरान पाया गया कि बस स्टेशन के शौचालय का निर्माण हुआ है जो अभी अधूरा है, चारदीवारी बनाई गई है वह भी अभी अधूरी है जिसे तत्काल पूर्ण करने हेतु निर्देशित किया गया। लक्षित समय में निर्माण कार्य पूर्ण कराए जाने के सापेक्ष कार्य की धीमी प्रगति पाए जाने पर जिलाधिकारी ने कार्य में प्रगति एवं गुणवत्ता का ध्यान रखते हुए निर्धारित समय में बस स्टेशन का निर्माण कार्य पूर्ण करने हेतु संबंधित को निर्देशित किया।

# परीक्षा केन्द्रों का डीएम व एसपी ने किया निरीक्षण

स्वतंत्र भारत ब्यूरो

**संत कबीर नगर।** जिलाधिकारी आलोक कुमार तथा पुलिस अधीक्षक संदीप कुमार मीना द्वारा संयुक्त रूप से उत्तर प्रदेश पुलिस आरक्षी भर्ती परीक्षा-2025 को निष्पक्ष, पारदर्शी, सकुशल एवं शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराने के दृष्टिगत जनपद के विभिन्न परीक्षा केंद्रों का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान हीरालाल रामनिवास स्नातकोत्तर महाविद्यालय खलीलाब, राजकीय कन्या इण्टर कालेज खलीलाबाद सहित अन्य परीक्षा केन्द्रों पर पहुँचकर वहाँ की सुरक्षा व्यवस्था, व्यवस्थापन एवं परीक्षा संचालन की व्यवस्थाओं का जायजा लिया गया। जिलाधिकारी ने ड्यूटी में तैनात अधि0/कर्मचारीगण को परीक्षा की शुचिता बनाए रखने,अभ्यर्थियों के लिए सुगम एवं व्यवस्थित प्रवेश व्यवस्था सुनिश्चित करने, संदिग्ध व्यक्तियों पर सतर्क दृष्टि बनाए रखने तथा परीक्षा केंद्रों के आसपास अनावश्यक भीड़ न होने देने के सम्बन्ध में आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। जनपद पुलिस द्वारा



अभ्यर्थियों से अपील की गयी है कि वे समय से अपने परीक्षा केंद्र पर पहुँचे तथा परीक्षा को शांतिपूर्ण एवं व्यवस्थित ढंग से सम्पन्न कराने में प्रशासन का सहयोग करें।

## भण्डारे का हुआ आयोजन

**तमकुहीराज, कुशीनगर।** श्री संतोषनाथ बाबा सेवा ट्रस्ट व युवक मंगल दल मठिया श्रीराम के तत्वावधान में बाबा के वन स्थित हनुमान मंदिर परिसर में ज्येष्ठ माह के छठवें बड़े मंगल पर संगीतमय सुंदरकांड पाठ व महाभंडारे का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने सहभाग किया तथा प्रसाद ग्रहण किया। पूरे दिन मंदिर परिसर भक्तिमय माहौल से सराबोर रहा।

कार्यक्रम का शुभारंभ आचार्य चंद्रमोहन शुक्ल ने संगीतमय सुंदरकांड पाठ से किया। सुंदरकांड के पाठ के दौरान श्रद्धालु भक्ति में लीन रहे। भजन-कीर्तन व जयकारों से पूरा मंदिर परिसर गुंजायमान रहा। श्रद्धालुओं की सुविधा को देखते हुए मार्ग से गुजरने वाले राहगीरों के लिए शीतल शर्बत व पेयजल की व्यवस्था भी की गई थी। दोपहर दो बजे से महाभंडारा प्रारंभ हुआ, जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया।

# लोक कल्याण मेले का हुआ आयोजन

स्वतंत्र भारत ब्यूरो

**कुशीनगर।** 1 जून से 30 जून तक लगातार चलेगा मेला; डिजिटल लेन-देन का भी दिया जा रहा प्रशिक्षण। प्रथम चरण का लाभ ले चुके वेंडर्स की सामाजिक सुरक्षा के लिए हो रही है वेंडर्स प्रोफाइलिंग। जनपद कुशीनगर में प्रधानमंत्री स्वनिधि योजना के लाभार्थियों को लाभान्वित करने के उद्देश्य से एक वृहद अभियान चलाया जा रहा है। इसके अंतर्गत जनपद के समस्त नगर निकायों में लोक कल्याण मेले का आयोजन किया जा रहा है। इस मेले का मुख्य उद्देश्य शहरी पथ विक्रेताओं (रेहड़ी-पटरी दुकानदारों) को समाज की मुख्य धारा से जोड़ना तथा उन्हें आर्थिक रूप से सशक्त व स्वावलंबी बनाना है। इस मेले के तहत जनपद के सभी नगरीय क्षेत्रों में ठेला, खोमचा और रेहड़ी-पटरी लगाने वाले दुकानदारों को बैंकों के माध्यम से बिना किसी गारंटी के 15,000 से लेकर 50,000 तक का ऋण और ब्याज सब्सिडी उपलब्ध कराई जा रही है। सामाजिक सुरक्षा और डिजिटल सशक्तिकरण पर विशेष जोर मेले में केवल ऋण ही नहीं, बल्कि वेंडर्स के समग्र विकास पर भी ध्यान दिया जा रहा है। वेंडर्स प्रोफाइलिंग- ऐसे लाभार्थी जिन्हें प्रथम चरण का ऋण प्राप्त हो चुका है, उनके सामाजिक उत्थान और सुरक्षा के लिए संबंधित नगर निकायों द्वारा वेंडर्स प्रोफाइलिंग का कार्य किया जा रहा है।

डिजिटल साक्षरता- शहरी पथ विक्रेताओं को आधुनिक युग के साथ जोड़ने के लिए डिजिटल लेन-देन का विशेष प्रशिक्षण दिया जा रहा है।

# अंतिम दिन 4,445 अभ्यर्थियों ने दी परीक्षा

स्वतंत्र भारत ब्यूरो

**महाराजगंज।** उत्तर प्रदेश पुलिस भर्ती एवं प्रोन्नति बोर्ड द्वारा आरक्षी नागरिक पुलिस एवं समकक्ष पदों पर सीधी भर्ती-2025 के लिए आयोजित लिखित परीक्षा के तीसरे दिन बुधवार को प्रथम पाली की परीक्षा जनपद के 13 परीक्षा केंद्रों पर कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच शांतिपूर्ण एवं पारदर्शी ढंग से संपन्न हुई।

प्रथम पाली में निर्धारित 5760 अभ्यर्थियों में से 4445 अभ्यर्थी परीक्षा में शामिल हुए, जबकि 1315 अभ्यर्थी अनुपस्थित रहे। परीक्षा को सकुशल, निष्पक्ष और पारदर्शी ढंग से संपन्न कराने के लिए प्रशासन और पुलिस विभाग पूरी तरह सतर्क रहा।

जिलाधिकारी गौरव सिंह सोगरवाल एवं पुलिस अधीक्षक शक्ति मोहन अवस्थी ने विभिन्न परीक्षा केंद्रों का संयुक्त निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया



तथा संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। अधिकारियों ने परीक्षा केंद्रों पर सुरक्षा व्यवस्था, अभ्यर्थियों की जांच प्रक्रिया तथा अन्य व्यवस्थाओं का निरीक्षण किया।

परीक्षा की निगरानी के लिए जनपद में 554 पुलिसकर्मियों की तैनाती की गई थी। परीक्षा केंद्रों पर प्रवेश से पूर्व अभ्यर्थियों की सघन जांच एवं फ्रिस्किंग कराई गई। सभी केंद्रों पर सीसीटीवी कैमरों के माध्यम से निगरानी की गई तथा केंद्र प्रभारी पुलिस अधिकारियों की तैनाती सुनिश्चित की गई।

इसके अतिरिक्त सेक्टर मजिस्ट्रेटों और पुलिस अधिकारियों की संयुक्त निगरानी में परीक्षा प्रक्रिया को पूरी तरह सुरक्षित एवं पारदर्शी बनाए रखा गया। प्रशासन के अनुसार परीक्षा शांतिपूर्ण वातावरण में संपन्न हुई और कहीं से किसी प्रकार की गड़बड़ी की सूचना प्राप्त नहीं हुई।

# फ्रंट कार्यालय के विरोध में प्रदर्शन

स्वतंत्र भारत ब्यूरो

**महाराजगंज।** उप निबंधन कार्यालय सदर में फ्रंट कार्यालय खोले जाने के शासनादेश के विरोध में बुधवार को दूसरे दिन भी अधिवक्ता, दस्तावेज लेखक, स्टांप वेंडर, ई-स्टांप संचालक, फोटोकॉपी व्यवसायी तथा ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन कार्य से जुड़े लोग हड़ताल पर बैठे रहे। विरोध स्वरूप तहसील परिसर में प्रदर्शन कर शासन के निर्णय के खिलाफ नारेबाजी की गई।

अधिवक्ताओं का कहना है कि उप निबंधन कार्यालय के स्थान पर फ्रंट कार्यालय स्थापित किए जाने से अधिवक्ताओं, दस्तावेज लेखकों एवं अन्य संबंधित लोगों के रोजगार पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ेगा। साथ ही आम जनता पर भी अतिरिक्त आर्थिक बोझ बढ़ने की आशंका है।

बार एसोसिएशन के अध्यक्ष प्रेम प्रकाश शुक्ला, लेखक संघ के अध्यक्ष चंद्रभान विश्वकर्मा तथा ई-



स्टांप संचालक शेषमणि गुप्ता ने आंदोलन का समर्थन करते हुए कहा कि सरकार को इस निर्णय पर पुनर्विचार करना चाहिए।

प्रदर्शन के दौरान अधिवक्ताओं और दस्तावेज लेखकों ने शासन के आदेश की निंदा करते हुए इसे आजीविका के लिए नुकसानदायक बताया। उन्होंने चेतावनी दी कि मांगें पूरी नहीं होने पर आंदोलन को और व्यापक रूप दिया जाएगा।

इस अवसर पर चंद्रभान विश्वकर्मा, शेषमणि गुप्ता, रमेश सिंह, अशोक कुमार, रिगेश गुप्ता, बृजेश्वर लाल शर्मा, विक्रम सिंह, बृजेश श्रीवास्तव, रमेश यादव, आशुतोष सिंह, संदीप मिश्रा, आदेश पटेल, आफताब खान, अभिषेक श्रीवास्तव, श्याम बिहारी, आलोक मिश्रा, कुलदीप मणि त्रिपाठी, रवि तिवारी, प्रमोद प्रजापति, संजय तिवारी, नागेंद्र साहनी सहित बड़ी संख्या में अधिवक्ता, दस्तावेज लेखक एवं अन्य लोग मौजूद रहे।

## ईवीएम व वीवीपैट गोदाम का डीएम ने किया निरीक्षण

**कुशीनगर।** जिला निर्वाचन अधिकारी/जिलाधिकारी महेंद्र सिंह तंवर द्वारा आज राजनीतिक दलों के प्रतिनिधि गणो के साथ निर्वाचन कार्यालय परिसर स्थित ईवीएम एवं वीवीपैट गोदाम का स्थलीय निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान गोदाम में रखी इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीनों (ईवीएम) एवं वीवीपैट मशीनों की सुरक्षा व्यवस्था, सीसीटीवी निगरानी प्रणाली, सीलिंग प्रक्रिया तथा अभिलेखों के रख-रखाव की गहन समीक्षा की गई। निरीक्षण के समय भारत निर्वाचन आयोग द्वारा निर्धारित दिशा-निर्देशों एवं सुरक्षा मानकों के अनुरूप व्यवस्थाओं की स्थिति का परीक्षण किया गया। जिलाधिकारी ने गोदाम में स्थापित सीसीटीवी कैमरों की कार्यशीलता, रिकॉर्डिंग व्यवस्था, प्रवेश एवं निकास नियंत्रण प्रणाली, डबल लॉक व्यवस्था, सील की स्थिति तथा अभिलेखों के नियमित संधारण की विस्तारपूर्वक जानकारी प्राप्त की।

# मुंडेरी में 80 लाख की लागत से बनेगी सड़क

स्वतंत्र भारत ब्यूरो

**महाराजगंज।** सदर विधानसभा क्षेत्र के विकास खंड सिसवा अंतर्गत मुंडेरी गांव में हिरना नाला पुल से मुंडेरी गांव तक राज्य सड़क योजना के तहत बनने वाली बहुप्रतीक्षित सड़क का बुधवार को विधिवत शुभारंभ किया गया। लगभग एक किलोमीटर लंबी इस सड़क के निर्माण पर 80 लाख 19 हजार रुपये की लागत आएगी। सदर



विधायक जय मंगल कन्नौजिया ने पूजन-अर्चन एवं नारियल फोड़कर निर्माण कार्य की आधारशिला रखी। सड़क निर्माण की स्वीकृति और कार्यारंभ से क्षेत्रीय लोगों में उत्साह का माहौल है। ग्रामीण लंबे समय से इस सड़क के निर्माण की मांग कर रहे थे। सड़क बनने से गांव के लोगों को बेहतर आवागमन सुविधा मिलेगी तथा क्षेत्र के विकास को नई गति प्राप्त होगी।

विधायक जय मंगल कन्नौजिया ने कहा कि पूर्व की गैर-भाजपाई सरकारों और वर्तमान भाजपा सरकार की कार्यशैली में स्पष्ट अंतर दिखाई देता है। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार ÷सबका साथ, सबका विकास और सबका विश्वास÷ के मंत्र के साथ कार्य करते हुए समाज के अंतिम व्यक्ति तक विकास की योजनाओं का लाभ पहुंचा रही है।

उन्होंने कहा कि प्रदेश में कानून व्यवस्था की स्थिति में व्यापक सुधार हुआ है। अपराध और भ्रष्टाचार पर प्रभावी नियंत्रण स्थापित होने से आम नागरिक स्वयं को अधिक सुरक्षित महसूस कर रहा है। बेहतर कानून व्यवस्था के चलते निवेश बढ़ा है, रोजगार के अवसर सृजित हुए हैं और प्रदेश की आर्थिक गतिविधियों को नई दिशा मिली है।

विधायक ने कहा कि मुंडेरी सड़क निर्माण परियोजना भी इसी विकास यात्रा का महत्वपूर्ण हिस्सा है।

सड़क बनने के बाद किसानों को अपनी उपज बाजार तक पहुंचाने में आसानी होगी, विद्यार्थियों की शैक्षणिक संस्थानों तक पहुंच बेहतर होगी तथा स्वास्थ्य सेवाओं का लाभ लेने में भी लोगों को सुविधा मिलेगी।

कार्यक्रम में प्रमुख प्रतिनिधि ओम प्रकाश जायसवाल, चेयरमैन संतोष जायसवाल, मंडल अध्यक्ष हेमंत गुप्ता, मंडल उपाध्यक्ष मनोज जायसवाल, पूर्व मंडल अध्यक्ष रंजीत सिंह, राधेश्याम गुप्ता, गुड्डू सिंह, मानसिंह गुप्ता, प्रधान कन्हैया प्रसाद, भगवंत पटेल, अवर अभियंता सतीश तिवारी, संदीप तिवारी, प्रिंस जायसवाल, संजय जायसवाल सहित बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता एवं स्थानीय ग्रामीण उपस्थित रहे।

# संभावित बाढ़ क्षेत्रों का डीएम व एसपी ने लिया जायजा

स्वतंत्र भारत ब्यूरो

**महाराजगंज।** जनपद में आगामी वर्षा ऋतु एवं संभावित बाढ़ की स्थिति को देखते हुए प्रशासन पूरी तरह सतर्क हो गया है। इसी क्रम में बुधवार को जिलाधिकारी गौरव सिंह सोगरवाल एवं पुलिस अधीक्षक शक्ति मोहन अवस्थी ने संयुक्त रूप से बाढ़ प्रभावित एवं अति संवेदनशील क्षेत्रों का स्थलीय निरीक्षण कर तैयारियों की समीक्षा की।

निरीक्षण के दौरान अधिकारियों ने थाना बरगदवा क्षेत्र स्थित महाव नाला, थाना ठूठीबारी क्षेत्र में चंदन नदी पुल तथा भारत-नेपाल अंतरराष्ट्रीय सीमा क्षेत्र का भ्रमण किया। इस दौरान उन्होंने जल निकासी व्यवस्था, तटबंधों की स्थिति, बाढ़ नियंत्रण उपायों तथा राहत एवं बचाव कार्यों के लिए की गई तैयारियों का गहनता से अवलोकन किया।

अधिकारियों ने संबंधित विभागों के कर्मचारियों एवं अधिकारियों को निर्देश दिया कि संभावित बाढ़ की चुनौती से निपटने के लिए सभी आवश्यक संसाधन,



उपकरण और मानवबल समय से उपलब्ध रखे जाएं। उन्होंने कहा कि संवेदनशील क्षेत्रों की नियमित निगरानी की जाए तथा किसी भी प्रकार की आपात स्थिति से निपटने के लिए त्वरित कार्ययोजना तैयार रखी जाए।

निरीक्षण के दौरान नावों की उपलब्धता, राहत सामग्री के भंडारण, सुरक्षित स्थानों की पहचान तथा प्रभावित लोगों के संभावित विस्थापन की व्यवस्था पर भी विशेष चर्चा की गई। अधिकारियों ने निर्देश दिया कि राहत एवं बचाव कार्यों में किसी प्रकार की शिथिलता न बरती जाए और सभी विभाग आपसी समन्वय के साथ कार्य करें।

भारत-नेपाल सीमा क्षेत्र के निरीक्षण के दौरान अधिकारियों ने सीमा से सटे गांवों की स्थिति की जानकारी प्राप्त की। उन्होंने स्थानीय परिस्थितियों का जायजा लेते हुए निर्देश दिया कि बाढ़ की स्थिति उत्पन्न होने पर ग्रामीणों की सुरक्षा, आवागमन एवं आवश्यक सेवाओं को बाधित न होने दिया जाए। साथ ही सीमा क्षेत्र में रहने वाले लोगों को समय-समय पर आवश्यक सूचनाएं उपलब्ध कराने तथा उन्हें सतर्क रखने के निर्देश भी दिए गए।

जिलाधिकारी एवं पुलिस अधीक्षक ने स्पष्ट किया कि जनपद प्रशासन संभावित बाढ़ से निपटने के लिए पूरी तरह तैयार है। उन्होंने पुलिस एवं प्रशासनिक अधिकारियों को निरंतर सतर्क रहने, समन्वय बनाए रखने तथा किसी भी आपदा की स्थिति में तत्काल राहत एवं बचाव कार्य शुरू करने के निर्देश दिए, ताकि जनहानि एवं संपत्ति के नुकसान को न्यूनतम किया जा सके।

पुलिस आरक्षी भर्ती परीक्षा

# तीन दिनों में ३०,९६३ अभ्यर्थी अनुपस्थित

**स्वतंत्र भारत ब्यूरो**

**गोरखपुर।** जनपद में आयोजित उत्तर प्रदेश पुलिस आरक्षी भर्ती परीक्षा कड़ी सुरक्षा और सख्त निगरानी के बीच सकुशल संपन्न हो गई। 8 जून से 10 जून तक तीन दिनों में कुल 6 पालियों में आयोजित संख्या में अनुपस्थिति ने प्रशासन का ध्यान जरूर खींचा है, हालांकि परीक्षा की व्यवस्था और संचालन पूरी तरह व्यवस्थित रहा।

जनपद में इस परीक्षा के लिए कुल 44 केंद्र बनाए गए थे, जहां प्रत्येक पाली में 19,464 अभ्यर्थियों के बैठने की व्यवस्था की गई थी। परीक्षा केंद्रों पर सघन चेकिंग, सीसीटीवी निगरानी, बायोमेट्रिक सत्यापन और भारी पुलिस बल की तैनाती की गई थी। अभ्यर्थियों को समय से पहले केंद्र पहुंचने के निर्देश दिए गए थे, वहीं यातायात को सुचारू बनाए रखने के लिए विशेष ट्रैफिक प्लान भी लागू रहा।



इस परीक्षा में जहां प्रशासन ने निष्पक्षता सुनिश्चित करने के लिए व्यापक इंतजाम किए, वहीं बड़ी संख्या में अभ्यर्थियों की अनुपस्थिति भी चर्चा का विषय रही।

आंकड़ों के अनुसार, तीन दिनों में कुल 1,16,784 अभ्यर्थियों को परीक्षा में शामिल होना था, लेकिन 30,963 अभ्यर्थियों ने परीक्षा छोड़ दी। पहले दो दिनों में ही 20,921 अभ्यर्थी अनुपस्थित रहे थे, जबकि तीसरे और अंतिम दिन भी 10,042 अभ्यर्थियों ने परीक्षा नहीं दी।

तीसरे दिन की बात करें तो प्रथम पाली में 19,464 में से 14,411 अभ्यर्थी उपस्थित हुए, जबकि 5,053 अनुपस्थित रहे। वहीं द्वितीय पाली में 19,464 में से 14,477 अभ्यर्थी परीक्षा में शामिल हुए, जबकि 4,989 अभ्यर्थी अनुपस्थित रहे। इस तरह अंतिम दिन कुल 10,042 अभ्यर्थियों की अनुपस्थिति दर्ज की गई। इससे पहले पहले दिन 10,691 और दूसरे दिन 10,230 अभ्यर्थी अनुपस्थित रहे थे। लगातार तीन दिनों तक बड़ी

परीक्षा के दौरान डीआईजी एस. चन्नप्पा, मंडलायुक्त अनिल ढींगरा, जिलाधिकारी दीपक मीणा, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक डॉ. कौस्तुभ, एडीएम सिटी गजेंद्र कुमार और एसपी सिटी निमिष पाटिल सहित तमाम वरिष्ठ अधिकारियों ने विभिन्न केंद्रों का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया और आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। प्रशासन ने स्पष्ट किया कि परीक्षा को पूरी पारदर्शिता, निष्पक्षता और कड़ाई के साथ संपन्न कराया गया। तीनों दिनों में परीक्षा शांतिपूर्ण माहौल में संपन्न हुई और कहीं से भी किसी प्रकार की अव्यवस्था या गड़बड़ी की सूचना नहीं मिली।

## मुहर्रम जुलूस मार्ग की जर्जर विद्युत व्यवस्था बनेगी बड़ी समस्या : इरफान

**गोरखपुर।** समाजवादी पार्टी के वरिष्ठ नेता इरफान घोसी ने इमामचौक मुतवल्ली एक्शन कमेटी की 7 जून को आयोजित बैठक की सफलता पर कमेटी के संरक्षक खैरूल बशर, कन्वीनर हाजी कलीम अहमद फरजंद, अध्यक्ष अब्दुल्लाह, उपाध्यक्ष मिस्बाहुददीन सिद्दीकी मिस्वा भाई, कोषाध्यक्ष शकील अहमद अंसारी, महासचिव नबीउल्लाह अंसारी तथा वरिष्ठ पत्रकार मुर्तजा हुसैन रहमानी को मुबारकबाद दी है। उन्होंने कहा कि कमेटी द्वारा मुहर्रम के मद्देनजर जनहित और धार्मिक व्यवस्थाओं से जुड़े मुद्दों को गंभीरता से उठाया जाना सराहनीय पहल है। इरफान घोसी ने जिला प्रशासन एवं संबंधित विभागों का ध्यान आकर्षित करते हुए मांग की कि मुहर्रम जुलूस मार्ग पर मौजूद समस्याओं का तत्काल समाधान कराया जाए। उन्होंने बताया कि मेडिकल कॉलेज के सामने फतेहपुर चौराहे से मेडिकल कॉलेज रोड तक बड़ी संख्या में बिजली के तार अत्यंत नीचे एवं अव्यवस्थित स्थिति में हैं।

# पेट्रोल पंप पर तेल भराकर बदमाश फरार

**स्वतंत्र भारत ब्यूरो**

**गोरखपुर।** जनपद में कानून-व्यवस्था को लेकर पुलिस की सक्रियता का एक अहम उदाहरण उस समय देखने को मिला, जब जनता दर्शन के दौरान एक पीड़ित की शिकायत पर वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक (एसएसपी) डॉ. कौस्तुभ ने त्वरित और सख्त कार्रवाई करते हुए लापरवाह पुलिसकर्मी को लाइन हाजिर कर दिया। इस कार्रवाई से न सिर्फ पीड़ित को राहत मिली, बल्कि आम जनता के बीच पुलिस के प्रति भरोसा भी मजबूत हुआ है।

मामला स्थानीय थाना बड़हलगंज क्षेत्र के नेवादा स्थित मंजू शाही के पेट्रोल पंप का है। जानकारी के अनुसार, कुछ मनबढ़ युवक बलेनो (क्क्ष्ष्द्दठ्ठश्) कार से पेट्रोल पंप पर पहुंचे। उन्होंने अपनी गाड़ी की नंबर प्लेट पर कपड़ा बांध रखा था, जिससे उनकी पहचान छिपी रहे। बदमाशों ने पंप कर्मियों को धमकाते हुए 3999 रुपये का पेट्रोल भरवाया और बिना भुगतान किए मौके से फरार हो गए। पूरी घटना पंप पर लगे सीसीटीवी कैमरों में कैद हो गई, जिसमें स्पष्ट रूप से देखा जा सकता है कि बदमाशों ने जानबूझकर नंबर प्लेट को ढका हुआ था। इतना ही नहीं, पेट्रोल पंप से कुछ दूरी पर उक्त बलेनो कार एक ट्रक से टकरा गई, जिसके बाद वाहन का नंबर छरु3छष्ट 5584 सामने आया। इसके बावजूद स्थानीय स्तर पर अपेक्षित कार्रवाई नहीं की गई।

पीड़ित का आरोप है कि मामले की सूचना देने के बाद भी बड़हलगंज थाने में तैनात उप निरीक्षक विनय पांडेय ने गंभीरता नहीं दिखाई और कार्रवाई करने के बजाय पीड़ित पंप मालिक को ही इधर-उधर दौड़ाया जाने लगा। इससे आहत होकर पीड़ित ने न्याय की गुहार लगाने के लिए जनता दर्शन का रुख किया।

जनता दर्शन में एसएसपी डॉ. कौस्तुभ ने स्वयं पीड़ित की बात गंभीरता से सुनी। मामले की संवेदनशीलता को देखते हुए उन्होंने तत्काल संबंधित इंस्पेक्टर और क्षेत्राधिकारी (सीओ) से फोन पर



वार्ता की, लेकिन जब उन्हें संतोषजनक जवाब नहीं मिला, तो उन्होंने कड़ा रुख अपनाते हुए लापरवाही बरतने वाले उप निरीक्षक विनय पांडेय को तत्काल प्रभाव से लाइन हाजिर करने का आदेश जारी कर दिया। एसएसपी की इस त्वरित और निष्पक्ष कार्रवाई से पीड़ित पंप मालिक समेत अन्य उपस्थित लोगों के चेहरे पर संतोष साफ झलकने लगा। पीड़ित ने एसएसपी का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि उन्हें न्याय मिलने की उम्मीद जगी है। वहीं, इस कार्रवाई के बाद पुलिस महकमे में भी स्पष्ट संदेश गया है कि लापरवाही या शिकायतों की अनदेखी किसी भी स्तर पर बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

स्थानीय लोगों का कहना है कि इस तरह की सख्त और समयबद्ध कार्रवाई से पुलिस के प्रति जनता का विश्वास और मजबूत होता है। जनता दर्शन जैसे मंच पर सीधे अधिकारियों द्वारा सुनवाई और त्वरित निर्णय लेने की प्रक्रिया आम लोगों को न्याय के प्रति आश्वस्त करती है। गोरखपुर पुलिस की यह पहल यह दर्शाती है कि जनसमस्याओं के समाधान के लिए प्रशासन पूरी तरह प्रतिबद्ध है और दोषियों के खिलाफ कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी।

## जमीन दिलाने के नाम पर धोखाधड़ी, मुकदमा

**गोला।** गोला थाना क्षेत्र के मिश्रौलिया गांव निवासी तथा सेना में तैनात एक जवान की तहरीर पर पुलिस ने जमीन दिलाने के नाम पर तीन लाख रुपये लेने, धोखाधड़ी करने और धमकी देने के आरोप में एक व्यक्ति के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है। पीड़ित सुनील कुमार मिश्रा ने पुलिस को दी गई तहरीर में बताया कि उन्हें लखनऊ-फैजाबाद रोड पर आवास निर्माण के लिए जमीन की आवश्यकता थी। इसके लिए उन्होंने अपने परिचित एवं जमीन की खरीद-फरोख्त का कार्य करने वाले मनीष कुमार चतुर्वेदी निवासी प्रतापीपुर, थाना उरुवा बाजार से संपर्क किया। मनीष कुमार ने लखनऊ में जमीन दिखाकर सौदा तय कराया और बयाना के रूप में रुपये मांगे। विश्वास में आकर सुनील मिश्रा ने बीते अप्रैल से जून के बीच विभिन्न माध्यमों से कुल तीन लाख रुपये मनीष कुमार के खाते में भेज दिए। पीड़ित का आरोप है कि रुपये लेने के बाद जब रजिस्ट्री की बात की गई तो आरोपी ने बताया कि उक्त स्थान पर जमीन उपलब्ध नहीं है।

# एसडीएम बने अधिकारियों ने डीएम से की भेंट

**स्वतंत्र भारत ब्यूरो**

**गोरखपुर।** प्रशासनिक दक्षता को और मजबूत करने के उद्देश्य से तहसीलदार पद से पदोन्नत होकर उप जिलाधिकारी (एसडीएम) बने अधिकारियों के लिए विशेष प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इसी क्रम में 20 नवपदोन्नत उप जिलाधिकारियों को तीन दिनों के विशेष मॉड्यूल के तहत 8 से 10 जून तक गोरखपुर भेजा गया, जहां एडीएम सिटी गजेंद्र कुमार के नेतृत्व में उन्हें व्यावहारिक और क्षेत्रीय प्रशासन से जुड़ी बारीकियों का प्रशिक्षण दिया गया।

जानकारी के अनुसार, ये सभी अधिकारी 1 मई से लखनऊ में आयोजित मुख्य प्रशिक्षण कार्यक्रम में भाग ले रहे हैं, जो 12 जून तक चलेगा। इसी प्रशिक्षण के अंतर्गत फील्ड एक्सपोजर और व्यवहारिक समझ विकसित करने के उद्देश्य से इन्हें अलग-अलग जनपदों में अल्पकालिक प्रशिक्षण के लिए भेजा गया, जिसके तहत गोरखपुर में तीन दिवसीय सत्र आयोजित हुआ।

गोरखपुर पहुंचने पर सभी उप जिलाधिकारियों ने जिलाधिकारी दीपक मीणा से शिष्टाचार मुलाकात की। इस दौरान डीएम ने सभी अधिकारियों का स्वागत करते हुए उन्हें स्मृति चिन्ह सप्रेम भेंट किया और नई जिम्मेदारियों के लिए शुभकामनाएं दीं। उन्होंने कहा कि एसडीएम प्रशासन की एक अहम कड़ी होते हैं और उनकी कार्यशैली का सीधा प्रभाव आम जनता पर पड़ता है। ऐसे में निष्पक्षता, पारदर्शिता और संवेदनशीलता के साथ कार्य करना अत्यंत आवश्यक है।

तीन दिवसीय प्रशिक्षण के दौरान एडीएम सिटी गजेंद्र कुमार ने अधिकारियों को राजस्व प्रशासन, कानून-व्यवस्था, जनसुनवाई, आपदा प्रबंधन, अतिक्रमण हटाने की प्रक्रिया, भूमि विवादों के निस्तारण और शासन की योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर विस्तृत



जानकारी दी। उन्होंने फील्ड में आने वाली वास्तविक चुनौतियों और उनके समाधान के व्यावहारिक तरीके भी साझा किए। एडीएम सिटी गजेंद्र कुमार ने कहा कि प्रशासन की सफलता का पैमाना जनता की संतुष्टि है, इसलिए हर अधिकारी को जवाबदेह और सक्रिय रहना होगा।

प्रशिक्षण के समापन पर अधिकारियों ने इसे अत्यंत उपयोगी बताया और कहा कि इससे उन्हें फील्ड में कार्य करने के लिए बेहतर समझ और आत्मविश्वास मिला है। अब वे लखनऊ में चल रहे मुख्य प्रशिक्षण सत्र में लौटकर 12 जून तक शेष प्रशिक्षण प्राप्त करेंगे।

कुल मिलाकर, गोरखपुर में आयोजित यह तीन दिवसीय विशेष प्रशिक्षण कार्यक्रम प्रशासनिक क्षमता निर्माण की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम साबित हुआ है, जो भविष्य में जनसेवा को और अधिक प्रभावी, पारदर्शी और जवाबदेह बनाने में सहायक होगा।

# युवक समेत तीन पर केस

**स्वतंत्र भारत ब्यूरो**

**गोला।** गोला थाना क्षेत्र की एक युवती की तहरीर पर पुलिस ने शादी का झांसा देकर शारीरिक शोषण, धोखाधड़ी तथा जान से मारने की धमकी देने के आरोप में तीन लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है।

पीड़िता ने पुलिस को दी गई तहरीर में आरोप लगाया है कि करीब चार-पांच वर्ष पूर्व उसका विवाह युसुफ उर्फ राज पुत्र सलीम उर्फ गुड्डू के साथ तय हुआ था। दोनों परिवारों के बीच लगातार आना-जाना था। इसी दौरान युसुफ उर्फ राज ने शादी का भरोसा देकर कई बार उसे अपने साथ घुमाने ले गया और उसके साथ शारीरिक संबंध बनाए। विरोध करने पर वह जल्द शादी होने की बात कहकर भरोसा दिलाता रहा। पीड़िता के अनुसार पिछले कुछ महीनों से युसुफ और उसके परिवार का व्यवहार बदल गया। जब उसके परिजनों ने विवाह के संबंध में बात की तो उन्हें संतोषजनक जवाब नहीं मिला। आरोप है कि बीते 3 अप्रैल को युसुफ ने फोन कर विवाह करने से साफ इंकार कर दिया और दोबारा उसके घर न आने की चेतावनी देते हुए पूरे परिवार को जान से मारने की धमकी दी। तहरीर में यह भी आरोप लगाया गया है कि विवाह तय होने की जानकारी दोनों परिवारों के अलावा रिश्तेदारों और गांव के लोगों को भी थी। ऐसे में विवाह से इंकार किए जाने के कारण युवती और उसके परिवार को सामाजिक, मानसिक तथा भावनात्मक क्षति पहुंची है। पीड़िता ने आरोप लगाया कि उसके साथ पूर्व नियोजित तरीके से धोखाधड़ी कर शोषण किया गया। वहीं इस मामले में गोला पुलिस ने युसुफ उर्फ राज, उसकी माता शबनम तथा पिता सलीम उर्फ गुड्डू के खिलाफ बीएनएस की धारा 74, 351(3) एवं 61(2) के तहत मुकदमा दर्ज कर लिया है। थाना प्रभारी सीपी पांडेय ने बताया कि तहरीर के मुताबिक मुकदमा दर्ज किया गया है।

# विशाल भंडारे का हुआ आयोजन

**स्वतंत्र भारत ब्यूरो**

**बड़हलगंज।** ज्येष्ठ माह के छठे बड़े मंगलवार को राम जानकी मंदिर प्रांगण में हनुमान भक्तों द्वारा एक विशाल भंडारे का आयोजन किया गया। यह आयोजन आपसी सहयोग से संपन्न हुआ। सैकड़ों भक्तों ने प्रसाद ग्रहण किया। पूर्व विधायक चिल्लूपार विनय शंकर तिवारी ने भक्तों के बीच प्रसाद वितरण किया। मंगलवार के पावन अवसर पर पूर्व विधायक विनय शंकर तिवारी, पूर्व चेयरमैन प्रतिनिधि बीरू सोनकर, व्यापारी नेता अशोक जायसवाल के द्वारा विधि-विधान से हनुमान जी की पूजा-अर्चना की गई। बजरंगबली को सिंदूर, चोला, लड्डू और तुलसी अर्पित की गई। इस दौरान घंटियों और हनुमान चालीसा के स्वरों से पूरा क्षेत्र गूंज उठा।

पूजा संपन्न होने के बाद भंडारे का वितरण शुरू हुआ। भक्तों ने मिलकर खीर, पूड़ी, सब्जी, चावल और हलवे का प्रसाद सैकड़ों श्रद्धालुओं ने पंक्तिबद्ध होकर ग्रहण किया। इस दौरान लोगों ने अपने परिवार की सुख-समृद्धि और मनोकामनाओं की पूर्ति के लिए



प्रार्थना की। भंडारे में किसी भी प्रकार का जातिगत भेद नहीं देखा गया, सभी ने एक साथ प्रसाद ग्रहण किया।

इस आयोजन में बीरू सोनकर, अशोक जायसवाल, प्रभुनाथसोनी सहित कई युवाओं ने सक्रिय रूप से भाग लिया। उन्होंने भोजन परोसने, साफ-सफाई बनाए रखने और पूरी व्यवस्था संभालने में महत्वपूर्ण भूमिका अदा किया। इस अवसर पर अजय दूबे, भुवनेश्वर चतुर्वेदी, अरुण तिवारी, गौरव दूबे, लल्लन तिवारी, तामेश्वर वर्मा, मदन लाल सोनी, डा परमहंस सिंह, अमित मद्धेशिया, राजन प्रजापति, सदानंद तिवार, बबलू सिंधी, वीरेन्द्र एडवोकेट, बिरजू सोनकर, लल्लू सोनकर, सुनील सोनकर, विजय निगम आदि सहित तमाम हनुमंत भक्त उपस्थित रहे।

# हत्या के प्रयास में २ आरोपी गिरफ्तार

**स्वतंत्र भारत ब्यूरो**

**गोरखपुर।** खोराबार थाना क्षेत्र में हत्या के प्रयास के मामले में पुलिस ने दो अभियुक्तों को गिरफ्तार कर लिया है। आरोपियों के कब्जे से घटना में प्रयुक्त लोहे का रॉड भी बरामद किया गया है। पुलिस ने दोनों के खिलाफ विधिक कार्रवाई शुरू कर दी है।

गिरफ्तार अभियुक्तों की पहचान मनी साहनी पुत्र राधेश्याम और निखिल पुत्र राजेश, दोनों निवासी खोराबार थाना क्षेत्र, जनपद गोरखपुर के रूप में हुई है। यह कार्रवाई थाना खोराबार में दर्ज मुकदमा संख्या 260/2026 से संबंधित है, जिसमें भारतीय न्याय संहिता (भा.न्या.सं.) की धारा 109(1), 115(2), 126(2) और 352 के तहत मामला दर्ज किया गया है।

पुलिस के अनुसार, 9 जून 2026 को वादी के भाई के साथ आरोपियों ने पहले गाली-गलौज की और फिर जान से मारने की नीयत से लोहे के रॉड से हमला कर दिया। हमले में पीड़ित को गंभीर चोटें आईं। घटना के बाद पीड़ित पक्ष की तहरीर पर थाना खोराबार में मुकदमा दर्ज किया गया।

मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए दोनों आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया। पूछताछ के दौरान आरोपियों की निशानदेही पर घटना में प्रयुक्त लोहे का रॉड भी बरामद कर लिया गया है।

पुलिस के अनुसार, अभियुक्त मनी साहनी के खिलाफ पूर्व में भी एक अन्य मुकदमा दर्ज है, जिससे उसके आपराधिक प्रवृत्ति का संकेत मिलता है। वहीं दूसरे आरोपी निखिल के खिलाफ भी इसी मामले में कार्रवाई की गई है।

## नवनिर्मित मकान के सामने खड़ी बाइक चोरी

**गोला।** गोला थाना क्षेत्र के ग्राम रेमा निवासी एक व्यक्ति की खड़ी बाइक अज्ञात चोरों द्वारा चोरी कर ली गई। पीड़ित की तहरीर पर पुलिस मामले की जांच में जुट गई है। प्राप्त जानकारी के अनुसार ग्राम रेमा निवासी राजकुमार यादव पुत्र रामानंद यादव ने पुलिस को दी गई तहरीर में बताया है कि उन्होंने 5 जून 2026 को बर्राह चौराहे से लगभग 200 मीटर उत्तर दिशा में अपनी दोपहिया वाहन संख्या क्क 52 ँ 9023 खड़ी की थी। उस समय वह मकान पर छत का कार्य करा रहे थे और देर रात करीब एक बजे तक जाग रहे थे। इसके बाद वह सो गए। पीड़ित के अनुसार सुबह करीब 5.30 बजे उठकर देखा तो उनकी बाइक वहां से गायब थी। काफी खोजबीन के बाद भी वाहन का कोई पता नहीं चला। तब उन्हें एहसास हुआ कि अज्ञात चोर उनकी बाइक चोरी कर ले गए हैं। पीड़ित ने थाना गोला में तहरीर देकर वाहन बरामद करने एवं दोषियों के विरुद्ध कानूनी कार्रवाई की मांग की है।

## जमीन विवाद में हत्या के प्रयास का आरोपी गिरफ्तार

**गोरखपुर।** पीपीगंज थाना क्षेत्र में जमीन विवाद को लेकर हुए जानलेवा हमले के मामले में पुलिस ने एक अभियुक्त को गिरफ्तार कर लिया है। आरोपी की पहचान जयहिन्द पुत्र स्वर्गीय जगरोपन, निवासी जिन्दापुर थाना पीपीगंज जनपद गोरखपुर के रूप में हुई है। पुलिस ने उसे गिरफ्तार कर आगे की विधिक कार्रवाई शुरू कर दी है। पुलिस के अनुसार, यह कार्रवाई अपराधियों की गिरफ्तारी के लिए चलाए जा रहे अभियान के तहत की गई। मामला थाना पीपीगंज में दर्ज मुकदमा संख्या 198/2026 से संबंधित है, जिसमें भारतीय न्याय संहिता (भा.न्या.सं.) की धारा 118(2), 115(2), 351(3), 191(2), 191(3) और 109 के तहत केस पंजीकृत किया गया है।

घटना का विवरण देते हुए पुलिस ने बताया कि 5 जून 2026 को जमीन विवाद के चलते अभियुक्त और उसके साथियों ने वादिनी और उसके परिवार पर हमला कर दिया। आरोप है कि हमलावरों ने लाठी-डंडों और अन्य हथियारों से मारपीट करते हुए उन्हें जान से मारने की नीयत से गंभीर रूप से घायल कर दिया। घटना के बाद पीड़िता की तहरीर पर थाना पीपीगंज में मुकदमा दर्ज किया गया था। मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस लगातार आरोपियों की तलाश में जुटी थी। इसी क्रम में कार्रवाई करते हुए पुलिस ने मुख्य अभियुक्त जयहिन्द को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस का कहना है कि इस मामले में अन्य आरोपियों की भी तलाश जारी है और उन्हें जल्द गिरफ्तार किया जाएगा।

पुलिस अधिकारियों ने बताया कि जनपद में कानून-व्यवस्था बनाए रखने और अपराध पर नियंत्रण के लिए लगातार अभियान चलाया जा रहा है। जमीन विवाद जैसे संवेदनशील मामलों में विशेष सतर्कता बरती जा रही है, ताकि किसी भी प्रकार की बड़ी घटना को रोका जा सके।

गिरफ्तार अभियुक्त के खिलाफ अग्रिम विधिक कार्रवाई की जा रही है और उसे न्यायालय में प्रस्तुत किया जाएगा। पुलिस ने आमजन से अपील की है कि किसी भी विवाद की स्थिति में कानून का सहारा लें और स्वयं हिंसा का रास्ता न अपनाएं।

# रील बना रहा युवक सरोवर में डूबा, मौत

**स्वतंत्र भारत ब्यूरो**

**गोरखपुर।** बेलीपार थाना क्षेत्र के शिव मंदिर भौवापार स्थित सरोवर में बुधवार को एक दर्दनाक हादसा हो गया, जहां रील बनाने के दौरान एक हाईस्कूल छात्र की डूबकर मौत हो गई। करीब 4 घंटे की कड़ी मशक्कत के बाद स्ठ्रक्ष्न टीम और स्थानीय गोताखोरों की मदद से शव को बाहर निकाला गया। पुलिस ने पंचनामा की कार्रवाई कर शव को पोस्टमार्टम के लिए बीआरडी मेडिकल कॉलेज भेज दिया है। मृतक की पहचान बेलीपार थाना क्षेत्र के बगही गांव निवासी शिवम गुप्ता (16/17) के रूप में हुई है। वह हाईस्कूल का छात्र था और दो भाइयों में बड़ा था। उसका छोटा भाई पवन कुमार कक्षा 8 में पढ़ता है। घटना के बाद परिवार में कोहराम मच गया है और पूरे गांव में शोक की लहर दौड़ गई है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार, शिवम बुधवार सुबह करीब 11¬30 बजे अपने तीन दोस्तों के साथ एक ही बाइक से शिव मंदिर भौवापार स्थित सरोवर पर नहाने गया था। वहां



दो दोस्त पानी में नहाने उतरे, जबकि दो अन्य दोस्त बाहर खड़े होकर मोबाइल से रील बना रहे थे। इसी दौरान रील बनाने के चक्कर में शिवम गहरे पानी की ओर चला गया और देखते ही देखते डूबने लगा।

प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक, जब शिवम को डूबता देख एक दोस्त उसे बचाने के लिए पानी में कूदा, लेकिन वह उसे नहीं बचा सका और शिवम गहरे पानी में समा गया। घटना के बाद दोस्तों ने शोर मचाया, जिससे आसपास के लोग मौके पर पहुंचे और बचाव का प्रयास किया, लेकिन तब तक काफी देर हो चुकी थी।

सूचना मिलते ही बेलीपार पुलिस मौके पर पहुंची और तत्काल स्ठ्रक्ष्न टीम को बुलाया गया। स्थानीय गोताखोरों की मदद से करीब 4 घंटे तक चले सर्च ऑपरेशन के बाद शिवम का शव सरोवर से बरामद किया गया। पुलिस ने आवश्यक विधिक कार्रवाई पूरी कर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

घटना की जानकारी मिलते ही मृतक के परिजन मौके पर पहुंच गए। बेटे का शव देखते ही माता-पिता का रो-रोकर बुरा हाल हो गया। इस हृदयविदारक घटना के बाद पूरे गांव में मातम का माहौल है।

स्थानीय लोगों ने प्रशासन से सरोवर के आसपास सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम करने और ऐसे स्थानों पर चेतावनी बोर्ड लगाने की मांग की है, ताकि भविष्य में इस तरह की घटनाओं को रोका जा सके।

# मर्चेंट क्यूआर कोड बनाकर ठगी करने वाले गिरफ्तार

**स्वतंत्र भारत ब्यूरो**

**गोरखपुर।** शहर में सक्रिय एक शातिर साइबर ठग गिरोह का पर्दाफाश करते हुए कोतवाली पुलिस ने तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया है। ये जालसाज फर्जी दस्तावेजों के आधार पर मर्चेंट क्यूआर कोड बनाकर साइबर ठगी को अंजाम देते थे। पुलिस ने इन्हें कोतवाली थाना क्षेत्र के एक अपार्टमेंट से दबोचा, जहां ये पिछले करीब दो वर्षों से किराए पर रहकर अपने नेटवर्क का संचालन कर रहे थे।

गिरफ्तार आरोपियों की पहचान कुशीनगर जनपद के तमकुहीराज थाना क्षेत्र के बसडिला गुनाकर निवासी संकेत राय, गोरखनाथ थाना क्षेत्र के शहीद अब्दुल्ला नगर निवासी तौहीद आलम तथा शाहपुर थाना क्षेत्र के आवास विकास कॉलोनी निवासी राज सिंह के रूप में हुई है। तीनों आरोपियों ने कोतवाली इलाके में अपना ठिकाना बना रखा था और यहीं से साइबर ठगी के पूरे नेटवर्क को संचालित करते थे। पुलिस लाइन स्थित व्हाइट हाउस में आयोजित प्रेस वार्ता में एसपी सिटी निमिष पाटिल और सीओ कोतवाली ओंकार दत्त तिवारी ने संयुक्त रूप से मामले का खुलासा किया। अधिकारियों ने बताया कि आरोपी फर्जी पैन कार्ड, वोटर आईडी और अन्य दस्तावेज तैयार कर म्यूल (फर्जी) बैंक खाते खुलवाते थे। इसके बाद इन खातों को गूगल पे, भारत पे जैसी कंपनियों में मर्चेंट के रूप में रजिस्टर कराकर मर्चेंट क्यूआर कोड और साउंड बॉक्स (साउंड पॉड) से जोड़ देते थे।

इस पूरी प्रक्रिया के जरिए साइबर ठगी से प्राप्त धनराशि का लेन-देन और निकासी आसानी से की जाती थी। आरोपी आम लोगों को बहला-फुसलाकर



उनके नाम से बैंक खाते खुलवाते और उन्हें अपने नेटवर्क में शामिल कर लेते थे। म्यूल खातों में रोजाना भारी ट्रांजैक्शन कराया जाता था, जिससे खाते सक्रिय बने रहें और तुरंत फ्रीज न हों। यहां तक कि ऑनलाइन एनसीआरपी पोर्टल पर शिकायत होने के बावजूद ये खाते जल्दी ब्लॉक नहीं हो पाते थे, जिसका आरोपी फायदा उठाते थे।

पुलिस ने आरोपियों के पास से बड़ी मात्रा में कूटरचित पैन कार्ड, आधार कार्ड की प्रतियां, बैंक खातों की डिटेल और अन्य आपत्तिजनक दस्तावेज बरामद किए हैं। जांच में सामने आया है कि इन खातों के माध्यम से करोड़ों रुपये के साइबर फ्रॉड का लेन-देन किया गया है। देश के विभिन्न राज्यों में इनके खिलाफ ऑनलाइन साइबर शिकायतें दर्ज हैं।

इस गिरोह का नेटवर्क गोरखपुर तक सीमित नहीं था, बल्कि बिहार समेत कई अन्य राज्यों तक फैला हुआ है। पूछताछ में कुछ और लोगों की संलिप्तता भी सामने आई है, जिनकी तलाश में पुलिस टीमें लगातार दबिश दे रही हैं।

इस पूरे ऑपरेशन में साइबर कमांडो उप निरीक्षक उपेंद्र सिंह, एंटी थेफ्ट टीम और कोतवाली पुलिस की अहम भूमिका रही। पुलिस ने तीनों आरोपियों को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया, जहां से उन्हें जेल भेज दिया गया है।

पुलिस अधिकारियों का कहना है कि साइबर अपराध पर अंकुश लगाने के लिए अभियान लगातार जारी है और ऐसे गिरोहों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। साथ ही आम जनता से भी अपील की गई है कि वे अपने बैंक खातों और दस्तावेजों की जानकारी किसी अनजान व्यक्ति के साथ साझा न करें, ताकि इस तरह की ठगी से बचा जा सके।

# रोडवेज बस और ट्रक की आमने-सामने भिड़ंत, 17 घायल

**स्वतंत्र भारत बहराइच ।** जिले के हरदी थाना क्षेत्र में बहराइच-सीतापुर मार्ग पर मंगलवार देर रात एक रोडवेज बस और ट्रक की आमने-सामने भीषण टक्कर में 17 लोग घायल हो गए। इनमें दो यात्रियों की हालत गंभीर होने पर उन्हें बेहतर उपचार के लिए लखनऊ रेफर किया गया है, जबकि अन्य घायलों का इलाज जिला अस्पताल बहराइच में चल रहा है। पुलिस के अनुसार, सोमवार रात करीब 11 बजे बहराइच की ओर से आ रहे ट्रक संख्या यूपी-21सीएच-5785 तथा लखनऊ से रूपईडीहा जा रही रोडवेज बस संख्या यूपी-78एचएन-3836 की थाना हरदी क्षेत्र के गदामार गांव के पास आमने-सामने भिड़ंत हो गई। हादसे में बस में सवार यात्रियों तथा ट्रक के कंडक्टर समेत कुल 17 लोग घायल हो गए। सूचना मिलते ही हरदी पुलिस तथा वरिष्ठ अधिकारी मौके पर पहुंचे और राहत एवं बचाव कार्य शुरू कराया। सभी



घायलों को तत्काल उपचार के लिए अस्पताल पहुंचाया गया।घायलों में हंसराज (23), अवधेश कुमार (24), पप्पू (42), सोनू पाल (24), रामकली (50), मुनेश्वर (32), सूबेदार (23), सालिक (55), सत्यदेव शर्मा (26), बेचन (56), लवलेश पाल (26), शिवम (19), राकेश (45), प्रमोद (25), महेंद्र (40), निर्मला (60) तथा आदित्य नारायण द्विवेदी (17) शामिल हैं। इनमें पप्पू पुत्र जाबीर निवासी इमामगंज, थाना दरगाह शरीफ तथा सत्यदेव शर्मा पुत्र राजकुमार निवासी आनंदनगर चौराहा, थाना धानेपुर, जनपद गोंडा की हालत गंभीर होने के कारण उन्हें लखनऊ रेफर किया गया है। शेष 15 घायलों का उपचार जिला अस्पताल बहराइच में चल रहा है और चिकित्सकों के अनुसार उनकी स्थिति खतरे से बाहर है।पुलिस ने मौके पर पहुंचकर यातायात व्यवस्था सुचारु करा दी है। मामले में आवश्यक वैधानिक कार्रवाई की जा रही है तथा क्षेत्र में शांति व्यवस्था सामान्य बनी हुई है।

## पंचायत निर्वाचक नामावली का अंतिम प्रकाशन

**स्वतंत्र भारत बहराइच ।** जनपद बहराइच में त्रिस्तरीय पंचायत निर्वाचक नामावली वृहद पुनरीक्षण कार्यक्रम 2025ङ्क26 के अंतर्गत पंचायत निर्वाचक नामावली का अंतिम प्रकाशन जनसामान्य के लिए कर दिया गया है। यह जानकारी अपर जिलाधिकारी/निर्वाचन रजिस्ट्रीकरण अधिकारी (पंचायत) अमित कुमार ने दी। उन्होंने बताया कि राज्य निर्वाचन आयोग, उत्तर प्रदेश की अधिसूचना दिनांक 17 अप्रैल 2026 के अनुपालन में 10 जून 2026 को प्रकाशित अंतिम मतदाता सूची के अनुसार जनपद बहराइच में कुल मतदाताओं की संख्या 25 लाख 52 हजार 892 है। अपर जिलाधिकारी ने बताया कि विकास खंडवार मतदाताओं की संख्या इस प्रकार है– मिहींपुरवा में सर्वाधिक 2,65,153, फखरपुर में 2,07,112, शिवपुर में 2,02,141, चित्तौरा में 1,96,964, बलहा में 1,88,925, मतदाता दर्ज किए गए हैं।

# डीएम एवं एसपी ने किया पुलिस परीक्षा केन्द्रों का निरीक्षण



**बलरामपुर।** उत्तर प्रदेश पुलिस भर्ती एवं प्रोन्नति बोर्ड द्वारा आयोजित सिपाही भर्ती लिखित परीक्षा को सकुशल, निष्पक्ष, पारदर्शी एवं शांतिपूर्ण वातावरण में संपन्न कराने के उद्देश्य से जिलाधिकारी डॉ. विपिन कुमार जैन एवं पुलिस अधीक्षक विकास कुमार द्वारा जनपद के विभिन्न परीक्षा केन्द्रों का भ्रमण कर व्यवस्थाओं का गहन निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी एवं पुलिस अधीक्षक ने परीक्षा केन्द्रों पर तैनात पुलिस बल, प्रशासनिक अधिकारियों एवं संबंधित कर्मचारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश प्रदान करते हुए परीक्षा की शुचिता एवं निष्पक्षता बनाए रखने पर विशेष बल दिया। उन्होंने अभ्यर्थियों की सुगम एवं व्यवस्थित आवाजाही सुनिश्चित करने, यातायात व्यवस्था को निर्बाध बनाए रखने तथा कानून-व्यवस्था को सुदृढ रखने हेतु प्रभावी कार्यवाही किए जाने के निर्देश दिए। अधिकारियों द्वारा परीक्षा केन्द्रों पर स्थापित सीसीटीवी कैमरों, कंट्रोल रूम, प्रवेश एवं निकास व्यवस्थाओं सहित अन्य सुरक्षा प्रबंधों का भी बारीकी से निरीक्षण किया गया। इस दौरान ड्यूटी पर तैनात अधिकारियों एवं कर्मचारियों को पूर्ण सतर्कता, अनुशासन एवं जिम्मेदारी के साथ अपने दायित्वों का निर्वहन करने हेतु निर्देशित किया गया, जिससे परीक्षा प्रक्रिया पूर्णतः सुरक्षित, पारदर्शी एवं निर्विघ्न रूप से संपन्न हो सके।

## खबर एक नजर

### चोरी गई मोटरसाइकिल के साथ चोर गिरफ्तार, वाहन बरामद

**स्वतंत्र भारत रुपईडीहा बहराइच। रूपईडीहा** पुलिस ने एक चोरी की मोटरसाइकिल के साथ एक चोर को गिरफ्तार किया है। थाना प्रभारी रूपईडीहा रमेश सिंह रावत ने जानकारी देते हुए बताया कि थाना रुपईडीहा पुलिस ने चोरी की मोटरसाइकिल के साथ एक युवक को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने उसके कब्जे से चोरी की गई सुपर स्प्लेंडर मोटरसाइकिल भी बरामद की है। पुलिस के अनुसार, मुरलीधर ददौली निवासी रतन वर्मा ने अपनी मोटरसाइकिल चोरी होने के संबंध में थाना रुपईडीहा में तहरीर दी थी। इस पर संबंधित धाराओं के तहत मामला दर्ज कर जांच शुरू की गई। जांच के दौरान पुलिस टीम ने 9 जून की रात करीब 10ः35 बजे केवलपुर मोड़ के पास से आरोपी कासिम शेख (23 वर्ष) पुत्र दिलदार, निवासी सीतापुरवा, थाना रुपईडीहा, जनपद बहराइच को गिरफ्तार कर लिया। उसके कब्जे से चोरी की गई सुपर स्प्लेंडर मोटरसाइकिल (पंजीकरण संख्या यूपी-40 एसी-1362) बरामद की गई। पुलिस ने बताया कि गिरफ्तार आरोपी के विरुद्ध पूर्व में भी थाना रुपईडीहा में मारपीट, चोरी एवं अन्य धाराओं में मुकदमा दर्ज है। आवश्यक विधिक कार्रवाई पूरी कर आरोपी को न्यायालय के समक्ष पेश किया गया। गिरफ्तारी करने वाली टीम में प्रभारी निरीक्षक रमेश सिंह रावत, उपनिरीक्षक धर्मेंद्र सिंह तथा मुख्य आरक्षी विनय कनोजिया शामिल रहे।

### बाइक सवार को बचाने में दो वाहन भिड़े, छह ट्रॉमा सेंटर रेफर

**स्वतंत्र भारत जरवलरोड बहराइच।** जरवल-लखनऊ मार्ग पर बुधवार दोपहर करीब 2 बजे नायरा पेट्रोल पंप के निकट एक भीषण सड़क हादसा हो गया। बाइक सवार को बचाने के प्रयास में मारुति अर्टिगा और इको वाहन की आमने-सामने टक्कर हो गई। टक्कर इतनी जोरदार थी कि इको वाहन अनियंत्रित होकर सड़क पर पलट गया। हादसे के बाद मौके पर अफरा-तफरी मच गई और राहगीरों की भीड़ जुट गई।सूचना मिलते ही पुलिस और एंबुलेंस मौके पर पहुंची। पुलिसकर्मियों ने वाहन में फंसे घायलों को बाहर निकालकर एंबुलेंस की मदद से प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र मुस्तफाबाद भेजा। चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार के बाद छह घायलों की हालत गंभीर देखते हुए उन्हें ट्रॉमा सेंटर रेफर कर दिया। घायलों में कैसरगंज निवासी पृथ्वी पाल (23) पुत्र श्यामलाल, हजूरपुर थाना क्षेत्र के लौकही निवासी मोहम्मद आरिफ (35) पुत्र अब्दुल हक, कैसरगंज के बरौली निवासी दिलशाद (23) पुत्र अंसार अहमद, डिहवा शेर बहादुर निवासी ताज बाबू (21) पुत्र भोले, मोहम्मदपुर कैसरगंज निवासी गोलू (15) पुत्र किशुन, कैसरगंज निवासी मोहम्मद इरशाद पुत्र मोहम्मद हक, मेड़वापुर टोल प्लाजा निवासी अरुण पुत्र रामकिशन, सचिन पुत्र मुन्ना तथा विजय राजपूत पुत्र गयादीन शामिल हैं।

### वृद्ध महिला फरियादी ने जिलाधिकारी से लगायी विधवा पेंशन दिलाने की गुहार

**श्रावस्ती, ।** जिलाधिकारी अन्नपूर्णा गर्ग ने कलेक्ट्रेट स्थित अपने कक्ष में जनता दर्शन में आमजन की समस्याओं व शिकायतों को सुना और संबंधित अधिकारियों को मौके पर ही फोन पर समस्याओं के निस्तारण हेतु निर्देशित किया। इस दौरान जिलाधिकारी के समक्ष एक वृद्ध महिला फरियादी चन्द्रकला पत्नी स्व0 दयाराम निवासी ग्राम अकारा तहसील जमुनहा के द्वारा प्रार्थना पत्र देकर अवगत कराया कि उनकी विधवा पेंशन विगत कई माह से नहीं आ रही है, जिस पर जिलाधिकारी ने तत्काल जिला प्रोबेशन अधिकारी को मौके पर बुलाकर कार्यवाही करने का निर्देश दिया।जनता दर्शन में जिलाधिकारी को 21 शिकायतें प्राप्त हुई, जो विभिन्न विभागों से सम्बन्धित थी, इन शिकायतों को तत्काल निराकरण कर रिपोर्ट प्रेषित करने हेतु सम्बन्धित विभागों के अधिकारियों को निर्देशित किया। उन्होने कहा कि सम्बन्धित प्रकरणों में तत्काल समुचित कार्रवाई कर समस्या का समाधान सुनिश्चित करें। साथ ही कृत कार्रवाई के बाद उन्हें भी अवगत कराना सुनिश्चित करें।

### विद्युत विभाग की पहल से उपभोक्ताओं को राहत

**उतरौला/बलरामपुर।** विद्युत विभाग की पहल के चलते नगर के उपभोक्ताओं को बडीराहत मिल गई है। लम्बे समय से ओवर लोडिंग से जूझ रहे, राजा बाजार में स्थित मदीना मस्जिद के निकट में 100 केवीए क्षमता का नया ट्रांसफर्मर लगाया गया है। इससे लो-वोल्टेज और बार-बार बिजली कटने की समस्या में कमी आई है। मदीना मस्जिद के निकट पहले से लगे 400 केवीए और 250 केवीए क्षमता के ट्रांस फार्मरों पर उपभोक्ताओं का भार अधिक था। बढती उपभोक्ता संख्या और गर्मी में बिजली की मांग बढने से क्षेत्र में वोल्टेज की समस्या, बार-बार ट्रिपिंग और तकनीकी बाधाएं आ रही थीं। स्थानीय लोगों और जनप्रतिनिधियों ने विभाग को अवगत कराया था। समस्या को गम्भीरता से लेते हुए विद्युत विभाग ने त्वरित कार्यवाही की। जूनियर इंजीनियर रविन्द्र कुमार के निर्देशन में कुंडवा क्षेत्र के पास 100 केवीए क्षमता का नया ट्रांसफार्मर स्थापित किया गया। विद्युत विभाग के अधिकारियों ने कहा कि उपभोक्ताओं की समस्या का समाधान प्राथमिकता है। नगर में जहां भी ओवरलोडिंग या तकनीकी बाधा की शिकायत मिल रही है, वहां क्षमता वृद्धि, लाइन सुधार और अन्य जरूरी कार्य भी किए जा रहे हैं। अधिकारियों को भरोसा है कि इन प्रयासों से आने वाले दिनों में उतरौला के अधिकांश उपभोक्ताओं को बेहतर और विश्वसनीय बिजली आपूर्ति मिल सकेगी।

# 6 किलो अवैध गांजा के साथ तस्कर गिरफ्तार

**स्वतंत्र भारत रुपईडीहा बहराइच।** नेपाल तस्करी करने के फिराक में जा रहे एक युवक को सीमा के पास से 6 किलो गांजा के साथ रूपईडीहा पुलिस और एस एस बी की संयुक्त टीम ने गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है।रूपईडीहा थाना प्रभारी रमेश सिंह रावत ने जानकारी देते हुए बताया कि मादक पदार्थों की तस्करी के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के तहत रुपईडीहा पुलिस एवं एसएसबी की संयुक्त टीम ने 6.113 किलोग्राम अवैध गांजा के साथ एक तस्कर को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपी के कब्जे से एक मोटरसाइकिल भी बरामद की है। प्रभारी निरीक्षक रमेश सिंह रावत के नेतृत्व में 9 जून को थाना क्षेत्र के शिवपुर मोहनिया तिराहा के पास चलाए जा रहे चेकिंग अभियान के दौरान संदिग्ध व्यक्ति की तलाशी ली गई। इस दौरान दिनेश कुमार दीक्षित पुत्र रामफल दीक्षित, निवासी केवलपुर नई बस्ती, थाना रुपईडीहा, जनपद बहराइच (उम्र लगभग 48 वर्ष) के कब्जे से एक प्लास्टिक की सफेद बोरी में रखा 6.113 किलोग्राम अवैध गांजा बरामद हुआ। पुलिस ने आरोपी के विरुद्ध थाना रुपईडीहा में एनडीपीएस एक्ट के तहत मामला दर्ज कर आवश्यक विधिक कार्रवाई पूरी करने के बाद उसे न्यायालय के समक्ष पेश किया, जहां से उसे न्यायिक अभिरक्षा में भेज दिया गया।गिरफ्तारी के दौरान पुलिस ने आरोपी के पास से एक अदद दोपहिया वाहन स्प्लेंडर प्लस (संख्या- यूपी 40 एवाई 4715) भी बरामद किया है। गिरफ्तारी 9 जून को दोपहर करीब 1ः50 बजे शिवपुर मोहनिया तिराहे के पास की गई। पुलिस के अनुसार गिरफ्तार आरोपी के विरुद्ध एनडीपीएस एक्ट के तहत पूर्व में भी दो मुकदमे दर्ज हैं।

# बाढ़ आपदा की राज्य स्तरीय मॉक ड्रिल का आयोजन आज, तैयारियां पूरी



**बलरामपुर।** जिलाधिकारी विपिन कुमार जैन की अगुवाई में गुरूवार 11 जून को बाढ़ से राहत एवं बचाव कार्यों एवं विभिन्न तैयारियों के परखने के राज्य स्तरीय फ्लड मॉक एक्सरसाइज का आयोजन किया जाएगा। इसके लिए डीएम के निर्देशन में जनपद स्तर पर तहसील सदर अन्तर्गत कम्पोजिट विद्यालय सिसई, ग्राम सिसई एवं राप्ती नदी स्थित सिसई घाट को चिन्हित किया गया है। मॉक अभ्यास की नोडल अधिकारी अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व सुश्री ज्योति राय ने आपदा विशेषज्ञ व विभागीय अधिकारियों के साथ मॉक ड्रिल तैयारियों का जायजा लिया तथा आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। वहीं तहसील उतरौला में ग्राम पिडियाखुर्द हासिमपारा में विद्यालय में बाढ़ शरणालय तथा तहसील तुलसीपुर में देवीपाटन स्थित खिरिया नाले में बाढ़ से व्यक्ति के डूबने का मॉक अभ्यास किया जाएगा। जिलाधिकारी ने बताया कि शासन के निर्देशन में जिला प्रबंधन प्राधिकरण बलरामपुर तथा पीएसी फ्लड डिवीजन के संयुक्त तत्वाधान में गुरूवार को तहसील बलरामपुर अन्तर्गत राप्ती नदी के सिसई घाट पर बाढ़ से बचाव एवं राहत कार्य की मेगा मॉक एक्सरसाइज आयोजित की जाएगी जिसकी तैयारियां पूर्ण कर ली गई हैं। उन्होने बताया कि उक्त मॉक ड्रिल में राजस्व एवं आपदा प्रबंधन विभाग, पुलिस, चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग, पशु चिकित्सा, अग्निशमन, आपूर्ति विभाग, पशुपालन, बाढ़ खण्ड, पंचायतीराज विभाग, संचार सेवा, एसएसबी, सेना, आपदा मित्र, एनसीसी कैडेट्स सहित अन्य सम्बन्धित विभागों के अधिकारियों की सहभागिता रहेगी। एडीएम ज्योति राय ने मॉक ड्रिल में किए जाने वाले घटनाक्रमों के बारे में बताया राप्ती नदी में डूब रहे व्यक्ति को बचाने की मॉक एक्सरसाइज, ग्राम ठकुरापुर में नदी के किनारे कुछ व्यक्ति टापू मे फंसे लोगों को रेस्क्यू कर कम्पोजिट विद्यालय सिसई में बने बाढ़ शरणालय में पहुंचाने तथा सिसई गांव में राप्ती नदी का पानी घुसने की सूचना देते हुए ग्रामवासियों को सुरक्षित स्थान पर ले जाने की मॉक एक्सरसाइज की जाएगी। आपदा विशेषज्ञ अरूण सिंह ने बताया कि मॉक अभ्यास का उद्देश्य बाढ़ आपदा के समय लोगों को त्वरित राहत सहायता पहुंचाने तथा जनसमुदाय को आपदाओं के प्रति जागरूक करने एवं तैयार रहने का प्रशिक्षण है जिसमें हम जनपद स्तर पर अपनी तैयारियों को परखेंगें। निरीक्षण में तहसीलदार सदर अभिनव सिंह चौहान, बाढ़ खण्ड सहायक अभियंता अंकित वर्मा, एडीपीआरओ, एडीओ पंचायत बलरामपुर, सहायक पशु चिकित्साधिकारी बलरामपुर,ग्राम प्रधान सिसई व अन्य सम्बन्धित विभागीय अधिकारीगण उपस्थित रहे।

# सीडीओ ने ब्लॉक शिवगढ़ का किया निरीक्षण



**स्वतंत्र भारत संवाददाता प्रतापगढ़।**मुख्य विकास अधिकारी डॉ राम मोहन मीणा ने डीडीओ सन्तोष सिंह के साथ ब्लॉक शिवगढ़ कार्यालय का निरीक्षण किया।निरीक्षण उपरांत ग्राम सिंगाही मे संचालित फॉर्मर रजिस्ट्री कार्य का सत्यापन किया।निरीक्षण में पाया गया कि पंचायत सहायक द्वारा विगत एक माह मे एक भी किसान की फॉर्मर रजिस्ट्री नहीं की गई है,जिस पर कड़ी नाराजगी जताई।सीडीओ ने स्वयं फॉर्मर रजिस्ट्री सत्यापन किया।सीडीओ ने समस्त बीडीओ व ग्राम पंचायत अधिकारी पंचायत सहायक लेखपाल व अन्य कर्मियों को निर्देशित किया है,कि अनवेरीफाइड सूची मे शामिल अवशेष किसानों की शीघ्र पहचान कर फॉर्मर रजिस्ट्री कार्य अविलंब पूर्ण कराएं,जिससे किसानों को समयबद्ध रूप से लाभ उपलब्ध कराया जा सके।

## गैंगस्टर की 14.30 लाख की संपत्ति कुर्क

**स्वतंत्र भारत संवाददाता प्रतापगढ़।**दिनदहाड़े सरे बाजार गोली बारी कर दहशत पैदा करने वाले गिरोह सरगना प्रमुख मस्सन का पुलिस बखूबी इंतजामात कर रही है,क्योंकि बीते साल बिहारगंज बाजार को जंग का मैदान बना दिया था।उच्च अधिकारियों को निरीक्षण करना पड़ गया था।तत्कालीन नगर कोतवाल जय चंद्र भारती से सांठ-गांठ करके स्थानीय पुलिस को घटना समय पर हटवा देना साजिश का अंग था।इसी मामले मे आईजी के आदेश पर पुलिस ने खाल से बाल बिनने की तरह जांच पड़ताल किया और तत्कालीन कोतवाल जय चंद्र भारती दोषी पाए गए और उन्हीं की कोतवाली में उनके खिलाफ अभियोग पंजीकृत किया गया,केस दर्ज होते ही भारती कई दिनों तक भगौड़ा साबित हुआ।कौशाम्बी के सीओ को जांच सौंपी गई थी।

# बहराइच-सीतापुर मार्ग का नाम बदलने की मांग



**स्वतंत्र भारत बहराइच** जून,वीर शिरोमणि चहलारी नरेश महाराजा बलभद्र सिंह जी की के 186वें जयंती पर कांग्रेस नेता विनय सिंह के अगुवाई में टिकोरा मोड को शहीद बलभद्र सिंह चौक घोषित करने तथा उनकी प्रतिमा लगाने के साथ साथ बहराइच सीतापुर मार्ग को चहलारी नरेश बलभद्र सिंह मार्ग घोषित करने हेतु जहां उपस्थित लोगों ने सामूहिक रूप से संकल्प लेकर टिकोरा मोड से सबलापुर तक बलभद्र सिंह नमन यात्रा निकालकर कांग्रेस सेवादल के मुख्य संगठक विस्नु यादव के प्रतिष्ठान पर वृक्षारोपण करके कार्यक्रम का समापन किया। उक्त दौरान उपस्थित लोगों को जानकारी देते हुए कांग्रेस नेता विनय सिंह ने बताया कि कि अमर शहीद महाराजा बलभद्र सिंह जी का जन्म 10जून 1840को बहराइच जिले के मुरौव्वा गांव में हुआ था। उनकी एकमात्र लाड़ली लक्ष्मी कुवंरि थी जिनकी पौत्र वधू लल्ली सिंह ने 1971मे महाराजा बलभद्र सिंह के नाम से उनकी स्मृति में मकान बनवाया था।उन्होंने बताया कि महाराजा बलभद्र सिंह की शादी अल्पायु में ही सीतापुर जिले के विसवां तहसील के किठौरा गांव के मान्धाता सिंह की पुत्री कल्याणी सिंह के साथ हुआ था। उन्होंने बेगम हजरत महल को सुरक्षा मुहैया कराने के लिए अंग्रेजी से लोहा लिया था और अपने शौर्य पराक्रम का परिचय देते हुए हर हाल में बेगम हजरत महल की रक्षा की तथा तमाम अंग्रेजी हुकूमत के सैनिकों और शासको को मौत के घाट उतार दिया और स्वयं लड़ते हुए शहीद हो गए थे।जिला मुख्य संगठक विस्नु यादव ने कहा राजपूताना शौर्य माह के अन्तर्गत चल रहे ।

# ट्रांसफार्मर फूंकने से बिजली व पानी के बिना व्याकुल हुए नगरवासी



**स्वतंत्र भारत संवाद कुंडा प्रतापगढ़।**नगर पंचायत मानिकपुर स्थित सिद्ध पीठ मां ज्वालामुखी देवी धाम का ट्रांसफार्मर जल जाने से नगर क्षेत्र के एक चौथाई नगरवासी बिना बिजली पानी के 13 घंटे तक तड़पते,बिलबिलाते रहे।इस तपती हुई धूप और भीषण गर्मी मे अलीगंज,सुलतानपुर मोहल्ले के लोग बुधवार को पूरे दिन तड़पते व नगरवासियों के हलक भी सुखे रहे।ट्रांसफार्मर में आग लग जाने से केबल समेत ट्रांसफार्मर जलकर स्वाहा हो गया।हालांकि बिजली विभाग के अधिकारी व कर्मचारी विद्युत बहाली के लिए पसीना बहाते रहे।फिर भी खबर लिखे जाने तक व्यवस्था ज्यों की त्यों बनी हुई है।

## बेल्हा में विशेष स्वच्छता अभियान

**स्वतंत्र भारत संवाददाता प्रतापगढ़।**अधिशासी अधिकारी नगर पालिका परिषद बेल्हा प्रतापगढ़, राकेश कुमार ने अवगत कराया है कि केंद्र सरकार के 12 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में नगर पालिका परिषद बेल्हा द्वारा 8 जून से 14 जून तक विशेष स्वच्छता एवं जन-जागरूकता अभियान संचालित किया जा रहा है।अभियान का उद्देश्य नगर क्षेत्र की मलिन बस्तियों एवं संवेदनशील क्षेत्रों मे स्वच्छता व्यवस्था को सुदृढ़ करना तथा नागरिकों को स्वच्छता के प्रति जागरूक बनाना है।इसी क्रम में बुधवार को कांशीराम कॉलोनी,मुर्गी फार्म एवं सगरा क्षेत्र मे विशेष सफाई अभियान चलाया गया।अभियान के तहत एकत्रित कूड़े-कचरे का निस्तारण कराया गया तथा चोक नालियों की सफाई के लिए कर्मचारियों की विशेष टीम लगाकर युद्धस्तर पर कार्य कराया जा रहा है।

# बन्द घर खंगालने वाले जत्था के दो और सदस्य गिरफ्तार

**स्वतंत्र भारत संवाददाता प्रतापगढ़।**लालगंज कोतवाली के छेमी निवासिनी वादिनी 12 अप्रैल को घर मे ताला लगाकर प्रयागराज ईलाज करवाने चली गई।15 अप्रैल को जेठानी ने फोन से बताया कि घर के दरवाजे पर लगा ताला टूटा हुआ है।वादिनी प्रयागराज से वापस आई और देखा कि आलमारी व बक्से का ताला टूटा हुआ है और गहने व बर्तन टीवी गायब है।पुलिस ने सुसंगत धाराओं मे अभियोग पंजीकृत कर लिया और जांच पड़ताल मे तार को तार से जोड़ते हुए चोरों के जत्थे को हवालात की सैर करवा रही है।पुलिस जांच मे खुलासा हुआ कि अंशिका मिश्रा अपने चाचा के घर चोरी करने के लिए अपने मित्रों के साथ प्रयागराज से गाड़ी से पहुंची थी।पुलिस ने कुनाल त्रिपाठी पुत्र रवि शंकर त्रिपाठी,प्रिंस तिवारी पुत्र हीरामणि त्रिपाठी निवासीगण गोरखापुर मजरा नारियांवा थाना महेशगंज को चोरी के गहने को बेचकर मिले रुपए से खरीदे दो आईफोन के साथ भेभौरा से गिरफ्तार कर लिया।पुलिस ने इसके पहले सौरभ मिश्रा पुत्र स्व रविन्द्र मिश्रा निवासी धोनू का पुरवा थाना महेशगंज,शुभम मिश्रा पुत्र बृजेश मिश्रा निवासी मधुपुर मुगरा बादशाहपुर थाना मुंगरा बादशाहपुर जनपद जौनपुर,अमरजीत प्रजापति पुत्र कामता प्रसाद निवासी लोही थाना चरवा कौशांबी,आशीष केसरवानी पुत्र चन्द्र शेखर निवासी नया पुरवा करेली थाना करेली प्रयागराज,खुशी उर्फ अंशिका मिश्रा पुत्री राजनारायण मिश्रा निवासी पूरे छेमी थाना लालगंज,शिवम तिवारी पुत्र रवि तिवारी दुनंदा का पुरवा थाना जेठवारा को जेल भेज चुकी है,सबसे बड़ी बात चोरी जत्थे के प्रत्येक सदस्यों के शायद ही दूध के दांत टूटे हों।दूसरी तरफ चोरी के गहने को गलाने वाला व खरीदने वाले की कोई पुष्टि पुलिस नहीं कर सकी है।

# मकान मालकिन के गहने चोरी करने वाले दंपत्ति को जेल

**स्वतंत्र भारत संवाददाता प्रतापगढ़।**नगर कोतवाली अंतर्गत चौकी चिलबिला क्षेत्र की वादिनी मकान मे ताला लगाकर कुछ दिनों के लिए लखनऊ चली गई, उसके मकान मे किराए पर एक दंपत्ति रहता था।मकान मालकिन घर वापस लौटी और गहने आलमारी से गायब देखने पर किराए पर रह रहे दंपत्ति से जानकारी करने पर ज्ञात हुआ,कि गहने इन्हीं लोगों ने लिया है।वादिनी की तहरीर पर पुलिस ने सुसंगत धाराओं मे अभियोग पंजीकृत कर लिया।पुलिस ने बीते दिन अभियुक्ता को गिरफ्तार कर जेल भेज चुकी है। आज उसके पति शिवम उपाध्याय पुत्र स्व शैलेश उपाध्याय निवासी ग्राम औरा थाना कप्तानगंज जिला आजमगढ़ को नगर कोतवाली अंतर्गत चमरौधा पुल से गिरफ्तार किया गया।अभियुक्त के कब्जे से एक जोड़ी पायल एक जोड़ी कान की बाली दो सोने की अंगूठी एक चेन एक मंगलसूत्र एक जोड़ी सुई धागा एक नाक की कील बरामद कर मुकदमा उपरोक्त मे सुसंगत धारा बढ़ोत्तरी कर जेल भेज दिया है।

# प्रयागराज मंडल द्वारा कांस्टेबल भर्ती परीक्षा 2026 हेतु चलाई गई एग्जाम स्पेशल ट्रेनें

## कानपुर सेंट्रल से शाम 7 बजे तक चलाई 4 एग्जाम स्पेशल ट्रेन, प्रयागराज से बांदा की ओर जाने के लिए एक स्पेशल ट्रेन प्लेटफार्म स. 10 पर 06.45 बजे की गई प्लेस



**स्वतंत्र भारत प्रयागराज।** उत्तर प्रदेश पुलिस भर्ती एवं प्रोन्नति बोर्ड (UPPRPB) द्वारा आयोजित कांस्टेबल भर्ती परीक्षा-2026 में सम्मिलित होने वाले अभ्यर्थियों की सुविधा के लिए उत्तर मध्य रेलवे के प्रयागराज मंडल द्वारा विशेष व्यवस्थाएँ सुनिश्चित की गईं। परीक्षार्थियों की बढ़ती संख्या को देखते हुए आवश्यकतानुसार एग्जाम स्पेशल ट्रेनों का संचालन किया गया, जिससे उन्हें अपने परीक्षा केंद्रों तक समय पर एवं सुगमता से पहुँचने में सहायता मिली।

मंडल रेल प्रबंधक/प्रयागराज, रजनीश अग्रवाल के निर्देशन में प्रयागराज जंक्शन, कानपुर सेंट्रल सहित प्रमुख स्टेशनों पर विशेष प्रबंध किए गए। प्लेटफॉर्म, टिकट काउंटर तथा प्रवेश एवं निकास द्वारों पर अतिरिक्त व्यवस्थाएँ कर यात्रियों की आवाजाही को सुचारु बनाया गया। मंडल स्तर पर स्थापित वार रूम से सीसीटीवी कैमरों के माध्यम से प्रमुख स्टेशनों की निरंतर निगरानी की गई तथा अधिकारियों द्वारा भीड़ एवं यात्री संचालन की स्थिति पर सतत नजर रखी गई।

अभ्यर्थियों की सुरक्षा एवं सहायता के लिए रेलवे सुरक्षा बल (RPF) तथा राजकीय रेलवे पुलिस (GRP) के जवानों को प्रमुख स्टेशनों एवं ट्रेनों में तैनात किया गया। वाणिज्य विभाग के अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने यात्रियों का मार्गदर्शन किया, जबकि हेल्प डेस्क एवं टिकट जांच स्टाफ द्वारा आवश्यक सूचनाएँ उपलब्ध कराई गईं।

भीड़ प्रबंधन को प्रभावी बनाए रखने हेतु अतिरिक्त स्टाफ की तैनाती की गई तथा सार्वजनिक उद्घोषणा प्रणाली के माध्यम से यात्रियों को लगातार आवश्यक जानकारी दी जाती रही। रेलवे प्रशासन का निरंतर प्रयास है कि परीक्षार्थियों को सुरक्षित, सुविधाजनक एवं तनावमुक्त यात्रा उपलब्ध कराई जा सके, जिससे वे समय पर अपने गंतव्य तक पहुँचकर परीक्षा में सम्मिलित हो सकें।

**कानपुर से संचालित एग्जाम स्पेशल ट्रेन का विवरण निम्नाकित है** : 1. कानपुर सेंट्रल-झाँसी एग्जाम स्पेशल ट्रेन ने 13:40 बजे प्रस्थान किया। इस ट्रेन में लगभग 2500 यात्री थे। 2. कानपुर सेंट्रल-लखनऊ एग्जाम स्पेशल ट्रेन ने से 15:00 बजे प्रस्थान किया। इस ट्रेन में लगभग 800 यात्री थे। 3. कानपुर सेंट्रल-झाँसी एग्जाम स्पेशल ट्रेन ने 18:20 बजे प्रस्थान किया। इस ट्रेन में लगभग 3500 यात्री थे। 4. कानपुर सेंट्रल-लखनऊ एग्जाम स्पेशल ट्रेन ने से 18:27 बजे प्रस्थान किया। इस ट्रेन में लगभग 3800 यात्री थे। 5. प्रयागराज से बांदा की ओर जाने के लिए एक स्पेशल ट्रेन प्लेटफार्म स. 10 पर 18.45 बजे प्लेस की गई है।

## पांडेश्वरनाथ धाम में भीषण गर्मी में शीतलता हेतु श्रद्धालुओं को वितरित किया गया शरबत

**स्वतंत्र भारत थरवई प्रयागराज।** अधिमास (मलमास) के चलते भीषण गर्मी में श्रद्धालुओ को शीतलता प्रदान करने के लिए पांडेश्वरनाथ धाम पंडिला में बुधवार को श्रद्धालुओं की सेवा के उद्देश्य से शरबत वितरण कार्यक्रम का भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम का आरपी एसोसिएशन प्रतापगढ़ के वरिष्ठ उपाध्यक्ष एवं रामगढ़ कोठारी निवासी शैलेश मिश्र के तत्वावधान में किया गया।मंदिर में दर्शन-पूजन के लिए आने वाले श्रद्धालुओं को शरबत वितरित किया गया, जिसमें क्षेत्रवासियों एवं दर्शनार्थियों ने बढ़-चढ़कर सहभागिता की। कार्यक्रम के दौरान श्रद्धालुओं में उत्साह का माहौल रहा और बड़ी संख्या में लोगों ने प्रसाद स्वरूप शरबत ग्रहण किया।इस अवसर पर फाफामऊ विधायक गुरु प्रसाद मौर्य, बहरिया ब्लॉक प्रमुख शशांक मिश्र तथा पूर्व ब्लॉक प्रमुख योगेश पांडेय सहित कई जनप्रतिनिधियों एवं गणमान्य लोगों की गरिमामयी उपस्थिति रही आयोजकों ने कहा कि "नर सेवा ही नारायण सेवा" की भावना के साथ यह आयोजन किया गया है। क्षेत्रवासियों ने सेवा और समर्पण भाव से कार्यक्रम को सफल बनाने में महत्वपूर्ण योगदान दिया।कार्यक्रम में शैलेश मिश्र, राजेश शुक्ल, महेंद्र द्विवेदी, अभिषेक मिश्रा, निलेश मिश्र (अधिवक्ता, उच्च न्यायालय), अनिल पांडेय, ओम शुक्ल, सौम्य मिश्र सहित बड़ी संख्या में क्षेत्रवासी उपस्थित रहे।

## प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के राष्ट्रसेवा के 12 वर्ष पूर्ण होने पर जिलाध्यक्ष धर्मराज मौर्य ने की पूजा अर्चना

**स्वतंत्र भारत संवाददाता कौशाम्बी।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के राष्ट्रसेवा के 12 वर्ष पूर्ण होने पर जनपद की तीनों विधानसभाओं सहित सांगठनिक सभी मण्डलों में प्रधानमंत्री मोदी के उत्तम स्वास्थ्य व दीघार्यु होने की कामना की गई जिलाध्यक्ष धर्मराज मौर्य सहित अन्य पदाधिकारियों एवं जनप्रतिनिधियों ने पूजा अर्चना की एवं उनके उत्तम स्वास्थ्य व दीघार्यु होने की प्रार्थना की। जिलाध्यक्ष धर्मराज मौर्य ने विधानसभा सिराथू सांगठनिक मण्डल अजुहा के ग्राम पंचायत हड़ियाली पुर स्थित मन्दिर में विधि विधान से पूजा अर्चना कर प्रधानमंत्री मोदी के उत्तम स्वास्थ्य व दीघार्यु होने की कामना करते हुए कहा कि आज हर एक राष्ट्रवादी के लिए गर्व का क्षण है कि मोदी जी ने भारत के प्रथम प्रधानमंत्री पण्डित जवाहरलाल नेहरू का रिकॉर्ड तोड़ते हुए सबसे अधिक समय तक लगातार प्रधानमंत्री के रूप में देश की सेवा करने का ऐतिहासिक कीर्तिमान स्थापित किया है,जिस पर हर एक देशवासी अभिभूत हैं। प्रधानमंत्री मोदी का कुशल व चमत्कारिक नेतृत्व आज देश की प्रगति,आत्मविश्वास और वैश्विक सम्मान का पर्याय बन चुका है। जिनको दुनिया के अनेक देशों ने अपने सर्वोच्च सम्मान से विभूषित किया है। आज भारत विश्व मंच पर आत्मविश्वास के साथ खड़ा है। पुनः प्रधानमंत्री मोदी के राष्ट्रसेवा 12 वर्ष पूर्ण होने पर भाजपा कौशाम्बी की ओर से बधाई दी एवं उनके उत्तम स्वास्थ्य,दीघार्यु और निरंतर राष्ट्रसेवा के लिए शुभकामनाएं दीं। विधानसभा मंझनपुर के दुर्गा मन्दिर प्रांगण में नगर पालिका अध्यक्ष मंझनपुर बीरेंद्र सरोज फौजी,जिला महामंत्री ज्योति केसरवानी व विधानसभा सिराथू के राधा कृष्ण मंदिर में चेयरमैन राजेंद्र कुमार भोला यादव,जिला उपाध्यक्ष प्रदीप कुमार शीलू पाण्डेय व विधानसभा चायल में शिव मंदिर में चेयरमैन अनूप सिंह,जिला महामंत्री राकेश पाण्डेय ने पूजा अर्चना किया।



## आधी तूफान से गिरी दीवार मां बच्चे घायल

**स्वतंत्र भारत मेजा प्रयागराज।** मेजा तहसील क्षेत्र में मंगलवार रात आए आंधी तूफान ने भारी तबाही मचाई। डेलौहा गांव में एक दर्जन से अधिक घर ध्वस्त हो गए, जबकि एक दीवार गिरने से मां और बच्चे घायल हो गए। हालांकि, किसी बड़े जान-माल के नुकसान की खबर नहीं है। यह घटना डेलौहा गांव में उमा शंकर पटेल के घर पर हुई। तेज आंधी के कारण उनके घर की एक पक्की दीवार गिर गई, जिससे उनकी माता और बच्चे को चोटें आईं। गनीमत रही कि चोटें गंभीर नहीं थीं और कोई बड़ा हादसा नहीं हुआ।तूफान की रफ्तार इतनी तेज थी कि इसने कई घरों को नुकसान पहुंचाया। उमा शंकर पटेल के घर की दीवार पर रखी सीमेंट की चादरें भी पूरी तरह ध्वस्त हो गईं। गांव में एक दर्जन से अधिक घरों को क्षति पहुंची है।दीवार गिरने और घरों के ध्वस्त होने की सूचना मिलने पर राजस्व निरीक्षक राम बहादुर और हल्का लेखपाल विमल शुक्ला ने मौके पर पहुंचकर स्थिति का जायजा लिया। उन्होंने प्रभावित परिवारों को आश्वासन दिया कि दैवी आपदा से हुए इस नुकसान के लिए शासन-प्रशासन द्वारा मुआवजा दिलाया जाएगा।




## राष्ट्र रक्षा और विश्व शांति के लिए सवा लाख तंडुल शिवलिंग महायज्ञ

**प्रयागराज।** गंगा, यमुना और अदृश्य सरस्वती के पावन त्रिवेणी संगम की अलौकिक भूमि एक बार फिर एक युगांतरकारी आध्यात्मिक क्रांति की गवाह बनने जा रही है। आगामी 11 जून 2026, गुरुवार को प्रयागराज के प्रतिष्ठित तपोवन आश्रम (झूंसी) में एक ऐसा अभूतपूर्व और विराट आध्यात्मिक समागम होने जा रहा है, जिसकी गूंज न केवल देश में बल्कि पूरे विश्व में सुनाई देगी। पूज्य आचार्य हरि कृष्ण शुक्ल गुरुजी के दिव्य सान्निध्य में यहां "सवा लाख तण्डुल शिवलिंग महायज्ञ" का महाआयोजन किया जा रहा है। यह केवल एक धार्मिक अनुष्ठान या परंपरागत कर्मकांड नहीं है, बल्कि वर्तमान वैश्विक संकटों के बीच भारत की रक्षा, सनातन शक्ति के प्रकटीकरण, राष्ट्र कल्याण, सांस्कृतिक पुनरुत्थान और वैश्विक शांति की बहाली का एक महाअभियान है। प्रयागराज के इतिहास में पहली बार हो रहा यह आयोजन इस बात का शंखनाद है कि जब-जब मानवता संकट में होगी, सनातन संस्कृति अपनी आध्यात्मिक ऊर्जा से लोक-कल्याण का मार्ग प्रशस्त करेगी। इस महायज्ञ में 101 प्रकांड वैदिक विद्वानों के साथ-साथ आम जनमानस की सीधी भागीदारी होगी। सभी के सामूहिक सहयोग से एक लाख से अधिक तण्डुल (चावल) के शिवलिंगों का हस्त-निर्माण किया जाएगा। इसके बाद वेदोक्त रीति-रिवाज, दिव्य मंत्रोच्चार और भव्य रुद्राभिषेक के जरिए महादेव को प्रसन्न किया जाएगा। साथ ही राष्ट्र की अखंडता, सीमाओं की सुरक्षा और सनातन संस्कृति के संरक्षण के सामूहिक संकल्प के अलावा नई पीढ़ी को अपनी गौरवशाली जड़ों और आध्यात्मिक विरासत से जोड़ने का भी प्रयास किया जाएगा।

## भीषण गर्मी के प्रकोप को देखते हुए उ0प्र0 अपराध निरोधक समिति, लखनऊ शाखा प्रयागराज द्वारा एक मानवीय एवं जनकल्याणकारी सेवा कार्यक्रम का आयोजन

**स्वतंत्र भारत प्रयागराज।** श्री संकट मोचन हनुमतेश्वर मंदिर, सिविल लाइंस प्रयागराज परिसर में किया गया। कार्यक्रम का आयोजन समिति के चेयरमैन कमलेश श्रीवास्तव के निर्देशन तथा सचिव संतोष कुमार के नेतृत्व में संपन्न हुआ। सुबह से ही मंदिर परिसर में आने वाले श्रद्धालुओं, आमजनमानस एवं विभिन्न प्रतियोगी परीक्षाओं में सम्मिलित होने आए परीक्षार्थियों को भीषण गर्मी से राहत प्रदान करने हेतु शीतल शरबत का वितरण किया गया। इसके पश्चात विशाल भंडारे का आयोजन किया गया, जिसमें सैकड़ों लोगों ने प्रसाद स्वरूप भोजन ग्रहण किया। उपस्थित जनसमूह ने समिति के इस प्रयास की सराहना करते हुए आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर सहयोगी के रूप में अशोक कुमार शुक्ला, सिद्धार्थ शर्मा, आशीष श्रीवास्तव, पार्षद कुसुम लता गुप्ता एवं बीके जैन सहित अनेक गणमान्य लोग उपस्थित रहे। व्यवस्था एवं संचालन में अजीत कुमार सिन्हा, अर्जुन सिंह, संजय उपाध्याय, अभय श्रीवास्तव, राकेश निषाद, राजेश निषाद, खन्ना, अंकित सिंह, शोएब आलम, रामरूप पटेल, संदीप सोनी, अखिलेश चंद जैन,निशिकान्त श्रीवास्तव, शिव शुक्ला राधेश्याम, मोहित यादव सहित अन्य कार्यकताओं ने पूर्ण निष्ठा एवं समर्पण के साथ योगदान दिया।



कार्यक्रम के अंतर्गत मंदिर परिसर में भव्य सुंदरकांड पाठ का भी आयोजन किया गया, जिसे राजेंद्र त्रिपाठी 'मधुकर' संगीत पार्टी ग्रुप द्वारा अत्यंत भक्तिमय वातावरण में संपन्न कराया गया। इसी क्रम में जितेंद्र श्रीवास्तव, मधु, जितेंद्र, अनंत अग्रवाल एवं आयुष जायसवाल द्वारा आगंतुकों के स्वागत एवं जलपान तथा प्रसाद वितरण की व्यवस्था की गई। कार्यक्रम के अंत में केंद्रीय समिति द्वारा सभी सहयोगियों, कार्यकताओं एवं उपस्थित जनमानस के प्रति आभार व्यक्त करते हुए भविष्य में भी ऐसे जनसेवा कार्य निरंतर जारी रखने का संकल्प दोहराया गया।

# मवेशी चराने निकले अधेड़ व्यक्ति की लाश नाले में मिली, मचा हड़कंप

## घटनास्थल पर पहुंचे एसीपी थरवई अरुण पाराशर, पोस्टमार्टम रिपोर्ट में सिर चेहरा में गंभीर चोट लगने की बात सामने आई

**स्वतंत्र भारत फाफामऊ।** थरवईं बाजार के पाल बस्ती रहने वाले राम गोपाल पाल उम्र करीब पचपन साल मंगलवार को शाम को घर से भैंस चराने निकले थे उनकी लाश बुधवार को घर से महज पांच सौ मीटर की दूरी पर एक नाले में मिलने से परिजनों में हड़कंप मच गया । सूचना पर मौके पर पुलिस पहुंचकर लाश को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम हाउस दिया



मृतक रामगोपाल पाल की फाइल फोटो

थरवईं बाजार निवासी रामगोपाल पाल मंगलवार को शाम को घर मे बताया कि भैंस चराने कछार जा रहे है । लेकिन ना तो कछार पहुंचे न ही शाम को घर वापस आए। रामगोपाल का बेटा दिन में मवेशी को लेकर कछार में चराने चला गया था ।गोपाल सुबह दूध बांटने शहर गए थे दूध बाट कर लौटे तो खाना पीना खाने के बाद शाम को मवेशी चराने के लिए घर से निकल दिए लेकिन अपने बेटे के पास नहीं पहुंच पाए देर शाम जब बेटा मवेशी चरा कर घर वापस आया तो घर वालों से पूछा पापा कहां है मां मीना देवी ने बताया कि भैंस चराने के लिए गए है घरवालों ने तुरंत जाकर आसपास कछार में पूरी रात खोजबीन किए लेकिन गोपाल का कहीं अता पता नहीं चला। बुधवार को सुबह उनकी लाश घर से कुछ दूरी पर जगदीश पुर पूरेचंदा के नाले के झाड़ी में गांव वालो ने देखा तो शोर मचाया तो भीड़ इकठ्ठा होने लगी । जैसे ही यह जानकारी परिजन को हुआ सभी रोते बिलखते घटनास्थल पर पहुंचे गांव वालो की भीड़ जमा हो गई ।सूचना पर एसीपी थरवईं अरुण पाराशर थाना प्रभारी भी घटनास्थल पर पहुंचे मौका मुआयना करने के बाद लाश को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम हाउस भेज दिया।मृतक के मुंह और आंख सिर पैर में चोट के निशान दिखाई दिया। शव को किसी जंगली जानवरों ने भी नोच लिए थे।पुलिस घटना के बारे परिजन से जानकारी लिए और कुछ संदिग्ध लोगों को उठाकर पूछताछ कर रही है। राम गोपाल पाल छः भाइयों में दूसरे नंबर पर थे तीन बेटा राम बाबू पाल संजय पाल महेंद्र पाल और एक बेटी है ।बेटी की शादी कर चुके हैं। रामगोपाल पशुपालन और दूध बेचने का काम करते थे ।गोपाल लोगों में बहुत ही मिलनसार थे क्षेत्र के लोग उनकी मौत से हस्तप्रभ है। घटना कैसे हुआ घर वाले भी बहुत परेशान है परिजन किसी दुश्मनी से इनकार किया। कुछ बहुत पहले जमीनी विवाद का मामला था। एसीपी थरवईं अरुण पाराशर ने बताया कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद विधिक करवाई किया जाएगा परिवार जनों से बातचीत किया जा रहा है घटना की गहन जांच हो रही है। पुलिस ने बताया कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट में सिर और चेहरे में गंभीर चोट लगने की बात सामने आई है पूरा रिपोर्ट आने बाद मामले का खुलासा होगा पुलिस की मौजूदगी में राम गोपाल पाल का फाफामऊ घाट पर अंतिम संस्कार किया गया।

## जीएसटी सुविधाओं को लेकर व्यापारिक संवाद, अफसरों ने गिनाए लाभ

**शहर पश्चिम के व्यापारी संगठनों के साथ राज्य कर विभाग की बैठक**

**पंजीयन, रिटर्न, बीमा व जीएसटी 2.0 सुधारों की दी जानकारी**

**प्रयागराज।** उत्तर प्रदेश राज्य कर विभाग ने जीएसटी से जुड़ी सुविधाओं व लाभों के प्रचार-प्रसार के लिए शुक्रवार को ट्रांसपोर्ट नगर स्थित मक्खन रेस्टोरेंट में व्यापारिक संवाद कार्यक्रम आयोजित किया। शहर पश्चिम के व्यापारी संगठनों के साथ हुए संवाद में व्यापारियों की जीएसटी संबंधी समस्याओं का निराकरण भी किया गया।

कार्यक्रम में डिप्टी कमिश्नर जितेंद्र प्रताप सिंह, असिस्टेंट कमिश्नर धर्मेंद्र कुमार व राज्य कर अधिकारी राजेश सिंह ने व्यापारियों को जीएसटी पंजीयन, रिटर्न दाखिला, समाधान योजना, जीएसटी 2.0 सुधारों के लाभ व व्यापारी दुर्घटना बीमा जैसी सुविधाओं की जानकारी दी। अधिकारियों ने जीएसटी से होने वाले फायदों के बारे में विस्तार से बताया। इस दौरान व्यापारियों ने अपनी समस्याएं भी रखीं। अधिकारियों ने सभी समस्याओं को गंभीरता से सुना और मौके पर ही जानकारी देकर समाधान किया। विभाग ने व्यापारियों से समय पर रिटर्न दाखिल करने व योजनाओं का लाभ लेने की अपील की। संवाद में धर्मेंद्र द्विवेदी, धनंजय सिंह, राजेश गुप्ता, अतुल केसरवानी, ज्ञान केसरवानी, अतिन गुप्ता, नरेंद्र खेड़ा, पप्पू केसरवानी, रामलोचन साहू, सतीश कुशवाहा, रतन अग्रवाल, अनिल कुशवाहा, सत्य प्रकाश कुशवाहा, क्रिसलेय केसरवानी, सागर ग्रोवर, वेद नारंग समेत बड़ी संख्या में व्यापारी व अधिकारी मौजूद रहे।

## डीएम ने गो-आश्रय स्थल, बरौलहा का निरीक्षण कर वस्तुस्थिति का लिया जायजा

**स्वतंत्र भारत संवाददाता कौशाम्बी।** जिलाधिकारी डॉ. अमित पाल ने बुधवार को गो-आश्रय स्थल, बरौलहा का निरीक्षण कर वस्तुस्थिति का जायजा लिया। जिलाधिकारी ने निरीक्षण के दौरान ग्रीष्म ऋतु के दृष्टिगत गो-आश्रय स्थल में समुचित व्यवस्था न पाये जाने पर नाराजगी प्रकट करते हुए सचिव, ग्राम पंचायत एवं पशु चिकित्साधिकारी को आवश्यक निर्देश दिये। इसके साथ ही उन्होंने सचिव, ग्राम पंचायत को चेतावनी जारी करने के भी निर्देश दिये। उन्होंने पशु चिकित्साधिकारी डॉ अशोक कुमार से गो-आश्रय स्थल में गोवंशो की संख्या, भूसा एवं हरा चारा की उपलब्धता एवं दान से प्राप्त भूसा आदि जानकारी प्राप्त करते हुए कहा कि गो-आश्रय स्थल में सभी आवश्यक व्यवस्थायें सुनिश्चित बनाये रखी जायें। जिलाधिकारी ने गो-आश्रय स्थल में एक सी.सी.टी.वी. कैमरा लगा पाये जाने पर नाराजगी प्रकट करते हुए पशु चिकित्साधिकारी को एक और सी.सी.टी.वी. कैमरा लगवाने के निर्देश दिये। उन्होंने कहा कि केयरटेकरों को समय से भुगतान सुनिश्चित किया जाये। उन्होंने भ्रमण पंजिका आदि का अवलोकन करते हुए सचिव, ग्राम पंचायत एवं पशु चिकित्साधिकारी को आवश्यक निर्देश दिये। उन्होंने मुख्य पशु चिकित्साधिकारी को नियमित रूप से गौशालाओं का निरीक्षण कर सभी आवश्यक व्यवस्थायें सुनिश्चित बनाये रखने के निर्देश दिये।



## डीएम साहब सिराथू तहसील में फरियादियों से कबतक होती रहेगी मारपीट

### सिराथू तहसील में कानून शर्मसार 'घरौनी' के लिए मांगी 5000 की घूस विरोध पर किसान को सरेआम जूता दिखाकर दीं जातिसूचक गालियां, मोबाइल पटका वीडियो सोशल मीडिया में वायरल

**सिराथू तहसील में यह पहला मामला नहीं है यहां के लेखपाल हुये मनबढ़**

**न्याय मांगने गये फरियादी को मिली 'जूते मारने' की धमकी कैमरे में कैद हुई लेखपाल की बदतमीजी**

**स्वतंत्र भारत सिराथू कौशाम्बी।** डीएम साहब सिराथू तहसील में लेखपालों की यह कैसी गुण्डागर्दी है। जिसमें क्या अब तहसील परिसर में फरियादियों की सुनवाई जूतों और भद्दी गालियों से होगी क्या रिश्वत न देना ही इस गरीब का सबसे बड़ा गुनाह बन गया₹ यह दर्दभरी चीख सिराथू तहसील आये एक बेबस किसान की है, जो व्यवस्था के नुमाइंदों के आगे न्याय की भीख मांगता रहा, लेकिन बदले में उसे मिली ज़िल्लत, गालियां और जूते मारने की धमकी।

लोकसेवकों की दबंगई का एक ऐसा शर्मनाक वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हुआ है, जिसने प्रशासनिक महकमे को हिलाकर रख दिया है। घरौनी बनवाने आए एक गरीब किसान को लेखपालों ने न सिर्फ जातिसूचक शब्द कहकर अपमानित किया, बल्कि सरेआम जूता तानकर मारने की कोशिश भी की गयी।

मिली जानकारी के अनुसार, पीड़ित किसान राम भवन अपनी घरौनी बनवाने के लिए सिराथू तहसील के चक्कर काट रहा था। पीड़ित का आरोप है कि तहसील में तैनात चर्चित लेखपाल कमल सिंह ने काम के एवज में ?5,000 की रिश्वत मांगी। किसान की शर्ट की ऊपर वाली जेब में उसका एंड्रॉइड फोन रखा था। रिश्वत की मांग के बीच लेखपाल को शक हो गया कि किसान उनका वीडियो बना रहा है। बस, इसी शक में कानून के रखवाले का पारा सातवें आसमान पर पहुंच गया और लेखपाल ने झपट्टा मारकर किसान की जेब से मोबाइल निकाला और उसे जमीन पर पटक कर चकनाचूर कर दिया। हंगामा बढ़ते ही वहां लेखपाल संघ के पूर्व अध्यक्ष सुनील द्विवेदी और रवि विश्वकर्मा भी पहुंच गये। आरोप है कि इन लोगों ने पीड़ित किसान राम भवन को घेर लिया और मां-बहन की भद्दी-भद्दी गालियां देनी शुरू कर दीं। दबंगई की हद तो तब हो गई जब पूर्व अध्यक्ष सुनील द्विवेदी ने आपा खोते हुए पुलिस के सामने ही अपना जूता उतार लिया और जातिसूचक शब्दों का इस्तेमाल करते हुए किसान को मारने के लिए दौड़े।यह पूरा खेल उत्तर प्रदेश पुलिस की डायल 112 गाड़ी के ठीक सामने घण्टों चलता रहा, लेकिन पुलिस मूकदर्शक बनी रही। लेखपालों को भनक तक नहीं थी कि दूर खड़ा कोई शख्स उनकी इस पूरी हैवानियत का वीडियो बना रहा है, जो अब इंटरनेट पर तेजी से वायरल है।



स्थानीय लोगों की मानें तो सिराथू तहसील में लेखपालों की मनमानी का यह कोई पहला मामला नहीं है। इससे पहले भी घूसखोरी और अभद्रता के कई मामले और वीडियो वायरल हो चुके हैं, लेकिन हर बार रसूख के चलते मामले को दबा दिया जाता है।अपमानित और सहमे हुए पीड़ित किसान राम भवन ने हिम्मत दिखाते हुए आरोपी लेखपालों-सुनील द्विवेदी, कमल सिंह और रवि विश्वकर्मा के खिलाफ सैनी थाने में लिखित तहरीर दी है। अब देखना यह है कि क्या वायरल वीडियो के पुख्ता सबूतों के आधार पर इन रसूखदार लेखपालों पर सख्त कानूनी कार्रवाई होगी या फिर हमेशा की तरह जांच की 'खानापूर्ति' कर मामले को ठण्डे बस्ते में डाल दिया जायेगा।

## हनुमान मंदिर में हुआ सामूहिक हनुमान चालीसा का पाठ



**प्रयागराज।** गोल्डन लायनेस के तत्वावधान में प्रयागराज के सिविल लाइंस में श्री हनुमान जी के मंदिर प्रांगण में श्री हनुमान चालीसा का पाठ हुआ । कार्यक्रम में संस्था के जिला अध्यक्ष श्री एवं श्रीमती मंजू वर्मा तथा संस्था के 60 से 70 सदस्य उपस्थित रहे ।कार्यक्रम के पश्चात मंदिर प्रांगण में उपस्थित सभी भक्तों को प्रसाद तथा पूजा की अन्य सामग्री वितरित की गई। भक्तों को संबोधित करते हुए मंजू वर्मा ने कहा कि कलयुग की एकमात्र देवता हनुमान जी हैं और वह कर्मों के हिसाब से फल दिया करते हैं। यदि कोई सच्चे मन से प्रभु की सेवा करें तो उसे निराशा कभी भी हाथ नहीं लगेगी।

# इफको घियानगर के सामुदायिक केन्द्र में पर्यावरण सप्ताह का हुआ समापन

**स्वतंत्र भणरत फूलपुर प्रयागराज।** इफको घियानगर के सामुदायिक केन्द्र में पर्यावरण सप्ताह के समापन समारोह में मुख्य अतिथि वरिष्ठ महाप्रबंधक (इकाई प्रमुख) पी.के. सिंह एवं विशिष्ट अतिथि इफको फूलपुर परिवार की प्रथम महिला सरिता सिंह रहे। कार्यक्रम का शुभारंभ विशिष्ट जनों द्वारा दीप प्रज्जवलन के साथ प्रारंभ हुआ। वरिष्ठ महाप्रबंधक (इकाई प्रमुख) पी.के.सिंह ने कहा कि हम पर्यावरण सप्ताह मना रहे है, लेकिन यह कार्यक्रम वर्षभर का है। आप सभी लोग अपने टाउनशिप को हराभरा अवश्य रखे, क्योंकि इसका लाभ आप के साथ आने वाली पीढ़ियों को भी होगा। पालीथीन एवं प्लास्टिक का प्रयोग बिलकुल भी ना करें, क्योंकि पर्यावरण पर इसका प्रतिकूल प्रभाव पड़ता है। वरिष्ठ प्रबंधक ई.पी.सी. उमेश कुमार ने पर्यावरण सप्ताह के अंतर्गत हुए विभिन्न कार्यक्रम का विस्तार पूर्वक विवरण दिया। उन्होंने कहा कि अधिकारी, कर्मचारी, महिलाओं एवं बच्चों ने कार्यक्रम में बढ़चढ़ कर हिस्सा लिया तथा कार्यक्रम को सफल बनाया। कार्यक्रम का संचालन हेमलता सिजोरिया तथा धन्यवाद ज्ञापन अनूप यादव ने किया। इस दौरान महाप्रबंधक क्रमशः पी.के. पटेल, रत्नेश कुमार, ए.के. गुप्ता, सतर्कता अधिकारी अजय कुमार मिश्र, सुरेश कुमार सिंह (ईपीसी) मौजूद रहे। पर्यावरण सप्ताह के अंतर्गत हुए विभिन्न प्रतियोगिताओं में विजेताओं को पुरस्कृत किया गया। पुरस्कार विजेताओं के नाम निम्नलिखित है:-



**चित्रकला प्रतियोगिता (विषय- पर्यावरण)**

**कक्षा 1 से कक्षा 3 तक:** 1. सोनाली पाल, 2. अर्शी यादव, 3. श्रुति पाल, 4. आदविक कुशवाहा, 5. सामर्थ्य पाल।

**कक्षा 4 से प तक:** 1. आनवी कुशवाहा, 2. श्रुति प्रसाद, 3. आदया सूद, 4. आरध्या गुप्ता, 5. शिवांश शंकर।

**परिचर्चा प्रतियोगिता (विषय- पानी की बर्बादी :** क्या हम अनजाने में पानी नष्ट कर रहे हैं और इसे कैसे रोका जाये।)

**कक्षा 6 से 8 तक के विद्यार्थी**

1. पार्वी दुबे, 2. आंगना सरकार, 3. नाइशा यादव, 4. सानवी शर्मा, 5. आकांक्षा कुमारी।

**कक्षा 9 से 10 तक के विद्यार्थी**

(विषयः- आधुनिक तकनीक और ई कचरा क्या गैजेट्स का बढ़ता इस्तेमाल पर्यावरण के लिए एक नया और गंभीर संकट है)

स्वतंत्र भारत

यदा यदाहि धर्मस्य ग्लानिर्भवति भारत।
अभ्युत्थानमधर्मस्य तदात्मानं सृजाम्यहम्।।

## सीमाओं पर निगरानी

इसमें कोई शक नहीं कि भारत को अपने कुछ पड़ोसियों से लगातार खतरा बना है। ये खुद में कितने भी परेशान क्यों न हों लेकिन भारत के खिलाफ कुचक्र रचने में बराबर जुटे रहते हैं। इसीलिए सीमापार से हो सकने वाली किसी भी साजिश के कामयाब होने का कोई भी रास्ता भारतीय सेना बाकी नहीं रहने देना चाहती। इसके लिए वह तकनीकों का सहारा भी ले रही है। किसी भी राष्ट्र के जीवन में अन्य पक्षों की तरह अब युद्ध भी तकनीकों पर आधारित हो रहे हैं। इसीलिए सीमाओं को सुरक्षित एवं अभेद्य बनाने के लिए तकनीकी निगरानी तंत्र को मजबूत करने और बाड़बंदी के काम को तेज किया जा रहा है। इसके तहत भारत-पाकिस्तान और भारत-बांग्लादेश सीमा सहित अन्य संवेदनशील सीमावर्ती क्षेत्रों में आधुनिक तकनीकों का व्यापक प्रयोग बढ़ाया जाएगा। इसमें अत्याधुनिक निगरानी कैमरे, ड्रोन, सेंसर, रडार प्रणाली, नाइट विजन उपकरण एवं रियल टाइम मॉनिटरिंग सिस्टम और मजबूत बनेगा जिससे घुसपैठ, तस्करी एवं अन्य अवैध गतिविधियों पर प्रभावी नियंत्रण रखा जा सके। साथ ही सीमाओं पर लंबित फेंसिंग कार्यों को तेजी से पूरा किया जाएगा। यही नहीं, जिन क्षेत्रों में भौगोलिक या तकनीकी चुनौतियों के कारण काम नहीं हो पाया है, वहां वैकल्पिक तकनीकी समाधान अपनाने की योजना पर काम हो रहा है। दरअसल, अभी तक की तैयारियां जरूरत पड़ने के हिसाब से की जाती रहीं और ऐसे मौके कभी-कभी ही आते थे। लेकिन अब यह देखते हुए कि दुश्मन देश किसी भी समय किसी साजिश को अमली जामा पहनाने की कोशिश कर सकते हैं, हर समय चौकस और तैयार रहने की जरूरत बढ़ गई है। इसीलिए अंतर्राष्ट्रीय सीमा के पंद्रह किलोमीटर क्षेत्र में हर अतिक्रमण को जीरो टॉलरेंस से समाप्त करने के साथ सीमा क्षेत्रों में कट्टरपंथ के केंद्रों पर पैनी नजर रखने की रणनीति भी अपनाई गई है। इसके अलावा हवाला लेनदेन, म्यूल एकाउंट, शेल कंपनियां, संदिग्ध वाहनों और जीएसटी कलेक्शन पर भी कड़ी निगरानी रखी जाएगी। ये कदम देखने में छोटे भले ही लगें लेकिन इनके जरिए छोटी से छोटी साजिशों को भी विफल किया जा सकेगा क्योंकि ऐसी साजिशों की कामयाबी से बड़ी घुसपैठ या हमलों के लिए बड़े आराम से जमीन तैयार हो जाती है। यह देखते हुए कि भारत का सीमावर्ती इलाका हजारों किलोमीटर तक फैला है, ऐसी सख्त सतर्कता और सावधानियां बेहद जरूरी होती जा रही हैं।

## धरोहरों का संरक्षण

विरासतें समाज-समूह के लिए धरोहर होती हैं। ये अपने समय की संबंधित विशेषताओं के बारे में बताती हैं जिनसे प्रेरणा मिलती है, मार्गदर्शन मिलता है। इसलिए ये गर्व का विषय मानी जाती हैं। इनमें दुनियाभर में काफी मशहूर भी हैं। उत्तर प्रदेश को इस मामले में विशेष गौरव हासिल है क्योंकि यहां ये बहुतायत में हैं जिनके साथ कोई न कोई खास बात जुड़ी है। राजधानी लखनऊ से लेकर गांवों और कस्बों तक में इन्हें देखा जा सकता है। इनमें किले, इमारतें, स्मारक, टीले, मंदिर, सरोवर, बावली आदि बहुत सी चीजें हैं। ताज्जुब की बात यह है कि सैकड़ों साल बीतने के बाद आज भी इनमें से कई ज्यों की त्यों हैं। ये उस समय की शिल्प और स्थापत्य कला तथा अभियांत्रिकी के बारे में बताकर आश्चर्यचकित करती रहती हैं। हालांकि यह भी सही है कि वक्त की मार सहते-सहते इनमें से कुछ धरोहरें जीर्ण-शीर्ण अवस्था में पहुंच गई हैं जिनका संरक्षण, मरम्मत और पुनर्निर्माण आवश्यक होता जा रहा है। यह प्रशंसनीय बात है कि पुरातत्व विभाग इस दिशा में कदम उठा रहा है। एक रिपोर्ट बताती है कि प्रदेश के 24 जिलों के 40 स्मारकों एवं स्थलों को सूचीबद्ध किया गया है जिन्हें राजकीय संरक्षण में लेकर संवारा-सुधारा जाएगा। राज्य पुरातत्व निदेशालय ने इस बारे में कदम बढ़ाते हुए आवश्यक कार्य की संस्तुति प्राप्त कर ली है। अब केवल कार्रवाई की औपचारिकता पूरी करनी है। विभाग ने जिन 40 स्थानों को नया रूप देने के लिए चुना है उनमें लखनऊ, सीतापुर, उन्नाव, हरदोई, बाराबंकी और कानपुर नगर जिलों के स्थल हैं। ये सभी जिले प्रदेश के प्राचीन इतिहास से संबंधित हैं और इनका अपना विभिन्न दृष्टियों से अलग ही महत्व है। वास्तव में यह विरासतों के संरक्षण की दिशा में महत्वाकांक्षी कदम है क्योंकि आधुनिक चहल पहल के प्रभाव में जो इनसे अनजान होंगे या जिनकी स्मृति में अब ये नहीं रह गए हैं, वे भी इनके महत्व से नए सिरे से परिचित हो सकेंगे। इनमें समाया इतिहास तत्कालीन सामाजिक विशेषताओं की जानकारी देगा जो कई लोगों के लिए नई बात होगी।

## काँव-काँव

♦♦♦

**मारीच और सुबाहु लैंड जिहादी थे-सीएम योगी**
आदिपुरुष फिल्म कई बार देखने का असर है!

**एयर इंडिया विमान हादसे का खौफ अभी जिंदा**
हादसे के लिये कोई भी दोषी नहीं पाया गया!

**परमाणु समझौते के लिये तैयार है तेहरान -ट्रंप**
लेकिन ये बात खामेनेई से पूछने कौन जायेगा?

**भारत ने मोर्चे पर तैनात किये बारह परमाणु बम**
तब जनगणना कराने की ऐसी क्या जल्दी है?

**अदालतों पर बोझ कम होना चाहिये -सीजेआई**
पब्लिक को मुकदमा लड़ने की आदत है हुजूर!

**उज्ज्वला सब्सिडी कटौती पर कांग्रेस का हमला**
चुनावों से पहले सब्सिडी और बढ़ा देंगे महाप्रभु!

♦♦♦

# प्रजनन दरें बदल रही हैं दुनिया के सत्ता समीकरण

**- प्रवीण कौशल**

आज प्रजनन क्षमता (प्रजनन दर), एक ऐसी ताकत बन चुकी है, जो चुपचाप राष्ट्रों के भाग्य को आकार दे रही है. इसे समझने के लिए, एक सरल अंकगणितीय सच्चाई पर विचार करें. यदि दो लोगों की जगह दो लोगों को लाना है, तो प्रति महिला लगभग 2.1 बच्चे का जन्म होना चाहिए. दो से ऊपर का यह मामूली समायोजन बाल मृत्यु दर, उन महिलाओं के लिए जो बच्चे न पैदा करने का विकल्प चुनती हैं, और जन्म के समय प्राकृतिक लिंग अनुपात (जो लड़कों की तरफ थोड़ा झुका होता है) को ध्यान में रखकर किया गया है. इस संख्या को 'प्रतिस्थापन प्रजनन दर' कहा जाता है. इससे नीचे गिरते ही किसी देश की जनसंख्या, अंततः, घटने लगती है. यूएन वर्ल्ड पॉपुलेशन प्रॉस्पेक्ट्स 2024 के अनुसार, 237 देशों और क्षेत्रों में से 131 देशों की प्रजनन दर अब 2.1 से नीचे है. वैश्विक औसत लगभग 2.25 है, जो प्रतिस्थापन दर से बमुश्किल ऊपर है और अभी भी गिर रही है।

दक्षिण कोरिया की कुल प्रजनन दर (टीएफआर) लगभग 0.8 है, जो किसी भी बड़ी अर्थव्यवस्था के लिए दर्ज की गयी अब तक की सबसे कम दर है. जापान 1.3, इटली और स्पेन 1.2, ताइवान और सिंगापुर 1.1 तथा जर्मनी 1.5 पर हैं. ये केवल आंकड़े नहीं हैं, राष्ट्रीय भविष्य के पूर्वावलोकन हैं. एक पीढ़ी तक 0.8 की टीएफआर बनाये रखने से देश केवल छोटा नहीं होता, यह पूरी तरह से एक बदले हुए देश का निर्माण करता है, जिसमें सिकुड़ती सेनाएं, चरमराते पेंशन सिस्टम, घटता टैक्स बेस और श्रम की कमी जैसी समस्याएं पैदा होती हैं, जिन्हें कोई भी सरकारी कार्यक्रम अभी तक हल नहीं कर पाया है. दूसरे छोर पर उप-सहारा अफ्रीका के कई देशों में टीएफआर 4.0 से काफी ऊपर बना हुआ है. यह जनसांख्यिकीय लाभांश तभी साकार होता है, जब युवा जनसंख्या शिक्षित, नियोजित और उत्पादक हो. इन परिस्थितियों के बिना उच्च प्रजनन दर राष्ट्रीय शक्ति के बजाय युवा बेरोजगारी और राजनीतिक अस्थिरता उत्पन्न करती है।

यहां चीन का रास्ता पूरी विकासशील दुनिया के लिए एक चेतावनी है. तीन दशकों से अधिक समय तक लागू रही 'एक बच्चा नीति' ने देश की प्रजनन क्षमता को उस स्तर तक गिरा दिया, जिससे वह अब तक उबर नहीं पाया है. चीन की भू-राजनीतिक महत्वाकांक्षाएं तेजी से एक ऐसे जनसांख्यिकीय अंकगणित से सीमित हो रही हैं, जिसे उसका नेतृत्व दोबारा नहीं लिख सकता. उधर भारत के रजिस्ट्रार जनरल कार्यालय द्वारा जारी 'सैंपल रजिस्ट्रेशन सिस्टम स्टैटिस्टिकल रिपोर्ट 2024' ने पुष्टि की है कि देश का राष्ट्रीय टीएफआर गिरकर 1.9 हो गया है. विदित है कि भारत की प्रतिस्थापन दर वैश्विक बेंचमार्क 2.1 के बजाय 2.15 पर है, क्योंकि कई राज्यों में अभी भी कन्या भ्रूण हत्या प्रचलित है. देश की क्षेत्रीय तस्वीर भी चौंकाने वाली है. केरल का टीएफआर 1.3 है. दिल्ली में यह 1.2 और पश्चिम बंगाल में 1.5 है।

बिहार का टीएफआर अभी भी 2.9 और उत्तर प्रदेश का 2.35 है. शहरी भारत का टीएफआर 1.5 है, जबकि ग्रामीण भारत का 2.1 तथा शहरीकरण बढ़ने के साथ ग्रामीण आंकड़ा और नीचे गिरेगा. वर्ष 2031 तक भारत का राष्ट्रीय टीएफआर लगभग 1.57 तक पहुंचने का अनुमान है. इस गिरावट के कारण सार्वभौमिक हैं। महिला शिक्षा का विस्तार, बाल मृत्यु दर में भारी कमी, शहरीकरण और स्कूली शिक्षा तथा स्वास्थ्य देखभाल की बढ़ती लागत. ये नीतिगत विफलताएं नहीं हैं, बल्कि विकास के अनुमानित और काफी हद तक अपरिवर्तनीय परिणाम हैं। भारत की जनसंख्या अभी भी इसलिए बढ़ रही है क्योंकि बड़ी मौजूदा पीढ़ियां लंबी उम्र जी रही हैं, जिससे जनसंख्या को एक गति मिल रही है और इसके 2060 के दशक में लगभग 1.6 से 1.7 अरब के बीच चरम पर पहुंचने और फिर घटने की संभावना है।

कई भारतीय राज्य अब परिवारों को तीसरा या चौथा बच्चा जन्म देने के लिए प्रोत्साहन देने पर चर्चा कर रहे हैं, जो इस बात की स्वीकारोक्ति है कि भविष्य की वास्तविक चुनौती अधिक जनसंख्या नहीं, बल्कि एक बूढ़ा और सिकुड़ता हुआ उत्पादक आधार है. भारत के वृद्ध निर्भरता अनुपात के, जो वर्तमान में कार्यशील आयु के प्रति 100 व्यक्तियों पर 16 बुजुर्ग निर्भर व्यक्ति है, 2050 तक 30 तक पहुंचने का अनुमान है. वहीं दक्षिणी और पश्चिमी राज्यों को 2030 के दशक तक गंभीर श्रम की कमी का सामना करना पड़ेगा और उन्हें बिहार और उत्तर प्रदेश के श्रमिकों पर निर्भर रहना होगा।

कहना अतिशयोक्ति नहीं होगी कि वैश्विक शक्ति का चल रहा पुनर्गठन न केवल व्यापार गुटों और सैन्य गठबंधनों द्वारा आकार ले रहा है, बल्कि दुनिया के प्रमुख खिलाड़ियों के अलग-अलग जनसांख्यिकीय रास्तों द्वारा भी तय हो रहा है. चीन, जापान, दक्षिण कोरिया और अधिकांश यूरोप तेजी से बूढ़े हो रहे हैं, जिससे उनका वित्तीय लचीलापन, सैन्य भर्ती और नवाचार क्षमता सीमित हो रही है. जबकि भारत अपनी प्रजनन दर में गिरावट के बावजूद, हर दूसरी बड़ी अर्थव्यवस्था की तुलना में संरचनात्मक रूप से युवा बना हुआ है, एक ऐसा सापेक्ष लाभ जो उसके प्रतिस्पर्धियों के बूढ़े होने के साथ-साथ बढ़ता जायेगा. वर्ष 2100 की दुनिया आज की तुलना में बिल्कुल अलग दिखेगी, जो किसी युद्ध या तकनीकी सफलता से नहीं, जन्मदरों के शांत अंकगणित से संचालित होगी।



आज प्रजनन क्षमता (प्रजनन दर), एक ऐसी ताकत बन चुकी है, जो चुपचाप राष्ट्रों के भाग्य को आकार दे रही है. इसे समझने के लिए, एक सरल अंकगणितीय सच्चाई पर विचार करें. यदि दो लोगों की जगह दो लोगों को लाना है, तो प्रति महिला लगभग 2.1 बच्चे का जन्म होना चाहिए. दो से ऊपर का यह मामूली समायोजन बाल मृत्यु दर, उन महिलाओं के लिए जो बच्चे न पैदा करने का विकल्प चुनती हैं, और जन्म के समय प्राकृतिक लिंग अनुपात (जो लड़कों की तरफ थोड़ा झुका होता है) को ध्यान में रखकर किया गया है. इस संख्या को 'प्रतिस्थापन प्रजनन दर' कहा जाता है. इससे नीचे गिरते ही किसी देश की जनसंख्या, अंततः, घटने लगती है. यूएन वर्ल्ड पॉपुलेशन प्रॉस्पेक्ट्स 2024 के अनुसार, 237 देशों और क्षेत्रों में से 131 देशों की प्रजनन दर अब 2.1 से नीचे है. वैश्विक औसत लगभग 2.25 है, जो प्रतिस्थापन दर से बमुश्किल ऊपर है और अभी भी गिर रही है। दक्षिण कोरिया की कुल प्रजनन दर (टीएफआर) लगभग 0.8 है, जो किसी भी बड़ी अर्थव्यवस्था के लिए दर्ज की गयी अब तक की सबसे कम दर है. जापान 1.3, इटली और स्पेन 1.2, ताइवान और सिंगापुर 1.1 तथा जर्मनी 1.5 पर हैं. ये केवल आंकड़े नहीं हैं, राष्ट्रीय भविष्य के पूर्वावलोकन हैं. एक पीढ़ी तक 0.8 की टीएफआर बनाये रखने से देश केवल छोटा नहीं होता, यह पूरी तरह से एक बदले हुए देश का निर्माण करता है, जिसमें सिकुड़ती सेनाएं, चरमराते पेंशन सिस्टम, घटता टैक्स बेस और श्रम की कमी जैसी समस्याएं पैदा होती हैं, जिन्हें कोई भी सरकारी कार्यक्रम अभी तक हल नहीं कर पाया है. दूसरे छोर पर उप-सहारा अफ्रीका के कई देशों में टीएफआर 4.0 से काफी ऊपर बना हुआ है।

## ।। यथार्थ गीता ।।



स्वामी अड़गड़ानंद

### अथैकादशोऽध्यायः

(गतांक से आगे

वे महात्मा कहते हैं, एक उपाय है-

भक्त्या त्वनन्यया शक्य अहमेवंविधोऽर्जुन।।
ज्ञातुं द्रष्टुं च तत्त्वेन प्रवेष्टुं च परन्तप ।। 54।।

हे श्रेष्ठ तपवाले अर्जुन ! अनन्य भक्ति के द्वारा अर्थात् सिवाय मेरे अन्य किसी देवता का स्मरण न करते हुए, अनन्य श्रद्धा से तो मैं इस प्रकार प्रत्यक्ष देखने के लिये, तत्त्व से साक्षात् जानने के लिये तथा प्रवेश करने के लिये भी सुलभ हूँ अर्थात् उनकी प्राप्ति का एकमात्र सुगम माध्यम अनन्य भक्ति है। अन्त में ज्ञान भी अनन्य भक्ति में परिणत हो जाता है, जैसा कि पीछे अध्याय सात में द्रष्टव्य है। पीछे उन्होंने कहा कि तेरे सिवाय न कोई देख सका है और न कोई देख सकेगा, जबकि यहाँ कहते हैं कि अनन्य भक्ति से न केवल मुझे देखा जा सकता है अपितु साक्षात् जाना और मुझमें प्रवेश भी पाया जा सकता है, अर्थात् अर्जुन अनन्य भक्त का नाम है, एक अवस्था का नाम है। अनुराग ही अर्जुन है। अन्त में योगेश्वर श्रीकृष्ण कहते हैं-

मत्कर्मकृन्मत्परमो मद्भक्तः सङ्गवर्जितः। निर्वैरः सर्वभूतेषु यः स मामेति पाण्डव ।। 55।।

हे अर्जुन ! जो पुरुष मेरे द्वारा निर्दिष्ट कर्म अर्थात् नियत कर्म यज्ञार्थ कर्म करता है, 'मत्परमः'- मेरे परायण होकर करता है, जो मेरा अनन्य भक्त है; 'सङ्गवर्जितः' किन्तु संगदोष में रहते हुए वह कर्म नहीं हो सकता, अतः संगदोष से रहित होकर 'निर्वैरः सर्वभूतेषु'- सम्पूर्ण भूतप्राणियों में बैरभाव से रहित है, वह मुझे प्राप्त होता है। तो क्या अर्जन ने युद्ध किया? प्रण करके क्या उसने जयद्रथादि को मारा? यदि उन्हें मारता है तो भगवान को न देख पाता, जबकि अर्जुन ने देखा है। इससे सिद्ध है कि गीता में एक भी श्लोक ऐसा नहीं है. जो बाह्य मारकाट का समर्थन करता हो। जो निर्दिए कर्म यज्ञ की प्रक्रिया का आचरण करेगा, जो अनन्य भाव से उनके सिवाय किसी का स्मरण तक नहीं करेगा, जो संगदोष से अलग रहेगा तो युद्ध कैसा? क्रमशः...

## ।। चाणक्य नीति ।।

♦♦♦

**लेन देन धन अन्न के, विद्या पढ़ने माहिं।**
**भोजन सखा विवाह में, तजै लाज सुख ताहिं ।।**

जो मनुष्य लेन-देन, भोजन, धन-धान्य और व्यवहार से निर्लज रहता है, वहीं इंसान अपने जीवन में आगे बढ़ता है। उसे कोई भी व्यक्ति हरा नहीं सकता है। अपने कार्यों को अपने मन से करता है।

♦♦♦

# नफ़रत की आंधी में मुहब्बत का दीपक, जलता रहा है जलता रहेगा



**-निर्मल रानी**

दिल्ली के मालवीय नगर इलाक़े में गत 3 जून को हुए एक भीषण अग्निकांड की घटना घटित हुई। बताया जाता है कि इस अग्निकांड के परिणाम स्वरूप 21 लोगों की मौत आग से झुलसने या धुएँ में दम घुटने की वजह से हो गयी। कहा जा रहा है कि मृतकों में 9 भारतीय जबकि 12 विदेशी नागरिक थे। इस अग्निकांड में स्थानीय लोगों द्वारा लगभग 49 लोगों को उनकी जान बचाकर सुरक्षित बाहर निकाला गया। इस अग्निकांड में रियाजुद्दीन नामक एक मुस्लिम गद्दा व्यापारी ने अपनी सूझबूझ, तत्परता व मानवता के चलते अग्निकांड में फंसे लगभग 15 लोगों की जान बचाकर काफ़ी सुर्ख़ियां बटोरीं। घटनास्थल के क़रीब ही रियाजुद्दीन की गद्दों (मैट्रेस) की दुकान है। रियाजुद्दीन व उनके बेटे ने आग की लपटें बढ़ते ही अपने नफ़े-नुक़सान की परवाह किये बिना अपनी दुकान के सारे गद्दे जलते हुये भवन के ठीक नीचे एक पर एक रखकर बिछा दिये। इनके अतिरिक्त अफ़ज़ल, मोहम्मद शाहरुख़ , मोहम्मद अनीस, मोहम्मद आमिर और मोहम्मद वसीम ने भी अपनी जान पर खेल कर लोगों की जान बचाने में मदद की। नतीजतन लगभग 15 प्रभावित लोगों ने जलते हुये भवन की खिड़कियों से उन्हीं गद्दों पर कूद कर अपनी जान बचाई। हालाँकि इस दौरान रियाजुद्दीन के क़रीब 2 लाख रूपये के गद्दे क्षति ग्रस्त हो गये। आज स्थानीय लोग यह कहने को मजबूर हैं कि रियाजुद्दीन ने फ़रिश्ता बनकर लोगों की जान बचाई। रियाजुद्दीन व उनके बेटे के इस समझदारी भरे साहसिक कार्य के लिये उनकी चौतरफ़ा प्रशंसा की जा रही है। लोग उनके गद्दों की क्षतपूर्ति के लिये व उनके साहसिक कार्य के लिये उनसे मिल रहे हैं उन्हें सम्मानित कर रहे हैं यहाँ तक कि उन्हें आर्थिक सहायता दे रहे हैं। उधर रियाजुद्दीन ने उन्हें आर्थिक सहायता देने वालों से पैसे न भेजने की अपील की है। स्थनीय भाजपा विधायक सतीश उपाध्याय ने इनकी तारीफ़ करते हुये कहा कि 'आज के जांबाज़ों को सलाम। हौज़ रानी, मालवीय नगर में लगी भीषण आग के दौरान इन साहसी नागरिकों ने मदद की और यहां तक कि लोगों को सीपीआर भी दिया। मुझे आप पर बहुत गर्व है। यही इंसानियत है, जो सबसे ऊपर है और सबसे बड़ा धर्म है।' निश्चित रूप से यह घटना इंसानियत व धर्म से ऊपर साहस व मानवता की मिसाल बन गई है। एक मुस्लिम व्यापारी ने अपने आर्थिक नुक़सान की परवाह किए बिना हिन्दू व अन्य धर्मों के लोगों की जान बचाई, और हिन्दू विधायक व अनेक संस्थाओं ने उसे सम्मान व नक़द इनाम दिया। इसी तरह महाकुंभ 2025 को मौनी अमावस्या पर इलाहाबाद में मची भगदड़ को याद कीजिये जब हज़ारों हिंदू तीर्थ यात्रियों को मुस्लिम बस्तियों, मस्जिदों और इमामबाड़ों में शरण मिली थी । 28-29 जनवरी 2025 को रात 1-2 बजे के बीच प्रयागराज में संगम नोज़ और अखाड़ा मार्ग पर मौनी अमावस्या के पावन स्नान पर करोड़ों की संख्या में श्रद्धालु पहुंच गए थे जिससे शहर की 90 लाख आबादी में दस गुना भीड़ उमड़ पड़ी थी। इसी बीच रात 1 बजे के पास संगम तट से पहले बने द्वार पर भीड़ इतनी बढ़ गई कि भगदड़ जैसी स्थिति बन गयी। तभी अखाड़ा मार्ग पर लगे बैरिकेड्स को फांदकर कुछ श्रद्धालु गंभीर रूप से घायल हो गये जिससे वहां अफ़रातफ़री मच गई। क्राउड मैनेजमेंट के लिए रास्ते रोके जाने से लोगों को और भी परेशानी का सामना करना पड़ा। आधिकारिक आंकड़ों के अनुसार इस भगदड़ में 30 लोग हताहत हो गए थे। शहर के रास्तों से अनजान लोग अपनी जान बचाने के लिये कई मुस्लिम बस्तियों में प्रवेश कर गये। उसी बीच सर्दी की रात में मुस्लिम समुदाय के लोगों ने करुणा और सांप्रदायिक सौहार्द्र की मिसाल पेश कर मानवता का सन्देश दिया था। मुस्लिम लोगों ने भगदड़ के बाद शहर की अनेक मस्जिदों,दरगाहों,इमामबाड़ों व अनेक अल्पसंख्यक संस्थानों में हज़ारों हिंदू तीर्थयात्रियों को शरण दी और उन्हें परदेस में भी सुरक्षित रहने का एहसास दिलाया। उन्हें ज़रूरत के अनुसार चाय, नाश्ता, खाना, रज़ाई, कंबल, दवाइयां आदि मुहैय्या कराई। यह घटना भी सांप्रदायिक सौहार्द्र और इंसानियत की बड़ी मिसाल के रूप में सामने आई जब अल्पसंख्यक मुस्लिम समुदाय ने हिंदू तीर्थयात्रियों की मदद कर धार्मिक भावनाओं से ऊपर उठकर मानवता का परिचय दिया। साम्प्रदायिक सद्भाव पेश करने वाली दिसंबर 2015 की वह घटना भी याद कीजिये जब चेन्नई में आई भयानक बाढ़ में मस्जिदों में हिंदुओं और ईसाइयों को पनाह मिली थी। उन दिनों 1 दिसंबर 2015 से शुरू हुई बारिश एक सप्ताह तक लगातार चली थी।। इसे चेन्नई में 100 वर्षों में सर्वोच्च वर्षा के रूप में रिकॉर्ड किया गया था। बाढ़ का पानी कुछ क्षेत्रों में तो दो मंज़िलों तक पहुँच गया था। डैम के गेट खोलने के बाद शहर के कई हिस्से पूरी तरह डूब गए थे। चेन्नई में इसी बाढ़ में 260 से अधिक लोगों की मौत हुई थी। उस दौरान भी यहाँ की कई मस्जिदों के दरवाज़े बाढ़ पीड़ित हिन्दुओं व ईसाईयों के लिये कई हफ़्तों के लिये खुल गये थे। बाढ़ पीड़ितों को मस्जिद में पनाह के साथ साथ रसद व दवाइयां भी मुहैय्या कराई गई थीं। उसी बाढ़ प्रभावित क्षेत्र में प्रसूतावस्था में पीड़ित एक हिन्दू महिला की यूनुस नामक एक मुसलमान ने जान बचाकर उसे अस्पताल तक पहुँचाया। बाद में सुरक्षित डिलेवरी होने पर उस हिन्दू महिला और उसके पति ने अपनी नवजात बच्ची का नाम 'यूनूस' रखा। यह घटना भी धार्मिक सौहार्द और मानवता की एक प्रेरणादायक मिसाल है । इसी तरह 2023 में पंजाब में आई भीषण बाढ़ में मुस्लिम समुदाय ने बिना किसी भेदभाव के सभी प्रभावित लोगों की मदद की थी। जमात-ए-इस्लामी हिंद और जमीयत उलेमा-ए-हिंद जैसी संस्थाओं ने बाढ़ प्रभावितों को राशन, दवाइयां, व कपड़े वितरित किए थे । तमाम मुस्लिम स्वयंसेवकों ने सिख और हिंदू समुदायों के साथ मिलकर बचाव कार्यों में हिस्सा लिया था । यहाँ भी उस समय बाढ़ प्रभावित इलाक़ों की कुछ मस्जिदों को अस्थायी आश्रय स्थल के रूप में खोला गया था। देशभर के मुसलमान संकट की इस घड़ी में पंजाब के बढ़ प्रभावित लोगों के साथ कंधे से कंधा मिलाकर खड़े दिखाई दिये थे। एक तरफ़ जहां सत्ता के भूखे भेड़िये देश की सामाजिक एकता को तार तार करने पर तुले हैं वहीं देश भर में साम्प्रदायिक सद्भाव की ऐसी अनगिनत मिसालें भी देखने सुनने को मिलेंगी जब हिन्दुओं ने मुसलमानों की व मुसलमानों ने हिन्दुओं की जान बचाई व संकट की घड़ी में एक दूसरे के साथ खड़े दिखाई दिये। गोया नफ़रत की आंधी में मुहब्बत का दीपक हमेशा जलता रहा है जलता रहेगा।

## प्रेरक प्रसंग

### समस्या का हल

एक आश्रम में गुरु अपने कुछ शिष्यों के साथ रहते थे। गुरु सभी शिष्यों को शास्त्रों का ज्ञान दे रहे थे। एक दिन एक शिष्य ने गुरु से कहा, मुझे कोई ऐसा उपाय बताइए, जिससे मुझे जल्दी से जल्दी सफलता मिल सके। ऐसा उपाय जिसकी मदद से हर समस्या हल हो सकती है।

गुरु बहुत विद्वान थे। उन्होंने कहा, मैं एक तरीका बता दूंगा, जिससे तुम्हारी सारी समस्याएं दूर की जा सकती हैं। लेकिन, पहले तुम मेरी बकरी को खूंटे से बांध दो।

गुरु ने अपनी बकरी की रस्सी शिष्य के हाथ में पकड़ा दी।

बकरी किसी से भी आसानी से काबू में नहीं आती थी। शिष्य ने जैसे ही बकरी को खूंटे से बांधने लगे, वह उछल-कूद करने लगी। बहुत कोशिश करने के बाद भी बकरी काबू में नहीं आ रही थी। शिष्य ने कुछ देर सोचा कि इसे कैसे काबू किया जाए। सोचने के बाद बकरी को पकड़ा और उसके पैर रस्सी से बांध दिए। इसके बाद शिष्य ने बकरी को खूंटे से आरामा से बांध दिया। गुरु ये सब देख रहे थे। शिष्य की बुद्धिमानी देखकर गुरु प्रसन्न हो गए।

गुरु ने शिष्य से कहा, ठीक इसी तरह किसी भी समस्या की जड़ को पकड़ लेने से बड़ी से बड़ी समस्या बहुत ही आसानी से हल हो सकती है। यही सफलता का मूल मंत्र है।

विपरीत परिस्थितियों में भी हमें बुद्धिमानी से ही काम करना चाहिए। धैर्य बनाए रखें और सोच-समझकर आगे बढ़ें। सबसे पहले समस्या की जड़ को समझें और फिर उसे हल करने की योजना बनाएं। तभी सफलता मिल सकती है।

## आपका पत्र मिला

### फुलाया गया गुब्बारा फूट चुका

फुटबॉल वर्ल्ड कप शुरू होने से सिर्फ दस दिन पहले फीफा को सस्ते में प्रसारण अधिकार बेचने पड़े हैं। यह घटनाक्रम बताता है कि भारतीय बाजार को लेकर फुलाया गया गुब्बारा अब फूट चुका है। ज़ी ग्रुप का फिर से खेल प्रसारण के क्षेत्र में उतरना अच्छी खबर है। रिलायंस ग्रुप के डिज्नी हॉटस्टार को खरीद लेने और सोनी लिव के भारतीय बाजार में हाथ खींच लेने के बाद जियो-हॉटस्टार की लगभग मोनोपॉली बन गई थी। अब ज़ी ग्रुप ने 11 जून से शुरू हो रहे फुटबॉल वर्ल्ड कप का टीवी एवं डिजिटल प्रसारण अधिकार खरीद कर फिर से प्रतिस्पर्धा की संभावना जगाई है। अब चार साल ज़ी ने 2026 और 2030 के वर्ल्ड कप समेत फीफा के नौ टूर्नामेंट्स के प्रसारण का अधिकार सिर्फ साढ़े तीन करोड़ डॉलर में खरीद लिए है। बताया जाता है कि 2022 में वर्ल्ड कप प्रसारण के दौरान सिर्फ करीब 300 करोड़ रुपये के विज्ञापन ही जुटाए जा सके। इस कारण इस बार इस टूर्नामेंट का बाजार भाव गिर गया। फीफा ने आरंभिक कीमत सिर्फ 2026 के टूर्नामेंट के लिए 10 करोड़ डॉलर रखी थी। जियो हॉटस्टार ढाई करोड़ डॉलर से ज्यादा देने को तैयार नहीं हुआ। सोनी भी शुरुआती बातचीत के बाद मैदान से हट गया। तो टूर्नामेंट शुरू होने से सिर्फ दस दिन पहले फीफा को सस्ते में प्रसारण अधिकार बेचने पड़े। यह घटनाक्रम बताता है कि भारतीय बाजार को लेकर फुलाया गया गुब्बारा अब फूट चुका है। कुछ समय पहले ये गौरतलब खबर आई थी कि जियो हॉटस्टार आईसीसी के साथ अपने क्रिकेट प्रसारण समझौतों पर फिर से सौदेबाजी करना चाहता है। इसका कारण है कि मीडिया अधिकार पाने की लागत बहुत अधिक (138 करोड़ रुपये प्रति मैच) पड़ी है, जबकि विज्ञापन राजस्व उतना नहीं है। आम समझ है कि अगले साल जब फिर से मीडिया अधिकार बिकेंगे, तो आईसीसी को पहले से कम भाव पर ये बिक्री करनी होगी।

**एक नागरिक**
**वाया ई-मेल**

**इस पेज पर प्रकाशित लेखकों के विचार निजी हैं। समाचार पत्र से इनका कोई लेना-देना नहीं है।**
आपके विचार व सुझाव भी आमंत्रित हैं।
**संपादक,**
**स्वतंत्र भारत**
**1, जॉपलिंग रोड,**
**लखनऊ-226001**
*E-mail : swatantrabharat77@gmail.com*

# गर्मियों में बेहद कूल और क्यूट लुक देंगी ये पोलका डॉट ड्रेसेस



फैशन के इस बदलते दौर में आए दिन कुछ न कुछ बदलाव होते रहते हैं। ऐसे में इन दिनों अधिकतर महिलाएं नई ट्रेंड को फॉलो करने के साथ-साथ पुराने ट्रेंड को भी फॉलो कर रही हैं। आज हम आपको इस खबर में कुछ लेटेस्ट और नए डिजाइन वाली पोल्का डॉट ड्रेसेस के बारे में बताएंगे, जो पहले के समय में बहुत ट्रेंड में हुआ करती थी।

**पोल्का डॉट प्रिंट पफ स्लीव रफल्ड ए-लाइन मैक्सी ड्रेस-** अगर आप किसी भी खास नाइट पार्टी में जाने वाली हैं और अपने लुक को परफेक्ट बनाने के लिए लेटेस्ट और नए पैटर्न वाली ड्रेस की तलाश में है, तो अब आप पोल्का डॉट प्रिंट पफ स्लीव रफल्ड ए-लाइन मैक्सी ड्रेस को शामिल कर सकती हैं। ऐसी ड्रेस आपकी खूबसूरती में चार चांद लगा देगी और आपके लुक को डिफरेंट बनाने में मदद करेगी।

**लाल पोल्का प्रिंट वाली स्लीवलेस ए-लाइन ड्रेस-** अगर आप किसी भी खास ट्रिप पर जा रही हैं या दोस्तों के साथ कहीं आउटिंग के लिए जाने का मन बना रही हैं, तो वहां पहनने के लिए आप इस तरह की लाल पोल्का प्रिंट वाली स्लीवलेस ए-लाइन ड्रेस को शामिल कर सकती हैं। ऐसी ड्रेस आपके पूरे ट्रिप वाले लुक को बेहतर और खास बनाने में मदद करेगी साथ ही खूबसूरती को दोगुना कर देगी।

**पोल्का डॉट प्रिंटेड क्रेप फिट एंड फ्लेयर मिडी ड्रेस-** अगर आप एक जैसे कपड़े पहनकर बोर हो गए हैं और कुछ डिफरेंट और नया ट्राई करने का सोच रही हैं, तो अब साधारण ड्रेस पहनने के बजाय आप पोल्का डॉट प्रिंटेड क्रेप फिट एंड फ्लेयर मिडी ड्रेस को शामिल कर अपने लुक को पर्फेक्ट बना सकती हैं। ऐसी पोल्का डॉट ड्रेस इन दिनों काफी चलन में है, जो आपकी खूबसूरती को बढ़ा देगी।

**लाल रंग की पोल्का डॉट प्रिंटेड फिट एंड फ्लेयर ड्रेस** आप चाहें, तो अपने लुक को परफेक्ट और स्टाइलिश बनाने के लिए लाल रंग की पोल्का डॉट प्रिंटेड फिट एंड फ्लेयर ड्रेस को शामिल कर सकती हैं। इसके साथ आप कुछ एक्सेसरीज और मिनिमम मेकअप कर अपने पूरे लुक को कंप्लीट कर सकती हैं। इस तरह की ड्रेस को आप कॉलेज या ऑफिस पहनकर भी जा सकती है। यह आपकी खूबसूरती को और बढ़ाने में मदद करेगी।

**काले रंग की पोल्का डॉट्स वाली मिडी ड्रेस-**यही नहीं आप इस तरह की नई काले रंग की पोल्का डॉट्स वाली मिडी ड्रेस को भी शामिल कर अपने पूरे लुक को अट्रैक्टिव बना सकती हैं। ऐसे ड्रेस इन दिनों अधिकतर लड़कियों की पहली पसंद बनी हुई है, जो आपके लिए भी परफेक्ट हो सकती है। आप इसे ऑनलाइन शॉपिंग वेबसाइट से खरीदकर शामिल कर सकती हैं।

# कैसे करें साड़ियों की केयर

***अगर आप अपनी महंगी और मनपसंद साड़ियों को लंबे समय तक पहनना चाहती हैं तो इसके लिए बहुत जरूरी है उनकी सही तरीके से देखभाल। जिसमें धोने से लेकर प्रेसिंग और वॉर्डरोब में कैसे रखना है ये सारी चीज़ें शामिल होती हैं।***



किसी फंक्शन में अगर आप चाहती हैं कि सेंटर ऑफ अट्रैक्शन बनना, तो लहंगा, गाउन, सूट को साइड कर साड़ी का ऑप्शन चुनें। एवरग्रीन ये आउटफिट्स ट्रेडिशनल मौकों के लिए तो बेस्ट है ही, साथ ही इसे आप और भी दूसरे ओकेज़न पर कैरी कर सकती हैं। इसलिए तो साड़ियां महिलाओं के वॉर्डरोब में जरूर शामिल होती हैं। अगर आपके भी वॉर्डरोब में सिल्क, ऑर्गेन्जा, मलमल, शिफॉन मतलब हर तरह की साड़ी का कलेक्शन मौजूद है, तो अच्छी बाता है, लेकिन क्या आप जानती हैं सभी साड़ियों को अलग-अलग देखभाल की जरूरत होती है। सिल्क की साड़ियों को आप घर में वॉश नहीं कर सकती, तो वहीं जॉर्जेट की साड़ियों को ड्राई क्लीनिंग की जरूरत नहीं होती, तो आज हम साड़ियों के ऐसे ही कुछ केयर टिप्स के बारे में जानने वाले हैं।

21 दिसंबर का दिन वर्ल्ड साड़ी डे के तौर पर मनाया जाता है, तो ये बिल्कुल सही मौका है अपनी महंगी साड़ियों को कैसे लंबे समय तक इस्तेमाल कर सकती हैं ये जानने का।

## कॉटन साड़ी

गर्मियों में सबसे ज्यादा कॉटन साड़ियां ही पहनी जाती हैं। ये देखने में जितनी खूबसूरत लगती हैं पहनने में उतनी ही कंफर्टेबल होती हैं, लेकिन अगर आप अपनी कॉटन की साड़ियों को लंबे समय तक पहनना चाहती हैं, तो इन्हें धोते वक्त कुछ बातों का खास ध्यान रखें।

- कॉटन की साड़ियों को हमेशा अलग से धोएं, बाकी कपड़ों के साथ धोने की गलती न करें।
- पहली बार साड़ी को धो रही हैं, तो सबसे पहले गुनगुने पानी में थोड़ा सा नमक डालकर इसमें साड़ी को भिगोकर रख दें। इससे साड़ी का रंग पक्का हो जाएगा। इसके बाद आप नॉर्मली इसे धो सकती हैं।
- कॉटन की सड़ियों को स्टीम प्रेस की जरूरत होती है।

## शिफॉन या जॉर्जेट की साड़ी

शिफॉन की साड़ियां बहुत नाजुक होती हैं, तो इन्हें भी एक्स्ट्रा केयर की जरूरत होती है। इन्हें धोने के लिए माइल्ड डिटर्जेंट और गुनगुने पानी का इस्तेमाल करें। बहुत तेजी से निचोड़कर पानी निकालने की गलती न करें। छांव में सुखाएं और पहनते वक्त बहुत ज्यादा पिन यूज करने से बचें।

## सिल्क की साड़ी

साड़ियों का कलेक्शन सिल्क की साड़ी के बिना अधूरा है। इस साड़ी की बात ही अलग होती है। खूबसूरत लुक देने वाली सिल्क की साड़ियां बहुत महंगी होती है। इनकी देखभाल का तरीका भी थोड़ा अलग होता है। इस्तेमाल के बाद सिल्क की साड़ियों को ऐसे ही अलमारी में न रख दें, बल्कि हर बार ड्राई क्लीन करवाएं। हां, स्टोर करते वक्त भी ध्यान रहें कि इनके फोल्ड को बीच-बीच में चेंज करते रहें। लंबे समय तक एक ही फोल्ड में रखे रहने की वजह से कई बार साड़ियां वहीं से खराब हो जाती हैं।

## ऑर्गेंजा साड़ी

अपनी पसंदीदा ऑर्गेंजा साड़ी को सालों-साल चलाना है, तो उसके रखरखाव पर ध्यान दें। इन साड़ियों को हमेशा ठंडे पानी में और एक माइल्ड डिटर्जेंट में धोएं। साथ ही तेज धूप में भी न सुखाएं। वॉर्डरोब में इसे हैंगर में टांगने के बजाय कागज में रैप करके रखें।

## प्रिंटेड साड़ियां

डिजिटल प्रिंट या दूसरी हैंडमेड साड़ियों का ही ज्यादातर इस्तेमाल किया जाता है, तो कई बार इन्हें दूसरे कपड़ों के साथ ही वॉश कर दिया जाता है, लेकिन इससे साड़ियां जल्दी खराब हो जाती हैं। ऐसे में इन साड़ियों को भी ठंडे पानी से ही धोना है और छांव में सुखाएं।

# ऐसे पा सकते हैं खूबसूरत नाखून



स्वस्थ बने रहने के लिए सिर्फ शरीर पर ही ध्यान देना जरूरी नहीं है, बल्कि नाखूनों की भी साफ-सफाई और देखभाल जरूरी है क्योंकि इन्हें जरिए कीटाणु आसानी से हमारे शरीर में प्रवेश कर सकते हैं। दूसरा आजकल महिलाएं नाखूनों पर कई तरह के केमिकल युक्त प्रोडक्ट्स का इस्तेमाल कर रही हैं। ये बेशक आपके नाखूनों को खूबसूरत बनाते हैं, लेकिन साथ ही इससे नाखून ड्राई और पीले पड़ जाते हैं, तो कैसे करें इनकी केयर, आइए जान लेते हैं। **वॉटर बेस्ड मैनीक्योर से बचें-**वॉटर बेस्ड मैनीक्योर देखने में भले ही अच्छी लगती हो, लेकिन ये नाखूनों के लिए सही नहीं होती, तो इसे अवॉयड करें। वॉटर बेस्ड मैनीक्योर में नेल पॉलिश नाखूनों पर चिपक जाती है, वहीं अगर आप ऑयल बेस्ड मैनीक्योर चुनती हैं, तो इससे नाखून ड्राई नहीं होते।

**ऑयल से करें मॉयस्चराइज-** अपने नेल्स को तेल से मॉयस्चराइज करें, जिससे वे मजबूत बने रहें। सोने से पहले नेल्स के क्यूटिकल्स पर बादाम का तेल लगाना सही होता है। इससे ड्राईनेस नहीं होती। बादाम का तेल न हो, तो लिप बाम से भी काम चलाया जा सकता है। नेल्स की मसाज करने से वो खूबसूरत नजर आते हैं। **सॉफ्टनर लगाएं-** नेल्स को हेल्दी और मजबूत बनाए रखने के लिए हफ्ते में एक बार मैनीक्योर जरूर करें। इसके लिए नमक वाले गुनगुने पानी में कुछ देर के लिए हाथों को डुबोएं। फिर हाथों की स्क्रबिंग करें और नाखूनों के किनारों में जमी गंदगी को फाइलर की मदद से साफ कर लें। सबसे बाद में सॉफ्टनर का इस्तेमाल करें।

**इन्फेक्शन को करें दूर-** अगर आपके नेल्स के आसपास दाने हो गए हैं या उनमें ब्लीडिंग और खुजली होती रहती है, तो ये इन्फेक्शन हो सकता है। जिसे बिल्कुल भी इग्नोर न करें। इसके अलावा नाखूनों में रेडनेस, सूजन और दर्द रहना फंगल इन्फेक्शन के लक्षण हो सकेत हैं। ऐसे में बिना देर किए डॉक्टर से मिलें और ट्रीटमेंट लें। **बायोटिन को करे ऐड-**बायोटिन हमारे बालों और नाखूनों की मजबूती बढ़ाने में बहुत ही जरूरी विटामिन है। कई रिसर्च में भी इस बात का पता चलता है कि नियमित रूप से बायोटिन सप्लीमेंट लेने से नाखूनों की क्वॉलिटी सुधरती है। वैसे आप विटामिन बी युक्त खानपान को भी डाइट में शामिल कर ये फायदा ले सकती हैं। उबले अंडे, नट्स, पीनट बटर, साबुत अनाज, सोया, फलियां, गोभी, केले और मशरूम को करें डाइट में शामिल।

# थ्रेडिंग करवाते समय आजमाएं ये घरेलू नुस्खे



आईब्रोज करवाने के बाद चेहरे की खूबसूरती और भी ज्यादा बढ़ जाती है। इसे चेहरे का एक ऐसा हिस्सा माना जाता है। थ्रेडिंग करवाने के तुरंत बाद ही आईब्रोज साफ और सही शेप में नजर आती है लेकिन त्वचा बहुत ही मुलायम होती है। ऐसे में थ्रेडिंग करवाने के बाद महिलाओं को असहनीय दर्द होता है। इसके अलावा आइब्रोज के बाद चेहरे पर सूजन और जलन होने लगती है। ऐसे में यदि आपको भी आइब्रो करवाने के बाद असहनीय दर्द होता है तो आज आपको कुछ ऐसे घरेलू नुस्खे बताते हैं जिनके जरिए आप इससे राहत पा सकते हैं। **ठंडे पानी का इस्तेमाल** -थ्रेडिंग के बाद यदि आपके आइब्रोज सूज जाती हैं तो आप ठंडे पानी का इस्तेमाल कर सकते हैं। ठंडे पानी के साथ अपनी आइब्रोज धोएं। दिन में कई बार आईब्रोज पर ठंडा पानी लगाने से दर्द भी कम होगी और आपको सूजन से भी आराम मिलेगी।

**हल्दी** - सूजन की समस्या दूर करने के लिए आप हल्दी का इस्तेमाल कर सकते हैं। हल्दी को गर्म पानी के साथ मिलाकर आइब्रो पर लगाएं। 15 मिनट के बाद आइब्रो को पानी से धो लें। हल्दी में पाए जाने वाले एंटीसेप्टिक गुण सूजन और दर्द दूर करने में मदद करेंगे। **ठंडी सिकाई** - यदि आपको थ्रेडिंग करवाने के सूजन हो गई है तो आप ठंडी सिकाई कर सकते हैं। ठंडी सिकाई करने के लिए आप बर्फ से रुमाल को लपेट लें, फिर इससे आइब्रो की सिकाई करें। आपको दर्द से काफी आराम मिलेगा। **एलोवेरा जेल** - थ्रेडिंग के बाद होने वाली सूजन दूर करने के लिए आप एलोवेरा जेल इस्तेमाल कर सकते हैं। एलोवेरा जेल को आइब्रो पर लगाकर रखें और 15 मिनट के बाद आइब्रो धो लें। आपको दर्द और सूजन से काफी आराम मिलेगा। **नारियल तेल** - थ्रेडिंग के बाद होने वाले दर्द और सूजन दूर करने के लिए नारियल तेल आपके लिए अच्छा ऑप्शन रहेगा। नारियल तेल की मदद से त्वचा को काफी आराम मिलता है और सूजन भी कम होती है। नारियल तेल के अलावा आप चाहें तो बादाम तेल का इस्तेमाल भी कर सकते हैं।

# बालों में तेल लगाने का सही तरीका



स्वस्थ और घने बालों की चाहत हर किसी की होती है, और इसके लिए सही हेयर केयर रूटीन का पालन करना बेहद जरूरी है। बालों की देखभाल में शैंपू, कंडीशनर और मेहंदी के साथ-साथ तेल का उपयोग भी अहम भूमिका निभाता है। तेल न सिर्फ बालों को पोषण देता है, बल्कि उन्हें जड़ से मजबूत बनाता है। लेकिन सवाल यह उठता है कि बालों पर तेल कब लगाना चाहिए- बाल धोने से पहले या बाद में?

इस लेख में हम जानेंगे कि तेल लगाने का सही समय क्या है और यह आपके बालों की सेहत के लिए क्यों जरूरी है।

**बालों पर तेल लगाने का सही समय कब और कैसे?**

बालों पर तेल हमेशा धोने से पहले लगाना चाहिए। तेल से बालों की मालिश करने से स्कैल्प में ब्लड सर्कुलेशन बेहतर होता है, जिससे बालों की जड़ें मजबूत होती हैं और बाल स्वस्थ रहते हैं। बाल धोने से 3-4 घंटे पहले या एक रात पहले गुनगुने तेल से बालों की मालिश करें, इससे तेल बालों की जड़ों तक अच्छे से पहुंचता है और बालों को पोषण मिलता है।

**कैसे लगाएं तेल?**

बाल धोने से पहले तेल को हल्का गुनगुना करें।बालों और स्कैल्प पर उंगलियों की मदद से तेल लगाएं। हल्के हाथों से मालिश करें ताकि तेल जड़ों तक पहुंचे। इसके बाद, पानी में भिगोए हुए गर्म तौलिए को सिर पर बांधें। इससे स्कैल्प के रोमछिद्र खुल जाते हैं और तेल बालों की जड़ों में अच्छी तरह से समा जाता है। 3-4 घंटे बाद या एक रात पहले तेल लगाकर आप माइल्ड शैंपू से बाल धो सकते हैं।

**बाल धोने के बाद तेल क्यों नहीं लगाना चाहिए?**

कई लोग बाल धोने के बाद तेल लगाते हैं, लेकिन यह सही तरीका नहीं है। बालों पर धूल-मिट्टी और प्रदूषण चिपक जाता है, जिससे बाल कमजोर होकर टूटने लगते हैं। इसलिए बाल धोने के बाद तेल लगाने से बचना चाहिए।

# खो रही है पैरों की नमी तो करें इन चीजों का इस्तेमाल



चेहरे और हाथ का ध्यान तो लोग रख लेते हैं, लेकिन जब बारी आती है पैर की तो हर कोई पैरों का ध्यान नहीं रख पाता है। जिस वजह से पैर काफी ड्राई होने लगते हैं। अगर आपके साथ भी यही परेशानी है तो आप घर पर ही इस परेशानी से छुटकारा पा सकते हैं। आज हम आपको कुछ ऐसी ही चीजों के बारे में बताएंगे, जिसके इस्तेमाल से आपके पैर मुलायम हो जाएंगे। **पेट्रोलियम जेली** : अगर आपके पैर काफी ज्यादा रूखे हो रहे हैं और आपके पास इतना समय नहीं है कि आप किसी तरह की फुट केयर कर पाएं तो इसके लिए पेट्रोलियम जेली एक बेहतर विकल्प है। आप आसानी से पेट्रोलियम जेली का इस्तेमाल करके अपने पैरों को मुलायम बना सकते हैं। पेट्रोलियम जेली आपको आसानी से बाजार में मिल जाएगी। **शहद** : शहद में कई ऐसे तत्व पाए जाते हैं, जो त्वचा के रूखेपन से आपको छुटकारा दिला सकते हैं। अगर आप शहद का इस्तेमाल करना चाहते हैं तो 10 से 15 मिनट तक इसे अपने पैरों पर लगाएं और फिर पैरों को गुनगुने पानी से साफ कर लें। इससे आपको फायदा जरूर मिलेगा।

# भीषण गर्मी में जींस की जगह पहनें ये 5 हल्के और स्टाइलिश बॉटम्स



गर्मियों का मौसम आते ही फैशन और आराम के बीच संतुलन बनाना एक चुनौती बन जाता है। खासकर जब तापमान 45 डिग्री सेल्सियस तक पहुंच जाए, तब भारी और टाइट जींस पहनना पूरे दिन असुविधाजनक महसूस करा सकता है। जींस का मोटा फैब्रिक गर्मी को रोकता है, जिससे पसीना और चिपचिपाहट बढ़ सकती है। यही वजह है कि फैशन एक्सपर्ट्स गर्मियों में हल्के और ब्रीदेबल फैब्रिक वाले कपड़े पहनने की सलाह देते हैं। आज बाजार में ऐसे कई ट्रेंडी बॉटम्स उपलब्ध हैं जो न केवल गर्मी से राहत देते हैं बल्कि आपके स्टाइल को भी बेहतर बनाते हैं। चाहे आप ऑफिस जा रही हों, कॉलेज, शॉपिंग या दोस्तों के साथ आउटिंग पर, ये बॉटम्स हर मौके पर शानदार लुक दे सकते हैं। अगर आप भी इस गर्मी में अपने वॉर्डरोब को अपडेट करना चाहती हैं, तो जींस की जगह इन स्टाइलिश और आरामदायक विकल्पों को जरूर ट्राई करें। **लिनन पैंट्स** - लिनन फैब्रिक गर्मियों के लिए सबसे पसंदीदा माना जाता है। यह हल्का, सॉफ्ट और हवा पार होने वाला होता है। ऑफिस से लेकर कैजुअल आउटिंग तक हर जगह स्टाइलिश लगता है। न्यूट्रल रंगों की लिनन पैंट्स इस सीजन में काफी ट्रेंड में हैं। **पलाज़ो पैंट्स-** पलाजो का ढीला और फ्लोई डिज़ाइन गर्मी में आराम देता है। एथनिक और वेस्टर्न दोनों टॉप्स के साथ आसानी से मैच हो जाता है। पूरे दिन पहनने पर भी भारीपन महसूस नहीं होता। समर फैशन में पलाज़ो हमेशा ट्रेंड में रहते हैं। **कॉटन ट्राउजर** - कॉटन फैब्रिक पसीना जल्दी सोखता है। फॉर्मल और कैजुअल दोनों लुक के लिए ट्राउजर उपयुक्त होता है। ऑफिस जाने वाली महिलाओं के लिए यह बेहतरीन विकल्प हो सकता है। गर्मियों में कॉटन ट्राउजर स्टाइल और आराम का शानदार कॉम्बिनेशन है। **कुलॉट्स** - कुलॉट्स वाइड फिट और क्रॉप्ड लेंथ के कारण गर्मियों में बेहद आरामदायक लगता है। यह मॉडर्न और ट्रेंडी लुक देती हैं।

# महंगे फेशियल छोड़िए, आधा आलू और आधा केला कर सकता है कमाल

गर्मियों के मौसम में तेज धूप, गर्म हवाएं और लगातार बाहर निकलने की वजह से त्वचा पर सन टैनिंग की समस्या आम हो जाती है। चेहरे, गर्दन, हाथ और पैरों की त्वचा अपनी प्राकृतिक रंगत खोने लगती है और कई बार त्वचा बेजान और रूखी भी दिखने लगती है। आलू और केला ऐसा ही एक कॉम्बिनेशन माना जाता है, जिसे कई लोग त्वचा को मुलायम और फ्रेश रखने के लिए इस्तेमाल करते हैं। खास बात यह है कि इस फेस पैक को बनाने के लिए ज्यादा सामग्री की जरूरत नहीं होती और इसे घर पर कुछ ही मिनटों में तैयार किया जा सकता है। **कैसे बनाएं आलू-केला फेस पैक?** इस घरेलू नुस्खे के लिए सिर्फ आधा आलू लें। इसका छिलका न हटाएं।आधा पका हुआ केला मिलाएं। केले के छिलके पर अंदर की तरफ लगा रेशा भी उपयोग में लाएं। अब इसमें 2 से 3 चम्मच दूध या नारियल का दूध डालें। सभी चीजों को ब्लेंड करके स्मूद पेस्ट तैयार कर लें। ध्यान रखें कि मिश्रण ज्यादा पतला न हो, ताकि इसे आसानी से चेहरे और त्वचा पर लगाया जा सके। **त्वचा पर कैसे करें इस्तेमाल?** तैयार पेस्ट को चेहरे, गर्दन या शरीर के उन हिस्सों पर लगाएं जहां सन टैनिंग ज्यादा दिखाई दे रही हो। इसे लगभग 15 से 20 मिनट तक लगा रहने दें। इसके बाद हल्के हाथों से मसाज करते हुए सामान्य पानी से धो लें। सप्ताह में 2 से 3 बार इसका इस्तेमाल किया जा सकता है। **इस फेस पैक में क्या है खास?** आलू में मौजूद प्राकृतिक तत्व त्वचा को ठंडक देने में मदद कर सकते हैं।जबकि केला त्वचा को मॉइस्चराइज रखने के लिए जाना जाता है।



-ज्योतिषाचार्य-पंडित आशीष शुक्ल

**दैनिक पंचांग लखनऊ**

**बृहस्पतिवार, 11 जून 2026**

श्री शुभ सम्वत् 2083 शके1948 श्री सूर्य उत्तर अयने पृथ्वी उत्तर गोलगते ग्रीष्म ऋतौ ज्येष्ठ मासोत्तमे कृष्ण पक्षे, एकादशी तिथौ गुरु वासरे 22/37/ रेवती नक्षत्रे 08/17/ शोभन योग 25/00/ बव करणे 11/53/ मेष राशिगत चन्द्रमा घं.08मि.17पर।

व्रत एवं त्यौहार- पंचक समाप्त घं.08 मि.17 पर। कमला एकादशी।

**मेष** : परिवारिक जीवन सूखमय होगा। व्यावसायिक योजना को बल मिलेगा। जीवन स्तर में सुधार होगा।

**तुला** : लाभ मार्ग प्रशस्त होगा। कारोबार उन्नति होगी। मित्रों का सहयोग मिलेगा। यात्राओं का लाभ होगा।

**वृष** : वस्त्र भोजन व शमन सुख उत्तम होगा। सेवावृत्ति वाले जनो को शुभ संदेश मिलेंगे। सम्पत्ति में वृद्धि का योग बनेगा। यात्राएं चिंता बढ़ाएगी।

**वृश्चिक** : सुख में कमी रहेगी। कटु वचन ना कहें। यात्रा से लाभ। धैर्य बनाएं रखें। आर्थिक मामलों में जोखिम न उठाएं। व्यय भार बढ़ेगा।

**मिथुन** : व्यक्तिगत कार्यबाधा रहेगी। गलत सलाह मानकर हानि पाएंगे। जीवन साथी का सहयोग मिलेगा। धन लाभ अल्प होगा।

**धनु** : शारीरिक सुख में वृद्धि होगी। परिवार में सुख साधन की वृद्धि होगी। दुर्गा जी की उपासना से लाभ होगा। असम्मान का भाव रहेगा।

**कर्क** : गृह उपयोगी वस्तुओं में वृद्धि होगी। आर्थिक पक्ष मजबूत होगा। पुरुषार्थ सार्थक होगा। रुके कार्य में प्रगति होगी।

**मकर** : बुद्धि चातुर्य से उत्तम धन लाभ होगा। संयम एवं धैर्य से कार्य के होने की संभावना है। यात्रा का योग।

**सिंह** : जीवनसाथी का सहयोग एवं सानिध्य मिलेगा। धन सम्मान में वृद्धि होगी। आय-व्यय में संतुलन आवश्यक है। आलस्य त्यागे।

**कुंभ** : नए संपर्कों से लाभ होगा। स्थान परिवर्तन का योग बनेगा। दूर की यात्रा का योग बनेगा। सन्मार्ग पर चित्त रखने से लाभ होगा।

**कन्या** : व्यर्थ की उलझन रहेगी। यात्रा की स्थिति सुखद एवं लाभकारी रहेगी। व्यस्तता अधिक होगी। आत्मबल में सुधार होगा।

**मीन** : दांपत्य जीवन सुखमय। परिवार का सहयोग मिलेगा। लाभ का मार्ग प्रशस्त होगा। संचित कोष से व्यय होगा।



# डीएम व सीडीओ ने किया कंपोजिट विद्यालय का स्थलीय निरीक्षण

**स्वतंत्र भारत ग़ाज़ीपुर।** गाजीपुर जिलाधिकारी अनुपम शुक्ला एवं मुख्य विकास अधिकारी आलोक प्रसाद द्वारा विकास खंड मनिहारी में निर्माणाधीन मुख्यमंत्री मॉडल कंपोजिट स्कूल का संयुक्त रूप से स्थलीय निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान अधिकारियों ने विद्यालय भवन के निर्माण कार्यों की प्रगति, गुणवत्ता तथा निर्धारित समयसीमा के अनुसार कार्यों के निष्पादन की विस्तृत समीक्षा की। जिलाधिकारी ने निर्माणाधीन भवन के विभिन्न भागों का निरीक्षण करते हुए संबंधित कार्यदायी संस्था एवं निर्माण एजेंसी के अधिकारियों से निर्माण कार्य की वर्तमान स्थिति की जानकारी प्राप्त की। उन्होंने निर्माण सामग्री की गुणवत्ता, सुरक्षा मानकों तथा तकनीकी मानकों के अनुरूप कार्य सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री मॉडल कंपोजिट स्कूल शासन की एक महत्वपूर्ण एवं महत्वाकांक्षी परियोजना है, जिसका उद्देश्य विद्यार्थियों को आधुनिक सुविधाओं से युक्त गुणवत्तापूर्ण शैक्षणिक वातावरण उपलब्ध कराना है। उन्होने कहा कि मुख्यमंत्री मॉडल कंपोजिट स्कूल के निर्माण पूर्ण होने के पश्चात क्षेत्र के विद्यार्थियों को आधुनिक एवं गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्राप्त करने का अवसर मिलेगा। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि निर्माण कार्यों की नियमित मॉनिटरिंग करते हुए सभी कार्य समयबद्ध एवं गुणवत्तापूर्ण ढंग से पूर्ण कराए जाएं। जिलाधिकारी ने सरकार द्वारा बन रहे योजना के अन्तर्गत इस विद्यालय का निरीक्षण किया इस योजना को सरकार की महत्वपूर्ण योजना बताते हुए कहा कि विद्यालय में 1 से 12 तक के बच्चों को एक जगह पढ़ने की व्यवस्था की गई है, यह विद्यालय अटल आवासीय विद्यालय के तर्ज पर बना है और यह विद्यालय हर जिला में बन रहा है। यह विद्यालय भी नवंबर तक बनकर तैयार हो जाएगा, जिलाधिकारी ने कहा कि इस विद्यालय को बनाने के लिए समय से कम चल रहा है एवं गुणवत्ता के लिए इलाहाबाद एमएनआईटी प्रयागराज से जांच भी करवाई जा चुकी है जिससे गुणवत्ता संतोषजनक पाई गई अगर आगे चलकर कोई गुणवत्ता में कमी पायी जाती है तो कार्यदायी संस्था के ऊपर एग्रीमेंट के अनुसार कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने निर्माण कार्य में किसी भी प्रकार की शिथिलता न बरतने तथा निर्धारित समय सीमा के भीतर कार्य पूर्ण करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि निर्माण कार्यों में गुणवत्ता से किसी भी प्रकार का समझौता स्वीकार नहीं किया जाएगा। यदि कहीं भी मानकों के अनुरूप कार्य नहीं पाया जाता है तो संबंधित के विरुद्ध नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी।



## विद्यालय पर शिक्षा विभाग सख्त, संचालन बंदी का निर्देश

**स्वतंत्र भारत जौनपुर।** रामनगर ब्लाक के दमोदरा स्थित एमडीएसएन गुरुकुलम विद्यालय को लेकर शिक्षा विभाग ने कड़ा रुख अपनाया है। खंड शिक्षा अधिकारी, रामनगर द्वारा जारी पत्र में विद्यालय की मान्यता पर सवाल उठाते हुए तत्काल विद्यालय संचालन बंद करने और एक सप्ताह के भीतर स्पष्टीकरण प्रस्तुत करने का निर्देश दिया गया है।खंड शिक्षा अधिकारी के पत्र के अनुसार, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी के निर्देश पर मामले की समीक्षा की गई। पत्र में उल्लेख है कि विद्यालय जिस भूमि पर संचालित हो रहा है, उस भूमि को लेकर सिद्धेश्वर योग आश्रम ट्रस्ट दमोदरा बनाम ग्राम सभा दमोदरा व अन्य का मामला विचाराधीन है। संबंधित भूमि के संक्रमणीय असंक्रमणीय स्वरूप तथा भूमि उपयोग परिवर्तन को लेकर भी स्थिति स्पष्ट नहीं है और इस संबंध में कोई सक्षम आदेश उपलब्ध नहीं है।

# महाराजा सुहेलदेव राजभर विजय दिवस पर निकली भव्य शोभायात्रा



**स्वतंत्रभारत मऊ।** नगर के मझवारा मोड़ स्थित जूनियर हाईस्कूल घोसी के परिसर से बुधवार की दोपहर में महाराजा सुहेलदेव राजभर विजय दिवस के अवसर पर भव्य शोभा यात्रा रूपेंद्र राजभर एवं मुखराम राजभर के नेतृत्व में निकली।जिसके माध्यम से महाराजा सुहेलदेव राजभर के विचारों से लोगों को अवगत कराया गया।यह शोभा यात्रा जूनियर हाईस्कूल घोसी से निकल कर मझवारा मोड़,सिनेमा हाल,ब्लाक घोसी,तहसील मुख्यालय होते हुए मधुबन मोड़ ,बड़ागांव होते हुए धरौली मोड़ पहुंच कर समाप्त हुआ।महाराजा सुहेलदेव राजभर विजय दिवस के अवसर पर बुधवार को जूनियर हाईस्कूल घोसी के परिसर से निकाली भव्य शोभा यात्रा के माध्यम से महाराजा सुहेलदेव राजभर के विचारों से अवगत कराने के साथ ही लोगों को जागरूक किया गया।मुख्य अतिथि भाजयुमो के पश्चिमी बंगाल के प्रभारी शक्ति सिंह ने कहाक महाराजा सुहेलदेव राजभर की ऐतिहासिक जीत के सम्मान में मनाया जा रहा है, जिन्होंने 10 जून 1034 को बहराइच में आक्रांता सालार मसूद गाजी को परास्त किया था।विशिष्ट अतिथि पिछड़ा मोर्चा के जिलाध्यक्ष राम प्रवेश राजभर ने कहाकि राजभर समाज का इतिहास गौरवशाली रहा है।देश के आजादी से लेकर समाज में व्याप्त कुरीतियों के निराकरण में अहम भूमिका रही है। इस अवसर पर संजय राजभर,मुखराम राजभर, लल्लन राजभर, अखिलेश राजभर,नीतीश राजभर ,ग्राम प्रधान रामप्रवेश राजभर उर्फ लारा,प्रधान संघ अध्यक्ष प्रवीण कुमार राजभर डब्लू, मोतीचंद राजभर रुपेंद्र राजभर आदि उपस्थित रहे।

## खबर एक नजर

### आंधी-बारिश से मकान क्षतिग्रस्त, घायल परिवार ने मांगी मदद

**स्वतंत्रभारत मऊ।** मंगलवार रात आई तेज आंधी और बारिश से नासिरपुर गांव में एक मकान पर नीम और महुआ के पेड़ की डालियां गिर गईं। हादसे में मकान क्षतिग्रस्त हो गया तथा शशिकला, उनके पति और पुत्र घायल हो गए।आर्थिक तंगी से जूझ रही पीड़िता ने उपजिलाधिकारी मुहम्मदाबाद गोहना से आपदा राहत कोष से सहायता तथा दुर्घटना का कारण बने पेड़ों को कटवाने की मांग की है। आंधी के कारण क्षेत्र में कई स्थानों पर बिजली आपूर्ति भी बाधित रही।

### राज्य वित्त आयोग से संवाद के लिए सन्नी मल्ल चयनित

**स्वतंत्रभारत मधुबन।** छठे राज्य वित्त आयोग द्वारा पंचायतों की वित्तीय व्यवस्था एवं ग्रामीण विकास संबंधी सुझावों के लिए आयोजित बैठक में लखनौर ग्राम पंचायत के निवर्तमान प्रधान/प्रशासक आनंद कुमार मल्ल उर्फ सन्नी मल्ल का चयन किया गया है।12 जून को लखनऊ में होने वाली बैठक में वह पंचायतों की आर्थिक जरूरतों और ग्रामीण विकास से जुड़े सुझाव आयोग के समक्ष रखेंगे। क्षेत्रीय लोगों ने इसे मऊ जनपद के लिए गौरवपूर्ण उपलब्धि बताया।

### नाबालिग को ले जाने के आरोप में पांच पर मुकदमा दर्ज

**स्वतंत्रभारत मधुबन।** रामपुर थाना क्षेत्र में एक नाबालिग को बहला-फुसलाकर ले जाने के आरोप में पुलिस ने अजय राजभर समेत पांच लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है।परिजनों की तहरीर पर दर्ज रिपोर्ट में आरोप है कि नाबालिग को साथ ले जाने के बाद जानकारी मांगने पर आरोपितों ने धमकी दी। पुलिस ने संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर किशोरी की तलाश शुरू कर दी है। मामले की जांच उपनिरीक्षक अशोक तिवारी कर रहे हैं।

### विवाहिता का शव फंदे से लटका मिला

**स्वतंत्रभारत मऊ।** दुबारी चौकी क्षेत्र के मनपरवा गांव में बुधवार सुबह 25 वर्षीय विवाहिता लक्ष्मी का शव संदिग्ध परिस्थितियों में फंदे से लटका मिला। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।मृतका की शादी वर्ष 2020 में हुई थी और वह दो मासूम बेटियों को छोड़ गई हैं। मायके पक्ष ने ससुराल वालों पर गंभीर आरोप लगाते हुए निष्पक्ष जांच की मांग की है। क्षेत्राधिकारी अंजनी कुमार पाण्डेय ने बताया कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

### दुष्कर्म मामले में वांछित अभियुक्त गिरफ्तार

**स्वतंत्रभारत मऊ।** पुलिस अधीक्षक कमलेश बहादुर के निर्देशन में चलाए जा रहे अपराधियों के विरुद्ध अभियान के तहत कोतवाली नगर पुलिस ने एक वांछित अभियुक्त को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर रोडवेज रेलवे ग्राउंड के पास से मु.अ.सं. 142/26 में वांछित असगर खान (30) निवासी कोडरमा, झारखंड को गिरफ्तार कर न्यायालय भेज दिया। अभियुक्त के खिलाफ संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज है।

### साइबर पुलिस की कार्रवाई से पीड़ितों को वापस मिले 81 हजार रुपये

**स्वतंत्रभारत मऊ।** जनपद में साइबर ठगी के मामलों में त्वरित कार्रवाई करते हुए पुलिस ने विभिन्न थाना क्षेत्रों के पीड़ितों के खातों में कुल 81,009 रुपये वापस कराए हैं। साइबर क्राइम थाना, घोसी, कोपागंज एवं मुहम्मदाबाद गोहना पुलिस टीमों की कार्रवाई से कई पीड़ितों को राहत मिली। पुलिस अधीक्षक कमलेश बहादुर ने लोगों से ऑनलाइन ठगी, फर्जी कॉल, लिंक एवं ओटीपी साझा करने से सावधान रहने तथा साइबर अपराध होने पर तत्काल हेल्पलाइन 1930 पर शिकायत दर्ज कराने की अपील की है।

### ग्राम पंचायतों में स्वच्छता व वृक्षारोपण अभियान तेज

**स्वतंत्रभारत मऊ।** केंद्र सरकार के 12 वर्ष पूर्ण होने पर 5 से 21 जून तक जनपद की ग्राम पंचायतों एवं मलिन बस्तियों में विशेष स्वच्छता, जन जागरूकता और वृक्षारोपण अभियान चलाया जा रहा है।अभियान के तहत साफ-सफाई, वृक्षारोपण, जन चौपाल और सरकारी योजनाओं के प्रचार-प्रसार के कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। जिला पंचायती राज अधिकारी कुमार अमरेंद्र ने बताया कि इसका उद्देश्य स्वच्छता, पर्यावरण संरक्षण और जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी आमजन तक पहुंचाना है।

### व्यापारी-अधिकारी संवाद में उठीं जीएसटी व बीमा संबंधी समस्याएं

**स्वतंत्रभारत मऊ।** राज्य कर विभाग द्वारा आयोजित व्यापारी-अधिकारी संवाद कार्यक्रम में व्यापारियों ने जीएसटी पोर्टल, आईटीसी, रिटर्न दाखिल करने और व्यापारी बीमा योजना से जुड़ी समस्याएं अधिकारियों के समक्ष रखीं।सहायक आयुक्त राज्य कर नितिन श्रीवास्तव ने व्यापारियों को जीएसटी प्रावधानों, ई-वे बिल, ई-इनवॉइस एवं व्यापारी दुर्घटना बीमा योजना की जानकारी दी। व्यापारियों ने जीएसटी पोर्टल को हिंदी में उपलब्ध कराने तथा दुर्घटना बीमा की राशि बढ़ाने की मांग भी उठाई।

### विकसित कृषि संकल्प अभियान में किसानों को दी गई योजनाओं की जानकारी

**स्वतंत्रभारत मऊ।** केंद्र सरकार के 12 वर्ष पूर्ण होने पर चल रहे जन जागरूकता अभियान के तहत कोपागंज, रतनपुरा और परदहां ब्लॉक के गांवों में 'विकसित कृषि संकल्प अभियान' आयोजित किया गया।कार्यक्रम में कृषि, उद्यान, पशुपालन एवं मत्स्य विभाग के अधिकारियों ने किसानों को आधुनिक खेती, कृषि तकनीकों और विभिन्न सरकारी योजनाओं की जानकारी दी। जिला उद्यान अधिकारी राम सिंह ने किसानों से उद्यानिकी योजनाओं का लाभ उठाकर आय बढ़ाने का आह्वान किया।

### डीएम-एसपी ने पुलिस भर्ती परीक्षा केंद्रों का किया निरीक्षण

**स्वतंत्रभारत मऊ।** उत्तर प्रदेश पुलिस भर्ती परीक्षा-2025 के तीसरे दिन जिलाधिकारी आनंद वर्द्धन और पुलिस अधीक्षक कमलेश बहादुर ने विभिन्न परीक्षा केंद्रों का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। अधिकारियों ने सुरक्षा, सीसीटीवी निगरानी, पेयजल एवं अन्य सुविधाओं की समीक्षा करते हुए परीक्षा को निष्पक्ष, पारदर्शी और नकलविहीन ढंग से संपन्न कराने के निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान संत गणिनाथ पीजी कॉलेज और टाउन इंटर कॉलेज, मोहम्मदाबाद गोहना सहित अन्य केंद्रों का भी जायजा लिया गया।

### पंचायत निर्वाचन की अंतिम मतदाता सूची प्रकाशित

**स्वतंत्रभारत मऊ।** पंचायत निर्वाचन क्षेत्रों की अंतिम निर्वाचक नामावली का संशोधन कार्य पूर्ण होने के बाद 10 जून 2026 को उसका प्रकाशन कर दिया गया है।अपर जिलाधिकारी एवं निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी प्रवींद्र कुमार ने बताया कि नामावली की प्रतियां संबंधित तहसीलों, खंड विकास अधिकारी कार्यालयों एवं ग्राम पंचायत कार्यालयों में निरीक्षण हेतु उपलब्ध हैं। उन्होंने नागरिकों से मतदाता सूची का अवलोकन करने की अपील की है।

# किसान खेत मजदूर संगठन ने किया प्रदर्शन

**स्वतंत्र भारत जौनपुर।** कलक्ट्रेट परिसर में भारतीय किसान खेत मजदूर संगठन ने बुधवार को केंद्र सरकार के खिलाफ देशव्यापी संघर्ष का ऐलान किया। संगठन ने अपनी मांगों को लेकर भारत के राष्ट्रपति को एक ज्ञापन भी सौंपा है। संगठन के नेता राजनाथ यादव ने बताया कि केंद्र सरकार ने 2020 में तीन कृषि कानून पारित किए थे, जिनका व्यापक विरोध हुआ था। संयुक्त मोर्चा के ऐतिहासिक आंदोलन के बाद प्रधानमंत्री को ये कानून वापस लेने पड़े थे। किसानों ने दिसंबर 2020 में सशर्त आंदोलन वापस लिया था। हालांकि, संगठन का आरोप है कि केंद्र सरकार ने अपने वादों पर अमल नहीं किया, जिससे किसानों में असंतोष बढ़ रहा है। इसी कारण अब देशव्यापी संघर्ष का निर्णय लिया गया है। संगठन ने राष्ट्रपति से अपनी शक्तियों का उपयोग कर किसानों को न्याय दिलाने का आग्रह किया है। ंगठन की प्रमुख मांगों में एमएसपी कानून को तुरंत लागू करना और खरीद सुनिश्चित करना शामिल है। इसके साथ ही, खाद, बीज और डीजल की पर्याप्त आपूर्ति रियायती दरों पर करने की मांग की गई है। किसानों ने बिजली संशोधन विधेयक 2021 को वापस लेने और स्मार्ट मीटर पर रोक लगाने की भी अपील की है।अन्य मांगों में किसानों और मजदूरों के सभी कर्ज माफ करना तथा मुफ्त बिजली प्रदान करना शामिल है।



### संदिग्ध हालात में युवती ने खाया विषाक्त पदार्थ

**स्वतंत्रभारत मऊ।** कोतवाली क्षेत्र के सरया गांव निवासी 22 वर्षीय ज्योति निषाद ने बुधवार दोपहर संदिग्ध परिस्थितियों में विषाक्त पदार्थ का सेवन कर लिया। जानकारी होते ही परिजन उसे सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले गए।प्राथमिक उपचार के बाद हालत गंभीर होने पर चिकित्सकों ने उसे जिला अस्पताल रेफर कर दिया।

### तेल गिरने से कई बाइक गिरी, दस घायल

**स्वतंत्र भारत जौनपुर।** गौराबादशाहपुर कस्बा के नयनसंड मोड़ के पास मंगलवार को सड़क पर गिरे सरसों के तेल के कारण कई बाइक एक के बाद एक करके फिसल गई। बाइक के फिसलने से दस बाइक सवार घायल हो गए हैं।

# क्रिकेट के फाइनल मुकाबले में बहादुपुर ने जमानिया को हराया



**स्वतंत्र भारत जमानिया।** ग़ाज़ीपुर जनपद के जमानिया में गंगा किनारे स्थित मां कपूरा सपोर्टिंग क्लब के तत्वावधान में ईदगाह के पीछे मैदान में चल क्रिकेट प्रतियोगिता का समापन फाइनल मुकाबला जबरदस्त और रोमांचक रहा। टॉस जीतकर पहले बैटिंग करते हुये बहादुरपुर ने 12 ओवर में सभी विकेट खोकर 74 रन बनाये। जवाब में चौधरी मोहल्ला जमानिया की टीम 70 रन पर आ आउट हो गई। फाइनल मैच के मुख्य अतिथि दिलदारनगर पंचायत अविनाश जायसवाल उर्फ नेपाली रहें,उन्होंने फीता काटकर खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त की और कुछ लम्बे शॉट खेलकर अपने पुराने दिन को याद किया। मैन ऑफ द मैच अभिषेक और मैन ऑफ द सिरीज़ सचिन रहें। आयोजन संदीप गुप्ता और दिलीप चौधरी ने किया। विशिष्ट अतिथि सभासद राज चौधरी और रोहित शर्मा और कांग्रेस जमानिया नगर अध्यक्ष ज़ीशान जलाली रहे। अम्पायर के भूमिका में आज़ाद और दिलीप रहें, कॉमेंटेटर सेराज,ज़फ़र इक़बाल और बृजेश पांडेय रहें।

### साइबर टीम की तत्परता से पीड़ित को मिले 24 हजार वापस

**स्वतंत्रभारत मऊ।** साइबर ठगी के शिकार हुए एक व्यक्ति को पुलिस की सक्रियता से बड़ी राहत मिली है। थाना मुहम्मदाबाद गोहना की साइबर टीम ने कार्रवाई करते हुए फ्रॉड की गई 24 हजार रुपये की धनराशि पीड़ित के खाते में वापस कराई। बंदीघाट निवासी प्रवीण भारद्वाज ने साइबर पोर्टल पर यूपीआई के माध्यम से ठगी की शिकायत दर्ज कराई थी। जांच के दौरान उप निरीक्षक विकास कुमार एवं साइबर टीम ने त्वरित कार्रवाई कर धनराशि वापस कराई। पैसा वापस मिलने पर पीड़ित ने पुलिस का आभार जताते हुए टीम की सराहना की।

### पुलिस भर्ती परीक्षा शांतिपूर्ण संपन्न

**स्वतंत्रभारत मऊ।** पुलिस भर्ती बोर्ड की परीक्षा के अंतिम दिन बुधवार को नेशनल इंटर कॉलेज, टाउन इंटर कॉलेज, संत गणिनाथ पीजी कॉलेज एवं पब्लिक महिला पीजी कॉलेज में दो पालियों में परीक्षा शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हुई। परीक्षा केंद्रों पर पुलिस बल मुस्तैद रहा और सुरक्षा व्यवस्था कड़ी रही।गाजीपुर, बलिया, जौनपुर और आजमगढ़ से आए अभ्यर्थियों को भीषण गर्मी व उमस के कारण काफी परेशानी का सामना करना पड़ा। रेलवे स्टेशन, बस स्टेशन और अन्य सार्वजनिक स्थानों पर परीक्षार्थियों की भारी भीड़ रही। रेलवे स्टेशन पर पेयजल और पंखों की व्यवस्था ठप होने से अभ्यर्थियों व यात्रियों में नाराजगी देखी गई।

### लाठियों की पिटाई से मां-बेटी घायल

**स्वतंत्र भारत जौनपुर।** मीरगंज थाना क्षेत्र के दीनापुर पाही गांव में पुरानी रंजिश को लेकर दबंगों ने मां और बेटी को लांठी डंडो से बुरी तरह से पीटकर घायल कर दिया है। पाही गांव निवासी बिजई देवी ने पुलिस को तहरीर देते हुए गांव के ही चार लोगों पर आरोप लगाते हुए बताया कि बीते मंगलवार की दोपहर पुरानी रंजिश को लेकर दबंग उनके घर में घुसे और गाली गलौज देते हुए उन्हें और उनकी पुत्री सविता को लाठी डंडो से पीटना शुरू कर दिया। शोर सुनकर आस पास के लोगों ने वहां पहुंचकर बचाव किया। फिल्हाल इस मारपीट की घटना के बाद पुलिस ने पीड़िता की तहरीर के आधार पर चार लोगों के खिलाफ मामला दर्ज कर आगे की कार्यवाही में जुट गई है।


## कार्यालय खण्ड विकास अधिकारी-बिहार, प्रतापगढ़

पत्रांक : 690/रा०वि०-के०वि०/अल्पकालीन निविदा/2026-27 दिनांक : 08.06.2026

### अल्पकालीन निविदा सूचना

एतद् द्वारा केन्द्र वित्त/राज्य वित्त/योजनान्तर्गत वर्ष 2025-2026 कार्ययोजना के सापेक्ष प्राप्त बजट में निम्न परियोजनाओ हेतु विकास खण्ड में पंजीकृत ठेकेदारों/फर्मो से निविदा आंमत्रित की जाती है निविदा की शर्तें एवं दिशा निर्देश कार्यालय खण्ड विकास अधिकारी-बिहार के नोटिस बोर्ड पर चस्पा की गयी है। उक्त निविदा प्रपत्र **दिनांक 09.06.2026 से 04.07.2026 के पूर्वान्ह 11.00 बजे तक** भरकर कार्यालय के बाक्स में डाला जा सकता है इच्छुक निविदादाता क्षेत्र पंचायत कार्यालय बिहार में प्रति दिन निविदा प्रपत्र शुल्क भुगतान कर निविदा में भाग ले सकते है। उक्त **निविदा 04.07.2026 को अपरान्ह 3. 00 बजे** निविदा समिति के समक्ष कार्यालय खण्ड विकास अधिकारी बिहार के कक्ष में खोले जायेगें। अवकाश की दशा में अल्पकालीन निविदा अगले कार्य दिवस में खोला जायेगा । समस्त अधिकार खण्ड विकास अधिकारी बिहार के पास सुरक्षित रहेगी।

01. धरोहर धनराशि निविदा मूल्य तथा नमूना प्रस्तुत किये बिना संबन्धित निविदा पर विचार नही किया जायेगा तथा निविदायें प्रथम दृष्टया निरस्त कर दी जाएगी।
02. जीएसटी/आयकर/लेबरसेस/हैसियत/चरित्र/एवं अन्य समस्त प्रमाणपत्र, आदि निविदा फार्म के साथ संलग्नक होना चाहिए।
03. आपूर्ति बिलों से नियमानुसार प्राविधान किये गये करो की कटौती की जाएगी।
04. निविदा क्रय से पूर्वनिविदा के संबंध मे पूर्ण जानकारी/शर्ते कार्यालय से ज्ञात की जा सकती है।
05. किसी भी विवाद की स्थिति में अन्तिम निर्णय खण्ड विकास अधिकारी बिहार-प्रतापगढ़ का मान्य होगा।
06. धरोहर धनराशि, बैंक गारन्टी/राष्ट्रीयकृत बैंक की एफ०डी०आर०/राष्ट्रीय बचत प्रमाण पत्र के रूप में मूल प्रति जमा करनी होगी।

1- राज्य वित्त योजना/केन्द्र वित्त योजना

| क्रमांक | कर्य योजना | कार्य का नाम | ग्रा०पं० का नाम | लम्बाई मीटर में | प्राक्कलन की धनराशि | जमानत धनराशि 5 प्रतिशत | कार्य पूर्ण करने की अवधि | निविदा मूल्य |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 1 | गोगौर डीह धीरज पाण्डेय के घर से बचई मौर्या के घर तक इ०ला० | गोगौर | 120m | 5.89 | 0.30 | 3 माह | 600 |
| 2 | 25 | सरजू प्रसाद यादव के घर से राममूर्ति यादव के घर तक इ०ला० | फूलमोरी द्वितीय | 125m | 5.83 | 0.30 | 3 माह | 600 |
| 3 | 31 | फूलचन्द्र केशरवानी के घर से पक्की सड़क तक इ०ला० | देवरपटटी चतुर्थ | 125m | 5.90 | 0.30 | 3 माह | 600 |
| 4 | 38 | अमृत लाल के घर से हीरा लाल के घर तक इ०ला० | देवर पटटी द्वितीय | 130m | 5.73 | 0.30 | 3 माह | 600 |
| 5 | 48 | राधेश्याम के घर से लेकर जीतलाल सरोज के घर तक इ०ला० | उमरी कोटिला | 130m | 5.85 | 0.30 | 3 माह | 600 |
| 6 | 53 | सराय सैद खां कम्पोजिट विद्यालय परिसर में इ०ला० | सरायसैद खा | 95m | 5.84 | 0.30 | 3 माह | 600 |
| 7 | 60 | पक्की सड़क से सूरज के घर तक इ०ला० कार्य | सरईनाहर | 125 | 5.89 | 0.30 | 3 माह | 600 |
| 8 | 80 | डा० रामेश के घर से शीतला के घर तक इ०ला० | रोर द्वितीय | 130m | 5.85 | 0.30 | 3 माह | 600 |
| 9 | 90 | रामपुरकोटवा शुकुलपुर में ट्रान्सफारमर से नहर तक इ०ला० | रामपुरकोटवा द्वितीय | 125m | 5.83 | 0.30 | 3 माह | 600 |
| 10 | 92 | पक्की सड़क से गिरधारी सरोज के राइस मिल तक इ०ला० | रायपुर जलालपुर | 130m | 5.87 | 0.30 | 3 माह | 600 |
| 11 | 94 | पूरे खाण्डेय में मंदिर पर इ०ला० कार्य | पूरेखाण्डेय | 120m | 5.82 | 0.30 | 3 माह | 600 |
| 12 | 104 | पक्की सड़क से अभय प्रताप, पक्की सड़क से रज्जन सिंह व पक्की सड़क से अनुज मिश्रा के घर तक इ०ला० | पंचमहुआ प्रथम | 130m | 5.86 | 0.30 | 3 माह | 600 |
| 13 | 119 | लल्लन पाण्डेय के कुआ से जोरिया गारग का पुरवा तक इ०ला० | भीखपुरकानीडीह | 115m | 5.86 | 0.30 | 3 माह | 600 |
| 14 | 138 | विकास खण्ड कार्यालय का मरम्मत एवं रंगाई-पुताई | वि०ख० मुख्यालय | 1nog | 4.75 | 0.25 | 3 माह | 500 |
| 15 | 139 | उदयराज यादव के घर से जयसिंह यादव के घर तक इ०ला० | सिलावटपुर | 130m | 5.86 | 0.30 | 3 माह | 600 |
| 16 | 162 | रामवन गमन मार्ग से घनश्याम के घर तक नाली | महमदपुरभाव | 160m | 5.69 | 0.30 | 3 माह | 600 |
| 17 | 170 | शिवबहादुर के घर से बाबा के बाग तक इ०ला० | कसहर | 125m | 5.89 | 0.30 | 3 माह | 600 |
| 18 | 61 | वंशियारा माइनर पक्की सड़क से चन्दी लाल के घर तक आगे तक इ०ला० | सरईनाहर | 125m | 5.89 | 0.30 | 3 माह | 600 |
| 19 | 181 | विजय सिंह के घर से ललित के घर तक इ०ला० | कोर्रही प्रथम | 120m | 5.85 | 0.30 | 3 माह | 600 |
| 20 | 191 | रामदुलारे गुप्ता के घर से साकिरा के घर तक इ०ला० | कर्माजीत पटटी | 140 | 5.87 | 0.30 | 3 माह | 600 |
| 21 | 198 | रैकवारन का पुरवा में मुस्कान के घर से राकेश चन्द्र के घर होते हुए कल्लू गौतम के घर इ०ल० | बेधनगोपालपुर तृतीय | 130 | 5.84 | 0.30 | 3 माह | 600 |
| 22 | 200 | श्री बजरंग के घर से कुबे निर्मल के खेत तक इ०ला० | बेधनगोपालपुर प्रथम | 120m | 5.82 | 0.30 | 3 माह | 600 |
| 23 | 217 | संतलाल सरोज के घर से बुधराम के घर तक इ०ला० | बशियारा | 130m | 5.87 | 0.30 | 3 माह | 600 |
| 24 | 232 | ज्ञानचन्द अनु0जा0 के घर से छोटेलाल पटेल के घर तक इ०ला० | एमाजादपुर | 130m | 5.81 | 0.30 | 3 माह | 600 |

**खण्ड विकास अधिकारी**
**बिहार-प्रतापगढ़।**

**प्रमुख क्षेत्रपंचायत**
**बिहार-प्रतापगढ़।**

# राज्य महिला आयोग उपाध्यक्ष ने जिला अस्पताल में बांटे किट

**स्वतंत्र भारत ब्यूरो (अयोध्या)** उपाध्यक्ष (उपमंत्री स्तर) उ0प्र0 राज्य महिला आयोग चारू चौधरी का आज सर्किट हाउस अयोध्या में आगमन हुआ। उपाध्यक्ष द्वारा झुनझुनवाला ग्रुप आफ इन्स्टीट्यूट, हांसापुर अयोध्या कालेज में मुख्य अतिथि के रूप में कार्यक्रम में प्रतिभाग किया गया। इसके उपरान्त उपाध्यक्ष द्वारा जिला महिला चिकित्सालय का निरीक्षण करते हुये बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ योजनान्तर्गत नवजात 12 बालिकाओं को बेबी किट का वितरण किया गया। उपाध्यक्ष द्वारा सर्किट हाउस अयोध्या में महिला चौपाल कार्यक्रम में उपस्थित महिलाओं/पीड़िताओं से



सीधा संवाद कर उनकी समस्याओं के निराकरण हेतु सम्बन्धित अधिकारियों को निर्देशित किया गया। साथ ही राजकीय महिला शरणालय और वृद्धा आश्रम का निरीक्षण किया गया। उपाध्यक्ष द्वारा बताया गया कि महिलाओं की सुरक्षा हमारी सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता मे से एक है। उपाध्यक्ष द्वारा निर्देशित किया गया कि पीड़ित महिलाओं की समस्याओं का निस्तारण करना प्राथमिकता से लेते हुये उनकी समस्या का निराकरण तुरन्त किया जाय। महिला चौपाल में महिला कल्याण विभाग के जिला प्रोबेशन अधिकारी जयपाल वर्मा, वन स्टाप सेन्टर, चाइल्ड लाइन, हब फॉर इम्पावरमेन्ट ऑफ वूमेन, जिला बाल संरक्षण इकाई व विभाग से अन्य स्टॉप भी उपस्थित रहे।

# भाजपा के इशारे पर हो रही है लोकतंत्र की हत्या : कांग्रेसी नेता उग्रसेन मिश्र

**स्वतंत्र भारत ब्यूरो (अयोध्या)** भाजपा की केन्द्र की सरकार आए दिन कर रही है लोकतंत्र की हत्या ताज़ा मामला चुनाव आयोग के साथ मिलकर भाजपा की मोदी सरकार ने फिर एक बार लोकतंत्र की हत्या करने का प्रयास कर रही है कांग्रेस के वरिष्ठ नेता प्रदेश कांग्रेस कमेटी के सदस्य उग्रसेन मिश्र ने रोष व्यक्त करते हुए कहा कि एक साज़िश के तहत मध्य प्रदेश से राज्यसभा सीट के कांग्रेस उम्मीदवार मीनाक्षी नटराजन का नामांकन रद्द करने पर कड़ी आपत्ति जतायी है श्री मिश्र ने चुनाव को निष्पक्ष कराने की बजाय उसमें धाँधली करके राज्य सभा सीट पर क़ब्ज़ा करने का भाजपा द्वारा किया गया प्रयास लोकतंत्र के लिए क़तई ठीक नहीं है श्री मिश्रा ने भाजपा



और चुनाव आयोग की मिलीभगत से लोकतंत्र का गला घोटने का आरोप लगाया है उन्होंने कहा कि देश की जनता इसे क़तई बर्दाश्त नहीं करेगी नटराजन का नामांकन रद्द करना लोकतांत्रिक व्यवस्था को कुचलना है मीनाक्षी नटराजन के नामांकन को गुमनाम व्यक्ति द्वारा आपत्ति दिलाकर केंद्रसरकार के दबाव में रद्द करवाया गया है जिसे कांग्रेस जन बर्दाश्त नही करेंगे मीनाक्षी नटराजन कांग्रेस की तेज़तर्रार नेता हैं उनसे भाजपा पूरी तरह से डरी हुई है भाजपा अपने आदत के अनुरूप हर तरह से प्रयास करके सरकार बनाना व हर चुनाव में जीत हासिल करने के लिए हर हथकंडा अपना कर सरकार के प्रभाव का ग़लत तरीक़े से इस्तेमाल करती हैं और चुनाव को जीतना चाहती हैं जिसे अब देश की जनता समझ रही है भाजपा ग़लत ढंग से चुनाव करवा कर जीत तो हासिल कर सकती है लेकिन देशवासियों का विश्वास नहीं लोकतंत्र को लेकर भाजपा का रवैया जो है अगर यही रवैया कांग्रेस सरकार ने किया होता तो भाजपा कभी भी पनप नहीं पाती राज्यसभा उम्मीदवार मीनाक्षी नटराजन का नामांकन रद्द करने के ख़िलाफ़ रात से ही दिल्ली और भोपाल में चुनाव आयोग के कार्यालय पर कांग्रेस नेताओं ने कड़ा विरोध किया और सड़क पर बैठकर सरकार व चुनाव आयोग को चुनौती देते हुए डटी है कांग्रेस जन भाजपा के किसी ग़लत दबाव से डरने वाली नहीं है भाजपा के इस तरह के कार्यों का कड़ा जवाब कांग्रेस का सिपाही देगा देश की जनता कांग्रेस की कुर्बानियों को याद कर रही है और राहुल गांधी पर पूरा विश्वास कर रही।

# काँग्रेस पार्टी ने चलाया हस्ताक्षर अभियान

**स्वतंत्र भारत ब्यूरो (अयोध्या)** कांग्रेस कार्यालय कमला नेहरू भवन में उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी के निर्देशानुसार जिला और महानगर कांग्रेस कमेटी द्वारा संयुक्त रूप से ग्रेट निकोबार द्वीप समूह के पर्यावरण, जैव विविधता एवं जनजातीय अधिकारों की रक्षा के समर्थन में हस्ताक्षर अभियान चलाया गया। अभियान में कांग्रेस पदाधिकारियों, कार्यकर्ताओं ने बढ़-चढ़कर भाग लिया तथा केन्द्र सरकार की प्रस्तावित ग्रेट निकोबार परियोजना के विरोध में अपने हस्ताक्षर दर्ज कराए। इस अवसर पर जिला कांग्रेस अध्यक्ष चेतनारायण सिंह ने कहा कि ग्रेट निकोबार द्वीप के अछूते जंगलों और प्राकृतिक संसाधनों को कॉर्पोरेट हितों के लिए नष्ट करना देश के पर्यावरण और आने वाली पीढ़ियों के भविष्य के साथ खिलवाड़ है। कांग्रेस पार्टी विकास की विरोधी नहीं है, लेकिन ऐसा विकास स्वीकार्य नहीं हो सकता जो प्रकृति और जनजातीय समुदायों के अस्तित्व पर संकट खड़ा कर दे। महानगर कांग्रेस अध्यक्ष सुनील कृष्ण गौतम ने कहा कि यह केवल एक द्वीप का मामला नहीं बल्कि देश की प्राकृतिक विरासत को बचाने का प्रश्न है। पूर्व जिला कांग्रेस



अध्यक्ष श्री राजेंद्र प्रताप सिंह ने कहा कि मोदी सरकार पूंजी पतियों के लिए अंडमान-निकोबार को बर्बाद करने पर तुली हैं, वहां की प्राकृतिक सुंदरता, संस्कृति सब तबाह कर देना चाहते हैं। हमें साथ मिलकर निकोबार के लिए आवाज उठानी होगी। महिला कांग्रेस जिला अध्यक्ष रेनू राय एवं महिला कांग्रेस महानगर अध्यक्ष नाजिश फातिमा ने संयुक्त रूप से कहा कि प्रकृति का संरक्षण मानव जीवन और भविष्य की पीढयों की सुरक्षा से जुड़ा विषय है। जिला प्रवक्ता शीतला पाठक तथा सेवादल जिला अध्यक्ष फ्लावर नकवी ने कहा केन्द्र सरकार से ग्रेट निकोबार परियोजना पर पुनर्विचार करने तथा पर्यावरण एवं जनहित को सर्वोच्च प्राथमिकता देने की मांग की। अभियान के अंतर्गत एकत्रित हस्ताक्षरों को प्रदेश कांग्रेस कमेटी के माध्यम से अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी को प्रेषित किया जाएगा। इस अवसर पर प्रमुख रूप से पीसीसी सदस्य उग्रसेन मिश्रा, राम अवध पासी, अश्वनी सिंह मधुर, फ्लावर नकवी, सेवादल बसंत मिश्रा, अशोक सिंह मनहूपुर, अशोक कनौजिया, रामानंद शर्मा, अशोक कुमार शर्मा, कल्लू शर्मा, धीरेंद्र प्रताप सिंह बबलू, मिसबाहूल, जनार्दन मिश्रा, जिओ हैदर, कवींद्र साहनी, विजय श्रीवास्तव, विशाल दुबे, शिवकुमार, सतीश सिंह आज उपस्थित रहे।

# सुरक्षित मातृत्व अभियान पर सीएचसी में हुआ विशेष आयोजन



**स्वतंत्र भारत रुदौली (सं.)** प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व अभियान के 10 वर्ष पूर्ण होने पर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र रुदौली में विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम चिकित्सा अधीक्षक डॉ. रविंद्र शुक्ला के मार्गदर्शन में संपन्न हुआ, जिसमें क्षेत्रीय विधायक रामचंद्र यादव ने मुख्य अतिथि के रूप में सहभागिता की। विधायक ने उपस्थित गर्भवती महिलाओं, आशा कार्यकर्ताओं एवं स्वास्थ्य कर्मियों से संवाद कर उनका हालचाल जाना तथा प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व अभियान की विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की यह योजना गर्भवती महिलाओं के लिए अत्यंत लाभकारी है, जिसके माध्यम से प्रसव पूर्व जांच, निशुल्क अल्ट्रासाउंड तथा अन्य आवश्यक स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराई जाती हैं। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में संचालित यह योजना मातृ स्वास्थ्य के क्षेत्र में एक महत्वपूर्ण पहल है। इस अवसर पर चिकित्सा अधीक्षक डॉ रविन्द्र शुक्ला, डॉ. गुंजन यादव, डॉ अंजू जायसवाल, डॉ कौशलेन्द्र मौर्या, फार्मासिस्ट सी वी यादव, रामधनी वर्मा सहित चिकित्सक, स्वास्थ्य कर्मी, आशा कार्यकर्ता एवं बड़ी संख्या में गर्भवती महिलाएं उपस्थित रहीं।

# सजपा मनायेगी मौलवी अहमद उल्ला शाह का शहीद दिवस

**स्वतंत्र भारत ब्यूरो (अयोध्या)** समाजवादी जनता पार्टी चंद्रशेखर एवं समाजवादी विचार मंच के संयुक्त तत्वावधान में 15 जून पूर्वाहन 10.00बजे दिन से कैंप कार्यालय धारा रोड पर 1857 क्रान्ति के नायक मौलवी अहमद उल्ला शाह का शहीद दिवस समारोहपूर्वक मनाया जाएगा जिस मैं प्रदेश अध्यक्ष अशोक श्रीवास्तव राष्ट्रीय कार्यसमिति सदस्य मारुति कुमार सिंह सहित जिले एवं नगर के सभी पदाधिकारी उपस्थित रहेंगे। उक्त जानकारी पार्टी के जिलाध्यक्ष शिव प्रकाश यादव ने देते हुए बताया कि कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में मनोचा डिग्री कॉलेज की पूर्व प्राचार्या डॉ. सुमंगला गुप्ता और विशिष्ट अतिथि वरिष्ठ पत्रकार के पी सिंह आमंत्रित हैं। मौलवी अहमद उल्ला शाह 1857 क्रांति के महान शहीदों में से थे।

# गौरव अरोड़ा की स्मृति में लगवाया वाटर कूलर



**स्वतंत्र भारत ब्यूरो (अयोध्या)** भीषण गर्मी में मरीजों की सुविधा के लिए गौरव अरोड़ा की स्मृति में मेडिकल कॉलेज दर्शन नगर को आज वरिष्ठ पत्रकार हरिकृष्ण अरोड़ा द्वारा वाटर कूलर भेंट किया गया। इस अवसर अरविंद सिंह सीएमएस मेडिकल कॉलेज व मेडिकल कॉलेज के छात्र, मरीज व अन्य डाक्टर उपस्थित थे।

# जिलाधिकारी ने बाढ़ शरणालय एवं कटानरोधी कार्यों का किया निरीक्षण

**स्वतंत्र भारत अम्बेडकरनगर (सं.)** जनपद में संभावित बाढ़ एवं कटान की स्थिति से निपटने हेतु की जा रही तैयारियों की समीक्षा के क्रम में जिलाधिकारी ईशा प्रिया ने बुधवार को तहसील टांडा क्षेत्र अंतर्गत बाढ़ संभावित क्षेत्र नगर पालिका के नेहरू नगर में बिछावन मैदान व चिंतौरा तथा तहसील आलापुर क्षेत्र अंतर्गत बरोही पुरा पाण्डेय स्थित बाढ़ शरणालय तथा ग्राम माझा कमरिया में बाढ़ खंड अयोध्या द्वारा संचालित कटानरोधी कार्यों का स्थलीय निरीक्षण किया। इसके उपरांत उन्होंने सराय हंकार क्षेत्र में नदी कटान से प्रभावित स्थलों का भी निरीक्षण कर वहां की स्थिति का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने बाढ़ शरणालय में उपलब्ध व्यवस्थाओं एवं उसके संचालन की तैयारियों की समीक्षा करते हुए जिला पंचायत राज अधिकारी (डीपीआरओ) को आवश्यक प्रक्रियाओं को शीघ्र पूर्ण कर बाढ़ शरणालय को समयबद्ध रूप से संचालित किए जाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि बाढ़ के दौरान प्रभावित



लोगों को सुरक्षित आश्रय एवं आवश्यक सुविधाएं उपलब्ध कराने हेतु सभी तैयारियां समय रहते पूर्ण कर ली जाएं। कटान प्रभावित क्षेत्रों के निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि जहां कटान की संभावना अधिक है अथवा कटान की स्थिति गंभीर है, वहां तत्काल प्रभाव से प्रभावी एवं स्थायी उपाय सुनिश्चित किए जाएं। उन्होंने बाढ़ खंड अयोध्या के अधिकारियों एवं कर्मचारियों को निर्देश देते हुए कहा कि जनहित को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए कटानरोधी कार्यों में किसी प्रकार की शिथिलता न बरती जाए तथा संवेदनशील स्थलों की नियमित निगरानी की जाए। जिलाधिकारी ने संबंधित अधिकारियों को समन्वित रूप से कार्य करते हुए सभी आवश्यक सुरक्षा एवं बचाव संबंधी व्यवस्थाएं समय से सुनिश्चित करने के निर्देश दिए, ताकि संभावित बाढ़ की स्थिति में जन-धन की क्षति को न्यूनतम किया जा सके। इस अवसर पर अपर जिलाधिकारी (वित्त एवं राजस्व) ज्योत्स्ना बंधु, उपजिलाधिकारी आलापुर सुभाष सहित बाढ़ खंड अयोध्या एवं अन्य संबंधित विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

# जिला सैनिक बन्धु समिति की बैठक 18 जून को

**स्वतंत्र भारत ब्यूरो (अयोध्या)** जिलाधिकारी शशांक त्रिपाठी के निर्देशानुसार अपर जिलाधिकारी (नगर) योगानन्द पांडे की अध्यक्षता में जिला सैनिक बन्धु समिति की बैठक 18 जून को 05:00 बजे कलेक्ट्रेट सभागार में आहूत की गई है। बैठक में सेवारत/भूतपूर्व सैनिकों, वीर नारियों व उनके आश्रितों की समस्याओं/शिकायतों के समयबद्ध अनुश्रवण एवं निराकरण सुनिश्चित किए जाने हेतु चर्चा की जायेगी। जनपद के सेवारत/भूतपूर्व सैनिकों व उनके परिजनों से आग्रह है कि वे अपनी समस्याओं के निराकरण हेतु पहचान-पत्र के साथ प्रार्थना-पत्र अभिलेखीय साक्ष्यों सहित 18 जून के पूर्व किसी भी कार्य दिवस में जिला सैनिक कल्याण एवं पुनर्वास कार्यालय में प्रस्तुत कर सकते हैं, जिससे संबंधित विभागीय अधिकारियों से निस्तारण की कार्यवाही कराई जा सके। उक्त जानकारी ले.कर्नल संजीव कुमार (अ.प्रा.) सदस्य सचिव, जिला सैनिक बन्धु समिति एवं पुनर्वास अधिकारी अयोध्या ने दी है।

# आईजीआरएस रैंकिंग में अयोध्या ने हासिल किया चौथा स्थान

**स्वतंत्र भारत ब्यूरो (अयोध्या)** जनपद अयोध्या ने जन शिकायतों के प्रभावी एवं समयबद्ध निस्तारण के क्षेत्र में उल्लेखनीय उपलब्धि हासिल करते हुए माह मई 2026 की आईजीआरएस (इंटीग्रेटेड ग्रीवांस रिड्रेसल सिस्टम) रैंकिंग में प्रदेश स्तर पर चौथा स्थान प्राप्त किया है। वर्ष 2020 के बाद यह पहला अवसर है जब जनपद अयोध्या ने आईजीआरएस रैंकिंग में प्रदेश के टॉप-10 जनपदों में स्थान बनाया है। इस उपलब्धि पर जिलाधिकारी शशांक त्रिपाठी ने समस्त प्रशासनिक अधिकारियों एवं कर्मचारियों को बधाई देते हुए कहा कि यह सफलता जनपद प्रशासन की जनहित के प्रति प्रतिबद्धता, पारदर्शी कार्यप्रणाली तथा शिकायतों के गुणवत्तापूर्ण एवं समयबद्ध निस्तारण का परिणाम है। उन्होंने कहा कि शासन की मंशा के अनुरूप प्रत्येक शिकायत का निष्पक्ष एवं प्रभावी समाधान सुनिश्चित करने के लिए सभी विभागों द्वारा प्रयास किए जा रहे हैं।

# कांग्रेस ने निधन पर जताया शोक

**स्वतंत्र भारत ब्यूरो (अयोध्या)** कांग्रेस पार्टी के जिला अध्यक्ष चेतनारायण सिंह के ससुर अंबिका सिंह के निधन पर जनपद के समब्रहांत जनों व कांग्रेस जनों ने गहरा दुःख व्यक्त किया है। वे जनपद अयोध्या के ग्राम राजापुर सरैया के माया ब्लाक के निवासी थे। वह क्षेत्र के प्रतिष्ठित नागरिक व द्वापर विद्यापीठ इंटर कॉलेज में अध्यापक रहे। स्व. अंबिका सिंह का अंतिम संस्कार दिलासीगंज घाट पर किया गया जहां सैकड़ो प्रतिष्ठितजनों व कांग्रेस नेताओं ने पहुंचकर दाह संस्कार में शामिल होकर श्रद्धा सुमन अर्पित किया। इस अवसर पर प्रमुख रूप से कांग्रेस के पूर्व जिला अध्यक्ष अशोक सिंह, राजेंद्र प्रताप सिंह, महानगर अध्यक्ष सुनील कृष्णा गौतम, रामदास वर्मा, अशोक कुमार सिंह, उग्रसेन मिश्रा, दयाशंकर तिवारी शैलेंद्र मणि पांडे, राकेश तिवारी, उमेश उपाध्याय, मनोज जायसवाल, राज प्रताप सिंह, राम रमाशंकर तिवारी, फ्लावर नकवी, भारत वर्मा, बसंत मिश्रा, डॉ. विनोद गुप्ता, प्रहलाद माझी, रमेश कुमार, प्रदीप कुमार, दानिश जिया, मंसाराम यादव, धर्मेंद्र फास्टर, पंकज सिंह, अशोक राय आदि मुख्य रहे।

# पुलिस एवं समकक्ष पदों की लिखित परीक्षा शांतिपूर्ण ढंग से सम्पन्न

**स्वतंत्र भारत ब्यूरो (अयोध्या)** उत्तर प्रदेश पुलिस में आरक्षी नागरिक पुलिस एवं समकक्ष पदों पर सीधी भर्ती हेतु आयोजित लिखित परीक्षा आज तीसरे दिन निष्पक्ष, पारदर्शी एवं शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न करायी गयी। पुलिस भर्ती परीक्षा-2026 के तीसरे दिन जनपद के 12 केन्द्रों पर आयोजित हुयी, जिसमें प्रथम पाली में कुल 5136 अभ्यार्थियों में से 4162 (80.04 प्रतिशत) अभ्यार्थी उपस्थित रहें तथा 974 (18.96 प्रतिशत) अभ्यार्थी अनुपस्थित रहें। इसी क्रम में द्वितीय पाली में कुल 5136 अभ्यार्थियों में से 4197 (81.71 प्रतिशत) अभ्यार्थी उपस्थित रहें तथा 939 (18.29 प्रतिशत) अभ्यार्थी अनुपस्थित रहें। पुलिस भर्ती को लेकर पहले से ही प्रशासन चौकन्ना रहा।

# जनगणना के तहत छूटे मकानों का भी होगा सूचीकरण

**स्वतंत्र भारत ब्यूरो (अयोध्या)** नगर निगम अयोध्या ने जनगणना-2027 के अंतर्गत चल रहे मकान सूचीकरण अभियान को लेकर नागरिकों के लिए महत्वपूर्ण सूचना जारी की है। अपर नगर आयुक्त एवं नगर जनगणना अधिकारी सुमित कुमार ने प्रेस विज्ञप्ति में बताया कि नगर निगम क्षेत्र की विभिन्न एनयूएलबी (नगर निकाय) सीमाओं में मकानों का सूचीकरण कार्य प्रगति पर है। नगर निगम ने स्पष्ट किया है कि यदि किसी भवन स्वामी के मकान का सूचीकरण अब तक नहीं हो पाया है अथवा किसी कारणवश उसका मकान गणना कार्य से छूट गया है, तो संबंधित व्यक्ति तत्काल नगर निगम के जोन कार्यालयों से संपर्क कर अपने भवन का सूचीकरण करा सकता है। इससे जनगणना के दौरान किसी भी भवन या परिवार का विवरण छूटने नहीं पाएगा। इसके लिए नगर निगम ने तीनों जोनों के प्रभारी अधिकारियों के नाम और मोबाइल नंबर भी जारी किए हैं। जोन-1 अयोध्या धाम के लिए अशोक कुमार गुप्ता, जोन-2 कौशलपुरी के लिए विनय प्रताप सिंह तथा जोन-3 अवधपुरी के लिए सुभाषचंद्र त्रिपाठी से संपर्क किया जा सकता है। नगर आयुक्त जयेंद्र कुमार ने नागरिकों से अपील की है कि वे जनगणना कार्य में सहयोग करें तथा यदि उनका मकान सूचीकरण से छूट गया हो तो शीघ्र संबंधित जोन अधिकारी से संपर्क कर आवश्यक प्रक्रिया पूरी कराएं। इससे जनगणना-2027 का कार्य अधिक सटीक एवं प्रभावी ढंग से संपन्न हो सकेगा। किसी कारणवश उसका मकान गणना कार्य से छूट गया है, तो संबंधित व्यक्ति तत्काल नगर निगम के जोन कार्यालयों से संपर्क कर अपने भवन का सूचीकरण करा सकता है। इससे जनगणना के दौरान किसी भी भवन या परिवार का विवरण छूटने नहीं पाएगा।

# वंदे भारत ट्रेन की चपेट में आने से युवक की मौत

**स्वतंत्र भारत रुदौली (सं.)** कोतवाली रुदौली के तहत ग्राम जलालपुर में एक दर्दनाक हादसे में 19 वर्षीय युवक की वंदे भारत ट्रेन की चपेट में आने से मौत हो गई। प्राप्त जानकारी के अनुसार बुधवार करीब 2 बजे पुलिस को सूचना मिली कि ग्राम जलालपुर के पास रेलवे ट्रैक पर एक युवक ट्रेन से कट गया है। मौके पर पहुंची पुलिस ने शव की पहचान रामजीत यादव (19 वर्ष) पुत्र मोतीलाल, निवासी ग्राम जलालपुर, थाना कोतवाली रुदौली के रूप में की। पुलिस ने आवश्यक विधिक कार्रवाई करते हुए पंचायतनामा भरकर शव को पोस्टमार्टम के लिए जिला मुख्यालय भेज दिया। घटना की जांच की जा रही है।मौके का निरीक्षण अपराध निरीक्षक शत्रुघ्न यादव एवं उप निरीक्षक राम बनारस द्वारा किया गया। इस धटना की जानकारी परिजनों को मिलते ही कोहराम मच गया वही गांव मे सन्नाटा पसर गया।

# अग्नि पीड़ितों से मिलीं पूर्व विधायक संजू देवी



**स्वतंत्र भारत टांडा (सं.)** टाण्डा विधानसभा क्षेत्र की ग्राम सभा मईपुर पृथ्वीपुर में हुई भीषण अग्निकांड की घटना की सूचना पर पूर्व विधायक (टाण्डा) संजू देवी ने घटना स्थल का स्थलीय निरीक्षण कर प्रभावित परिवारों से मुलाकात कर उनका दुःख-दर्द साझा किया। पूर्व विधायक ने आग से हुए नुकसान का जायजा लेते हुए पीड़ित परिवारों को ढांढस बंधाया और कहा कि इस कठिन समय में वे उनके साथ खड़ी हैं। उन्होंने संबंधित अधिकारियों से वार्ता कर प्रभावित परिवारों को तत्काल राहत सामग्री एवं आर्थिक सहायता उपलब्ध कराने की मांग की। पूर्व विधायक संजू देवी ने कहा कि आगजनी की इस घटना से कई परिवारों को भारी क्षति हुई है, जिसकी भरपाई संभव नहीं है, ऐसे में शासन-प्रशासन को संवेदनशीलता के साथ पीड़ितों की हरसंभव मदद सुनिश्चित करनी चाहिए। उन्होंने प्रशासन से क्षति का शीघ्र सर्वे कराकर पीड़ित परिवारों को सरकारी सहायता उपलब्ध कराने का आग्रह किया। उन्होंने ईश्वर से प्रार्थना की कि प्रभावित परिवारों को इस संकट की घड़ी में धैर्य एवं संबल प्रदान करें तथा उन्हें शीघ्र इस कठिन परिस्थिति से उबरने की शक्ति दें।

# समीक्षा कर दिये त्वरित निस्तारण के निर्देश

**स्वतंत्र भारत अम्बेडकरनगर (सं.)** जिलाधिकारी ईशा प्रिया की अध्यक्षता में आज कलेक्ट्रेट सभागार में ग्राम पंचायतों से संबंधित ऑडिट प्रकरणों एवं विशेष ऑडिट आपत्तियों के निस्तारण हेतु गठित समिति की समीक्षा बैठक सम्पन्न हुई। बैठक में वित्तीय वर्ष 2010-11 से 2023-24 तक के लंबित ऑडिट प्रकरणों, वसूली आदेशों (आर.सी.), अनुपालन आख्या तथा विशेष ऑडिट आपत्तियों की प्रगति की विस्तृत समीक्षा की गई। बैठक में 740 ग्राम पंचायतों के 1844 ऑडिट प्रस्तरों के निस्तारण के संबंधी समीक्षा में जिलाधिकारी ने कि 165 संतोषजनक अभिमत प्राप्त प्रस्तरों को वरिष्ठ कोषाधिकारी से सत्यापन कर कर निक्षेपित करने के निर्देश दिए। 388 प्रस्तरों पर जारी आरसी का सत्यापन वरिष्ठ कोषाधिकारी से कराकर निस्तारित किया जाए, इसी के साथ ही शेष अन्य प्रस्तरों के निस्तारण हेतु ऑडिट विभाग के ऑडिटर एवं जेई एमआई अथवा जेई आरईएस की टीम से सत्यापन कराकर नियमानुसार निस्तारण कराए जाने के निर्देश दिए। बैठक में जिलाधिकारी ने निर्देश दिए कि सभी संबंधित विभाग एवं अधिकारी ऑडिट आपत्तियों के निस्तारण को सर्वोच्च प्राथमिकता दें तथा लंबित प्रकरणों में समयबद्ध एवं प्रभावी कार्रवाई सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि जिन प्रकरणों में वसूली आदेश निर्गत किए जा चुके हैं, उनमें वसूली की कार्यवाही में तेजी लाई जाए तथा अनुपालन आख्या शीघ्र उपलब्ध कराई जाए। जिलाधिकारी ने निर्देशित किया कि जिन मामलों में उत्तरदायित्व निर्धारित किया जा चुका है, उनमें नियमानुसार कार्रवाई सुनिश्चित की जाए तथा किसी भी स्तर पर शिथिलता न बरती जाए। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि ऑडिट से संबंधित सभी अभिलेखों का सुव्यवस्थित संधारण किया जाए तथा शेष प्रकरणों का निस्तारण नियमानुसार निर्धारित समय-सीमा के भीतर कराते हुए नियमित रूप से प्रगति रिपोर्ट प्रस्तुत की जाए। बैठक में यह भी निर्देशित किया गया कि शासन की मंशा के अनुरूप वित्तीय अनुशासन, पारदर्शिता एवं जवाबदेही सुनिश्चित करने हेतु सभी आवश्यक कदम उठाए जाएं। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी आनंद कुमार शुक्ला, जिला पंचायत राज अधिकारी, जिला विकास अधिकारी, वरिष्ठ कोषाधिकारी सहित समिति के अन्य सदस्य उपस्थित रहे।

# निर्वाचक नामावली निरीक्षण हेतु उपलब्ध

**स्वतंत्र भारत ब्यूरो (अयोध्या)** अपर जिलाधिकारी (प्रशासन)/ निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी विशु राजा ने बताया कि राज्य निर्वाचन आयोग के अनुपालन में उत्तर प्रदेश पंचायत राज (निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण) नियमावली, 1994 के अनुसार निर्वाचक नामावली तैयार कर ली गयी है और उक्त निर्वाचक नामावली का 10 जून को अन्तिम प्रकाशन कर दिया गया है, निर्वाचक नामावली की एक प्रति जिला निर्वाचन कार्यालय, तहसील/ सहायक निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी कार्यालय /खण्ड विकास अधिकारी कार्यालय/ संबंधित ग्राम पंचायत कार्यालय में निरीक्षण हेतु उपलब्ध है।




# डीएम ने दो निर्माणाधीन परियोजनाओं का किया औचक निरीक्षण

**स्वतंत्र भारत देवरिया।** जिलाधिकारी मधुसूदन हुल्गी ने बुधवार को जनपद में निर्माणाधीन दो प्रमुख परियोजनाओं का स्थलीय निरीक्षण कर कार्यों की प्रगति का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने कार्यदायी संस्थाओं एवं संबंधित अधिकारियों को गुणवत्ता मानकों का शत-प्रतिशत पालन करते हुए निर्धारित समय सीमा में निर्माण कार्य पूर्ण कराने के निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने कहा कि निर्माण कार्यों में किसी भी स्तर पर शिथिलता या लापरवाही स्वीकार नहीं की जाएगी। सभी परियोजनाओं में तेजी लाते हुए समयबद्ध ढंग से कार्य पूर्ण कराया जाए। निरीक्षण के क्रम में जिलाधिकारी ने सर्वप्रथम परसिया



मिश्र स्थित निर्माणाधीन जीएसटी कार्यालय एवं आवासीय भवन परियोजना का निरीक्षण किया। सितंबर 2025 में प्रारंभ हुई इस परियोजना की कुल लागत 20.09 करोड़ रुपये है, जिसमें 8.58 करोड़ कार्यालय भवन एवं आवासीय भवन 11.51 करोड़ की कार्य परियोजना सम्मिलित है तथा इसकी पूर्णता तिथि दिसंबर 2026 निर्धारित है। परियोजना में कार्यालय भवन एवं आवासीय भवन का निर्माण किया जा रहा है। जिलाधिकारी ने कार्यों में गति लाने तथा निर्धारित गुणवत्ता मानकों के अनुरूप निर्माण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

इसके उपरांत जिलाधिकारी मुख्यमंत्री मॉडल कंपोजिट विद्यालय, डुमवलिया की निर्माणाधीन परियोजना का निरीक्षण करने पहुंचे। लगभग 24.78 करोड़ रुपये की लागत से निर्मित होने वाली यह परियोजना फरवरी 2026 में प्रारंभ हुई है तथा इसकी पूर्णता तिथि अगस्त 2027 निर्धारित है। निरीक्षण के दौरान उन्होंने निर्माण कार्यों की गुणवत्ता एवं समयबद्धता के साथ पूर्ण करने तथा भवन निर्माण कार्य में तेजी लाने के निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान कार्यदायी संस्था सीएनडीएस एवं सीडको के अभियंता गण, डीएसटीओ अंगद यादव, एडीएसटीओ आनंद चौरसिया सहित संबंधित विभागों के अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

## मत्स्य विभाग की तीन प्रमुख योजनाओं के लिए आवेदन शुरू

**बलिया।** बताया जाता है कि वित्तीय वर्ष 2026-27 के लिए मत्स्य विभाग द्वारा संचालित राज्य सेक्टर की विभिन्न योजनाओं के अंतर्गत लाभार्थियों से ऑनलाइन आवेदन आमंत्रित किए गए हैं। विभाग ने जनसामान्य के लिए आवेदन पोर्टल 8 जून 2026 से 28 जून 2026 तक खोल दिया है। मत्स्य विभाग के अनुसार इच्छुक आवेदक विभाग की आधिकारिक वेबसाइट fisheries.up.gov.इन पर जाकर ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं। मुख्यमंत्री मत्स्य संपदा योजना, निषाद राज बोर्ड सब्सिडी योजना एवं सघन मत्स्य पालन हेतु एरेशन सिस्टम स्थापना योजना विभाग ने स्पष्ट किया है कि लाभ प्राप्त करने के लिए प्रत्येक योजना के लिएअलग-अलग आवेदन करना होगा। योजनाओं के अंतर्गत परियोजना विवरण, इकाई लागत, आवेदन प्रक्रिया, आवश्यक अभिलेख तथा अन्य विस्तृत जानकारी विभागीय वेबसाइट पर उपलब्ध है।

# सीएम के आगमन की तैयारियों का मंडलायुक्त, डीएम व एसएसपी ने लिया जायजा

**आजमगढ़।** जनपद में आगामी 13 जून को प्रस्तावित मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के आगमन/कार्यक्रम के दृष्टिगत मंडलायुक्त विवेक, जिलाधिकारी रविन्द्र कुमार, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक डॉ. अनिल कुमार, मुख्य विकास अधिकारी परीक्षित खटाना, सीएमओ डॉ एन आर वर्मा एवं अन्य वरिष्ठ अधिकारियों द्वारा कृषि महाविद्यालय, कोटवा स्थित कार्यक्रम स्थल का स्थलीय निरीक्षण कर तैयारियों का विस्तृत जायजा लिया गया। निरीक्षण के दौरान अधिकारियों ने कार्यक्रम स्थल पर निर्माणाधीन जर्मन हैंगर, जनसभा स्थल, जनसामान्य एवं वीआईपी पार्किंग व्यवस्था, सेफ हाउस, बैठक स्थल, आगमन एवं प्रस्थान मार्ग, सुरक्षा व्यवस्था तथा अन्य आवश्यक व्यवस्थाओं का गहनता से निरीक्षण किया। जिलाधिकारी रविन्द्र कुमार ने कार्यक्रम से संबंधित सभी विभागों के अधिकारियों को आपसी समन्वय के साथ कार्य करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि कार्यक्रम में आने वाले जनसामान्य एवं विशिष्ट अतिथियों की सुविधा का विशेष ध्यान रखा जाए तथा निर्धारित समय सीमा के भीतर सभी तैयारियां पूर्ण कर ली जाएं। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक डॉ. अनिल कुमार ने सुरक्षा व्यवस्थाओं की समीक्षा करते हुए संबंधित पुलिस अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने



कार्यक्रम स्थल एवं आसपास के क्षेत्रों में सुरक्षा के व्यापक इंतजाम सुनिश्चित करने, यातायात व्यवस्था को सुचारु बनाए रखने तथा कानून-व्यवस्था को सुदृढ़ रखने के निर्देश दिए। निरीक्षण उपरांत अधिकारियों द्वारा कार्यक्रम की तैयारियों के संबंध में बैठक आयोजित कर विभिन्न विभागों की जिम्मेदारियों की समीक्षा की गई तथा आवश्यक दिशा-निर्देश प्रदान किए गए। अधिकारियों ने विश्वास व्यक्त किया कि सभी विभागों के समन्वित प्रयासों से कार्यक्रम का सफल, सुरक्षित एवं व्यवस्थित आयोजन सुनिश्चित किया जाएगा। इस अवसर पर संबंधित विभागों के अधिकारीगण एवं कार्यदायी संस्थाओं के प्रतिनिधि उपस्थित रहे।

## खबर एक नजर

### पीड़ित परिवार संग ग्रामीण पहुंचे एसपी दरबार, लगाई न्याय की गुहार

**आजमगढ़।** बिलरियागंज थाना क्षेत्र के बडिहारी गांव निवासी युवक को पुलिस और एसओजी टीम द्वारा हिरासत में लेने के मामले में परिजनों ने गंभीर आरोप लगाए हैं। मंगलवार को पीड़ित परिवार के साथ गांव के दर्जनों लोग पुलिस अधीक्षक कार्यालय पहुंचे और मामले में निष्पक्ष जांच तथा युवक की सकुशल बरामदगी की मांग की। प्राप्त जानकारी के अनुसार बडिहारी गांव निवासी प्रमिला देवी ने एसपी समेत विभिन्न उच्चाधिकारियों को दिये गये शिकायती पत्र में आरोप लगाया है कि उनके पति राजेश राजभर को बीते 8 जून की सुबह करीब सात बजे बिलरियागंज पुलिस द्वारा थाने पर बुलाया गया। आरोप है कि थाने में उन्हें अवैध रूप से हिरासत में रखा गया । इसके बाद एसओजी टीम को बुलाकर उन्हें अपनी गाड़ी से अज्ञात स्थान पर ले जाया गया, जिसके बाद से उनका कोई पता नहीं चल सका है। वहीं युवक के पिता दुर्बल्ली राजभर ने भी एसपी आजमगढ़ दिए गए प्रार्थना पत्र में अपने पुत्र सिंटू राजभर के संबंध में इसी प्रकार के आरोप लगाए हैं। उनका कहना है कि पुलिस और एसओजी टीम ने उनके पुत्र को विधि विरुद्ध हिरासत में लेकर अज्ञात स्थान पर भेज दिया है और परिवार को उसकी कोई जानकारी नहीं दी जा रही है। पीड़ित परिवार और ग्रामीणों ने आशंका जताई है कि विरोधियों की साजिश के तहत युवक को किसी फर्जी मुकदमे में फंसाया जा सकता है अथवा फर्जी मुठभेड़ दिखाकर उसकी हत्या की जा सकती है। उन्होंने इस पूरे प्रकरण को मानवाधिकारों का गंभीर उल्लंघन बताते हुए तत्काल हस्तक्षेप की मांग की है। मंगलवार को परिजनों के साथ बड़ी संख्या में ग्रामीण पुलिस अधीक्षक कार्यालय पहुंचे और एसपी आजमगढ़ को प्रार्थना पत्र सौंपकर युवक की सुरक्षा सुनिश्चित करने, उसकी स्थिति से परिवार को अवगत कराने तथा पूरे मामले की निष्पक्ष एवं उच्चस्तरीय जांच कराने की मांग की। ग्रामीणों का कहना है कि जब तक युवक के संबंध में स्पष्ट जानकारी नहीं दी जाती और मामले की निष्पक्ष जांच नहीं कराई जाती, तब तक परिवार और गांव के लोगों में भय और असुरक्षा का माहौल बना रहेगा। वहीं पीड़ित परिवार ने प्रशासन से न्याय दिलाने की गुहार लगाई है।

### डीएम व एसपी ने पुलिस भर्ती परीक्षा केंद्रों का किया निरीक्षण

**स्वतंत्र भारत देवरिया।** जिलाधिकारी मधुसूदन हुल्गी एवं पुलिस अधीक्षक अभिजीत आर. शंकर ने उत्तर प्रदेश आरक्षी नागरिक पुलिस एवं समकक्ष पदों पर सीधी भर्ती-2025 की लिखित परीक्षा के सकुशल, निष्पक्ष एवं पारदर्शी संचालन के दृष्टिगत जनपद के परीक्षा केंद्रों का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। अधिकारियों ने राजकीय इंटर कॉलेज (जीआईसी), देवरिया तथा महाराजा अग्रसेन इंटर कॉलेज, देवरिया का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने परीक्षा कक्षों, प्रवेश व्यवस्था, अभ्यर्थियों की जांच प्रक्रिया, सीसीटीवी निगरानी, सुरक्षा प्रबंध एवं अन्य व्यवस्थाओं का अवलोकन किया। जिलाधिकारी ने केंद्र व्यवस्थापकों एवं संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि परीक्षा की शुचिता एवं गोपनीयता बनाए रखने में किसी प्रकार की शिथिलता न बरती जाए। उन्होंने कहा कि शासन की मंशा के अनुरूप परीक्षा का संचालन पूर्ण पारदर्शिता एवं निष्पक्षता के साथ सुनिश्चित किया जाए। पुलिस अधीक्षक ने सुरक्षा व्यवस्था की समीक्षा करते हुए संबंधित अधिकारियों एवं पुलिस कर्मियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि परीक्षा केंद्रों पर सतर्क निगरानी रखी जाए तथा निर्धारित मानकों के अनुरूप अभ्यर्थियों की जांच सुनिश्चित की जाए, जिससे परीक्षा शांतिपूर्ण एवं व्यवस्थित ढंग से संपन्न हो सके। निरीक्षण के दौरान दोनों अधिकारियों ने ड्यूटी पर तैनात अधिकारियों, कर्मचारियों एवं सुरक्षा कर्मियों को अपने दायित्वों का निर्वहन पूरी निष्ठा, सतर्कता एवं जिम्मेदारी के साथ करने के निर्देश दिए। परीक्षा केंद्रों पर सभी व्यवस्थाएं संतोषजनक पाई गईं तथा परीक्षा शांतिपूर्ण ढंग से संचालित होती मिली।

# मछली पकड़ने पर सख्ती, डीएम ने जारी किए प्रतिबंधात्मक आदेश

**बलिया।** बताया जाता है कि जिला मजिस्ट्रेट मंगला प्रसाद सिंह ने जनपद की नदियों, जलाशयों एवं जलधाराओं में मत्स्य संरक्षण और प्रजनन को बढ़ावा देने के उद्देश्य से महत्वपूर्ण प्रतिबंधात्मक आदेश जारी किए हैं। यह आदेश जनपद बलिया की सीमा में स्थित सभी सार्वजनिक जलाशयों, नदियों एवं जलधाराओं पर प्रभावी होंगे, जिन्हें व्यक्तिगत अथवा धार्मिक श्रेणी में घोषित नहीं किया गया है। जारी आदेश के अनुसार कोई भी व्यक्ति विस्फोटक पदार्थ, कृषि रक्षा रसायनों अथवा अन्य विषैले रसायनों का उपयोग कर मछली नहीं पकड़ सकेगा और न ही ऐसा करने का प्रयास करेगा। डीएम ने निर्देश दिया है कि 15 जुलाई 2026 से 30 सितंबर 2026 तक मत्स्य जीरा एवं अंगुलिका (2 से 10 इंच आकार की मछलियां) को पकड़ना, नष्ट करना अथवा बेचना प्रतिबंधित रहेगा। इसी प्रकार 15 जून 2026 से 30 जुलाई 2026 तक प्रजननशील मछलियों के शिकार, विनाश एवं बिक्री पर भी रोक रहेगी। हालांकि, मत्स्य विभाग बलिया द्वारा जारी वैध लाइसेंस धारकों को नियमानुसार छूट प्राप्त होगी। शासनादेश दिनांक 25 सितंबर 2023 के तहत श्रेणी-1 से 4 तक के सभी जलाशयों तथा श्रेणी-5 के उन जलाशयों, जो नदियों या नहरों जैसे बहते जलस्रोतों से जुड़े हैं, में 1 जुलाई से 31 अगस्त तक मत्स्य आखेट पूर्णतः प्रतिबंधित रहेगा। इसके अतिरिक्त नदियों में मत्स्य आखेट संबंधी शासनादेश के अनुसार प्रत्येक वर्ष 1 जून से 31 अगस्त तक मछली पकड़ने पर पूर्ण प्रतिबंध लागू रहेगा। जिलाधिकारी ने यह भी स्पष्ट किया है कि कोई भी व्यक्ति प्राकृतिक जल प्रवाह को रोकने के लिए किसी प्रकार का अवरोध नहीं लगाएगा। अवरोध लगाकर मत्स्य जीरा, अंगुलिका अथवा मछलियां पकड़ने, नष्ट करने या ऐसा प्रयास करने वालों के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी। ऐसे मामलों में अवरोधक सामग्री, पकड़ी गई मछलियां एवं मत्स्य जीरा जब्त कर लिया जाएगा। डीएम ने चेतावनी दी है कि आदेशों का उल्लंघन करने वालों के विरुद्ध उत्तर प्रदेश मत्स्य अधिनियम 1948 के तहत दंडात्मक कार्रवाई की जाएगी।

# आईजीआरएस प्रकरणों में प्राप्त आख्या की डीएम ने की समीक्षा

**स्वतंत्र भारत देवरिया।** जिलाधिकारी मधुसूदन हुल्गी ने आईजीआरएस प्रकरणों के निस्तारण में लापरवाही एवं त्रुटिपूर्ण आख्या लगाए जाने को अत्यंत गंभीरता से लेते हुए पांच अधिकारियों को सुधार लाए जाने के कड़े निर्देश दिए है। उन्होंने कहा कि शिकायतों का वास्तविक समाधान किए बिना निस्तारण आख्या अंकित करना स्वीकार्य नहीं है। सभी अधिकारी आईजीआरएस प्रकरणों का गुणवत्तापूर्ण, तथ्यपरक एवं समयबद्ध निस्तारण सुनिश्चित करें, अन्यथा कठोर कार्रवाई की जाएगी। आईजीआरएस सेल के पटल सहायक बृजेंद्र चौधरी एवं रिचा सिंह द्वारा प्राप्त फीडबैक की समीक्षा के दौरान कई प्रकरणों में शिकायतों का संतोषजनक निस्तारण किए बिना आख्या अपलोड किए जाने की स्थिति सामने आई। इस पर जिलाधिकारी ने संबंधित अधिकारियों की कार्यप्रणाली पर नाराजगी व्यक्त करते हुए तत्काल सुधार के निर्देश दिए।समीक्षा में ग्राम पचौरा निवासी सदाशिव की चकमार्ग सीमांकन संबंधी शिकायत में बिना वास्तविक निस्तारण के आख्या लगाए जाने पर उपजिलाधिकारी सदर की तथा पथरदेवा क्षेत्र के ग्राम चिगनीभार निवासी संतोष कुशवाहा की रास्ते से अतिक्रमण हटाने संबंधी शिकायत में तहसीलदार सदर की आख्या भी संतोषजनक नहीं पाई गई। उन्हें गुणवत्तापूर्व निस्तारण के निर्देश दिए गए। इसी प्रकार टाउन एरिया भाटपाररानी निवासी रितुल विशेन की नाली निर्माण संबंधी शिकायत, टाउन एरिया भटनी निवासी कृष्णा सिंह व अन्य की क्षतिग्रस्त वाटर प्लांट की मरम्मत संबंधी शिकायत तथा मझौलीराज निवासी मनोज कुमार की फर्जीवाड़ा सम्बधित शिकायत में भी संबंधित अधिशासी अधिकारी यथा भाटपाररानी, भटनी व मझौलीराज को आईजीआरएस के निस्तारण की कार्य प्रणाली में सुधार लाए जाने के सख्त निर्देश दिए गए।

जिलाधिकारी ने निर्देश दिया कि सभी अधिकारी शिकायतकर्ता से संपर्क, स्थलीय सत्यापन एवं वास्तविक निस्तारण के उपरांत ही आख्या पोर्टल पर अपलोड करें।


## कार्यालय खण्ड विकास अधिकारी, बनीकोडर-बाराबंकी

email.bdobakbb-up@nic.in

पत्रांक : 407 / आंकिक / क्षे0पं0नि0का0 / के015वां / पं0रा0वि0 / निविदा–प्रका0 / बनी0 / 2026–27 दिनांक : 27.05.2026

–: निविदा सूचना :–

क्षेत्र पंचायत बनीकोडर के द्वारा पंचम राज्यवित्त एवं केन्द्रीय 15वें वित्त योजनान्तर्गत निम्न परियोजनाओं की निविदायें दिनॉक 17 जून 2026 अपरान्ह 01 बजे तक नीचे लिखी शर्तों / प्रतिबन्धों के अधीन आमंत्रित की जाती है। निविदा फार्म विकास खण्ड कार्यालय में दिनॉक 10 जून 2026 से 16 जून 2026 तक किसी भी कार्यदिवस में निर्धारित धनराशि जमा करके प्राप्त किये जा सकते है। मोहरबन्द निविदायें 17 जून 2026 को प्रातः 10 से 01 बजे अपरान्ह तक खण्ड विकास अधिकारी बनीकोडर के कार्यालय कक्ष में जमा की जायेगी तथा 17 जून 2026 को ही सम्बन्धित निविदादाता ठेकेदारों के समक्ष निविदा समिति बनीकोडर के द्वारा अपरान्ह 2.00 बजे खोली जायेगी।

| क्र0 सं0 | योजना का नाम | कार्य का विवरण | कार्य की मात्रा (किमी / ई0में) | लगत जीएसटी सहित (रू0लाखमें) | धरोहर राशि (लाख रू0में) | निविदा मूल्य (रू0में) | कार्यपूर्ण करने की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 01 | 02 | 03 | 04 | 05 | 06 | 07 | 08 |
| 01 | पं0रा0वि0 / के015वां वित्त | पहला मजरे मवैया सम्पर्क रोड से हरीराम के घर के पास से भगवानदीन के घर तक इ0ला0 रोड एवं नाली निर्माण कार्य। | 150 मीटर | 8.49 | 0.1698 | 1180.0 | 06 माह |
| 02 | तदैव | पूरेचुरई में सत्यवचन यादव के घर के पास से नाला तक नाला निर्माण कार्य। | 45 मीटर | 2.97 | 0.0594 | 590.0 | 06 माह |
| 03 | तदैव | बाराबंकी अयोध्या सम्पर्क रोड से बच्चूलाल यादव के घर के पास सी0सी0रोड के आगे से सुनीता देवी के घर तक इ0ला0 रोड निर्माण कार्य। | 100 मीटर | 5.51 | 0.1102 | 1180.0 | 06 माह |
| 04 | तदैव | भेन्दु ब्रम्हनान सम्पर्क रोड से जयसवाल के घर तक इ0ला0 रोड निर्माण कार्य। | 100 मीटर | 5.00 | 0.1000 | 1180.0 | 06 माह |
| 05 | तदैव | रानीबाग सम्पर्क रोड से निर्मल तिवारी के घर के पास तक इ0ला0 रोड निर्माण कार्य। | 155 मीटर | 8.07 | 0.1614 | 1180.0 | 06 माह |
| 06 | तदैव | काशीपुर सम्पर्क मार्ग से ए0एन0एम0 सेन्टर तक इ0ला0 रोड निर्माण कार्य। | 150 मीटर | 8.52 | 01704 | 1180.0 | 06 माह |

शर्तों एवं प्रतिबन्धों का विवरण :–

01– धरोहर एवं निविदा शुल्क की धनराशि कालम संख्या 06 एवं 07 के अनुसार देय होगी। निविदादाताओं को निविदा के साथ 02 प्रतिशत जमानत जमा करना होगा, शेष 08 प्रतिशत भुगतान से काटी जायेगी।
02– ठेकेदारों को आयकर, जीएसटी, जिलाधिकारी द्वारा प्रदत्त हैसियत प्रमाण–पत्र, चरित्र प्रमाण–पत्र एवं अनुभव प्रमाण–पत्र सलग्न करना होगा।
03– पंजीकृत ठेकेदारों को पंजीकरण / नवीनीकरण प्रमाण–पत्र की छायाप्रति निविदा के साथ लगाना होगा।
04– ठेकेदार को कार्य के तीनों चरणों क्रमशः कार्य प्रारम्भ से पूर्व, कार्य के प्रगति एवं कार्यपूर्ण होने के चरणों के फोटोग्राफी कराकर अभिलेखार्थ कार्यालय में उपलब्ध कराना अनिवार्य होगा।
05– सशर्त निविदा / ओवर राइटिंग कटिंग निविदा मान्य नही होगा।
06– कार्य को गुणवत्ता एवं निर्धारित मानक विशिष्टियों के अनुसार निर्धारित समय के अन्तर्गत पूर्ण कराना होगा।
07– ठेकेदार को उसके द्वारा कराये गये कार्य की गुणवत्ता के सत्यापन के उपरान्त कार्य सन्तोषजनक पाये जाने पर ही नियमानुसार भुगतान की कार्यवाही की जायेगी।
08– प्रस्तावित कार्य केन्द्रीय 15वें वित्त योजना एवं पंचम राज्यवित्त योजना के मार्गदर्शी सिद्वान्त के अन्तर्गत एवं समय–समय पर जारी मार्गदर्शक सिद्वान्त / आदेश के विपरीत यदि कोई परियोजना प्रकाश में आती है, तो वह तत्काल निरस्त कर दी जायेगी।
09– प्रत्येक निविदा के साथ 10.00 रूपये का स्टाम्प पेपर पर निर्धारित प्रारूप में शपथ–पत्र निविदा के साथ सलंग्न करना होगा।
10– निविदा फार्म पर दर का उल्लेख अंको एंव शब्दों मे करना होगा।
11– ब्लैक लिस्टेड तथा अन्य कारणों से अस्वीकृत ठेकेदारों की निविदा मान्य नही होगी।
12– निविदा सूचना में अंकित कोई परियोजना यदि किसी अन्य विभाग द्वारा पूर्व निर्मित / प्रस्तावित / निर्माणाधीन अथवा स्वीकृत कर ली गई है, तो वह तत्काल निरस्त कर दी जायेगी।
13– निविदादाता के द्वारा उक्त कार्यों पर लगे श्रमिकों / मिस्त्रियों से सम्बन्धित ई0पी0एफ0 / श्रम विभाग / अन्य किसी विभाग से सम्बन्धित दाये / आपत्तियों का निस्तारण स्वयं के व्यय पर किया जायेगा।
14– प्रत्येक कार्य को पूर्ण करने की अवधि में संशोधन का अधिकार खण्ड विकास अधिकारी बनीकोडर में निहित होगा।
15– समस्त निविदादाता निविदा खोलने के निर्धारित स्थान / तिथि / समय पर उपस्थित रहें अन्यथा किसी भी प्रकार की आपत्ति पर विचार नही किया जायेगा।
16– निविदा की स्वीकृति / अनुबन्ध धनराशि की उपलब्धता के अनुसार ही जायेगी।
17– निविदा की स्वीकृति / अनुबन्ध सक्षम स्तर से प्रशासनिक एवं वित्तीय / तकनीकी स्वीकृति प्राप्त होने के पश्चात् ही की जायेगी।
18– निविदा स्वीकृत होने पर सम्बन्धित निविदादाता को 100.00 रूपये के स्टाम्प पर अनुबन्ध निष्पादित करना होगा।
19– यदि कोई निविदादाता समय से कार्यपूर्ण नही करता है तो ख0वि0अ0 बनीकोडर द्वारा निर्धारित अर्थदण्ड ठेकेदार को जमा करना होगा अथवा बिल से काट लिया जायेगा।
20– निविदा के किसी अथवा सभी कार्यों को बिना कारण बताये स्वीकृत / अस्वीकृत / निरस्त करने का अधिकार खण्ड विकास अधिकारी बनीकोडर में निहित होगा।
21– समस्त विवादों का निपटारा न्याय क्षेत्र जिला बाराबंकी होगा।

(हरिकेश गौतम)
अवर अभियन्ता (ग्रा0अ0वि0)
बनीकोडर–बाराबंकी

(शिवजीत)
खण्ड विकास अधिकारी
बनीकोडर–बाराबंकी

(उर्मिला देवी)
ब्लाक प्रमुख
बनीकोडर–बाराबंकी


# भाजपा की सरकार 2019 से ही पीडीए के आरक्षण को लूट रही है : व्यास यादव

**स्वतंत्र भारत देवरिया।** बुधवार को समाजवादी पार्टी के जिलाध्यक्ष व्यास यादव ने जिला पार्टी कार्यालय पर पत्रकार वार्ता कर भाजपा की सरकार को घेरा और कहा कि 2019 से ही सरकार पीडीए के आरक्षण को लूट रही है। श्री यादव ने भाजपा सरकार पर पिछड़े, दलित एवं अल्पसंख्यक (पीडीए) समाज के संवैधानिक अधिकारों को कमजोर करने का गंभीर आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार के शासनकाल में सामाजिक न्याय, आरक्षण और समान अवसर की व्यवस्था लगातार निशाने पर रही है। प्रदेश का युवा आज बेरोजगारी, भर्ती घोटालों और पेपर लीक की घटनाओं से त्रस्त है। एक तरफ सरकार भर्तियां नहीं निकाल रही है, दूसरी तरफ जिन भर्तियों का आयोजन हुआ उनमें भी आरक्षण व्यवस्था का समुचित पालन नहीं किया गया। उन्होंने आरोप लगाया कि 22 भर्तियों में 11,514 पदों पर पीडीए समाज के अधिकारों की खुली अनदेखी हुई है। पिछड़ा वर्ग आयोग की




टिप्पणियों और न्यायालय की चिंताओं के बावजूद सरकार चुप्पी साधे हुए है। उन्होंने कहा कि नीट सहित विभिन्न परीक्षाओं को लेकर उठे विवादों तथा प्रदेश में बार-बार सामने आए पेपर लीक के मामलों ने युवाओं का विश्वास तोड़ा है। लाखों छात्र वर्षों की मेहनत के बाद भी असुरक्षा और अनिश्चितता का सामना कर रहे हैं। श्री यादव ने आरोप लगाया कि पीडीए समाज के बच्चों की सीटें कम की जा रही हैं, आरक्षण के अधिकारों को कमजोर किया जा रहा है और जब युवा अपने हक की आवाज बुलंद करते हैं तो उन्हें चिन्हित कर मुकदमों में उलझाने का प्रयास किया जाता है। भाजपा सरकार को यह समझ लेना चाहिए कि पीडीए समाज अब चुप बैठने वाला नहीं है। श्री यादव ने कहा कि यदि आरक्षण, रोजगार और सामाजिक न्याय के मुद्दों पर सरकार ने अपनी नीतियों में सुधार नहीं किया, तो प्रदेश भर में लोकतांत्रिक और संवैधानिक तरीके से व्यापक जनआंदोलन खड़ा किया जाएगा। पीडीए समाज अपने अधिकारों की रक्षा के लिए गांव-गांव, गली-गली और बूथ-बूथ तक संघर्ष को पहुंचाएगा। प्रदेश का युवा, किसान, मजदूर, पिछड़ा, दलित और अल्पसंख्यक वर्ग आगामी चुनावों में भाजपा सरकार से अपने साथ हुए अन्याय का लोकतांत्रिक हिसाब मांगेगा। श्री यादव ने विश्वास व्यक्त किया कि आगामी विधानसभा चुनाव में प्रदेश की जनता भाजपा सरकार को करारा जवाब देगी तथा अखिलेश यादव के नेतृत्व में सामाजिक न्याय, संविधान और पीडीए सम्मान की सरकार बनाने का मार्ग प्रशस्त करेगी। इस दौरान सपा के वरिष्ठ नेता अशोक सिंह कुशवाहा,पूर्व विधायक अनुग्रह नारायण सिंह पूर्व विधायक दीनानाथ कुशवाहा, देवरिया विधानसभा क्षेत्र के वरिष्ठ सपा नेता मोहन गुप्ता,रणवीर यादव,अमरेंद्र यादव सहित अन्य नेता एवं कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# डीएम ने नवनिर्मित आंगनबाड़ी केंद्र एवं डाइनिंग हाल का किया उद्घाटन



**स्वतंत्र भारत बलरामपुर।** जनपद में बच्चों, महिलाओं एवं ग्रामीणों को बेहतर स्वास्थ्य, पोषण एवं शिक्षा सुविधाएं उपलब्ध कराने की दिशा में जिला प्रशासन लगातार कार्य कर रहा है। इसी क्रम में जिलाधिकारी डॉ. विपिन कुमार जैन द्वारा विकास खंड बलरामपुर के ग्राम पंचायत कलवारी में प्रोजेक्ट संवर्धन के अंतर्गत पंचायत भवन पर आयोजित वीएचएसएनडी सत्र का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने एएनसी रजिस्ट्रेशन, गर्भवती महिलाओं एवं बच्चों के टीकाकरण, ड्यू लिस्ट, पोषण संबंधी गतिविधियों तथा स्वास्थ्य विभाग द्वारा संचालित विभिन्न कार्यक्रमों की गहन समीक्षा की। उन्होंने संबंधित अधिकारियों एवं कर्मचारियों को निर्देशित किया कि प्रत्येक पात्र गर्भवती महिला एवं बच्चों तक स्वास्थ्य सेवाओं की शत-प्रतिशत पहुंच सुनिश्चित की जाए तथा टीकाकरण एवं पोषण कार्यक्रमों में किसी प्रकार की लापरवाही न बरती जाए। जिलाधिकारी ने कुपोषित एवं अतिकुपोषित बच्चों के चिन्हांकन तथा उनके उपचार एवं पोषण सुधार के लिए की जा रही कार्यवाहियों का भी जायजा लिया। इस दौरान उन्होंने स्वयं बच्चों को आयरन की खुराक पिलाकर पोषण एवं एनीमिया नियंत्रण के प्रति जागरूकता का संदेश दिया। उन्होंने कहा कि बच्चों के बेहतर शारीरिक एवं मानसिक विकास के लिए संतुलित पोषण अत्यंत आवश्यक है तथा कुपोषण मुक्त जनपद बनाने के लिए सभी विभागों को समन्वित रूप से कार्य करना होगा। इस अवसर पर जिलाधिकारी द्वारा ग्राम कलवारी में नवनिर्मित आंगनबाडी केंद्र का उद्घाटन किया गया। नव निर्मित आंगनबाडी केंद्र आधुनिक एवं बालमैत्री सुविधाओं से युक्त है। केंद्र की दीवारों एवं कक्षों में बच्चों की रुचि एवं सीखने की क्षमता को ध्यान में रखते हुए आकर्षक शैक्षिक पेंटिंग कराई गई हैं, जिससे बच्चों को खेल-खेल में सीखने का वातावरण मिल सके। उन्होंने बताया कि जनपद में कुल 19 नवनिर्मित आंगनबाडी केंद्र पूर्ण हो रहे हैं, जिनके माध्यम से ग्रामीण क्षेत्रों के बच्चों एवं माताओं को बेहतर सुविधाएं उपलब्ध कराई जाएंगी। ग्राम पंचायत कलवारी में ग्राम पंचायत द्वारा किए गए सराहनीय कार्यों के अंतर्गत कंपोजिट विद्यालय कलवारी में डाइनिंग हाल का निर्माण कराया गया है, जिसका उद्घाटन भी जिलाधिकारी द्वारा किया गया।

# गैर इरादतन हत्या के दो आरोपी गिरफ्तार, न्यायालय भेजे गए



**स्वतंत्र भारत बढ़नी सिद्धार्थनगर।** जनपद में अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के तहत थाना कठेला समय माता पुलिस ने गैर इरादतन हत्या के मामले में दो आरोपियों को गिरफ्तार कर न्यायालय भेज दिया। थाना कठेला समय माता पुलिस ने मु.अ.सं. 61/2026, धारा 105 बीएनएस से संबंधित दो अभियुक्तों को गिरफ्तार किया। प्रभारी निरीक्षक अरुण कुमार के नेतृत्व में पुलिस टीम ने बुधवार को झकहिया चौराहा क्षेत्र से दोनों आरोपियों को हिरासत में लिया। गिरफ्तार अभियुक्तों में रामबृक्ष विश्वकर्मा पुत्र छेदी विश्वकर्मा निवासी ग्राम बिरवापुर थाना इटवा तथा अनिल कुमार पुत्र संतराम निवासी ग्राम बेनिपुर उर्फ पुरैना थाना इटवा जनपद सिद्धार्थनगर शामिल हैं। पुलिस ने आवश्यक विधिक कार्रवाई पूर्ण करने के बाद दोनों आरोपियों को माननीय न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत कर दिया।

गिरफ्तारी करने वाली टीम में प्रभारी निरीक्षक अरुण कुमार, उपनिरीक्षक श्यामदेव प्रसाद, हेड कांस्टेबल कमलेश यादव, आरक्षी सुभाष कुमार तथा आरक्षी सत्यम चौधरी शामिल रहे।

# विधायक रिंकी कोल ने किसान यूनियन से की मुलाकात, समस्याएं सुनीं



**हलिया मिर्जापुर)।** छानबे विधायक रिंकी कोल ने अपने विधानसभा क्षेत्र के विकास खंड हलिया में किसान यूनियन के प्रतिनिधिमंडल से मुलाकात कर उनकी समस्याओं को गंभीरता से सुना।प्रतिनिधिमंडल ने कृषिए सिंचाईए खाद.बीज उपलब्धता और फसल मुआवजे से जुड़े मुद्दे विधायक के समक्ष रखे। विधायक रिंकी कोल ने कहा कि ष्कृषि और किसानों से जुड़ी चुनौतियों के निराकरण के लिए हम हर संभव प्रयास कर रहे हैं। संवाद ही समाधान की पहली सीढ़ी है। उन्होंने आश्वासन दिया कि किसानों द्वारा उठाए गए मुद्दों को संबंधित विभागों तक पहुंचाकर त्वरित समाधान कराने का प्रयास किया जाएगा। विधायक ने कहा कि किसान प्रदेश की रीढ़ हैं और उनके हितों की रक्षा करना प्राथमिकता है।मुलाकात के दौरान स्थानीय कार्यकर्ता और किसान बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।

# बड़े मंगलवार पर युवकों ने की सेवा पिलाया शीतल जल व शरबत



**मिर्जापुर।** बड़े मंगलवार एवं पुरुषोत्तम मास के अवसर पर जायसवाल समाज युवा संगठन द्वारा मंगलवार शाम पुराने ओरियंटल बैंकए तेलियागंज के पास आमजन की सेवा के लिए शीतल जल एवं शरबत वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ भगवान श्री महावीर हनुमान तथा सहस्त्रबाहु अर्जुन महाराज के पूजन.अर्चन एवं दीप प्रज्ज्वलन के साथ हुआ। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि धीर प्रताप जायसवाल ने युवा संगठन के पदाधिकारियों का उत्साहवर्धन करते हुए समाज सेवा के ऐसे कार्यों को निरंतर जारी रखने का आह्वान किया। आयोजन की अगुवाई युवा संगठन के अध्यक्ष धर्मदीप जायसवालए उपाध्यक्ष आशीष जायसवाल तथा सांस्कृतिक मंत्री हर्ष जायसवाल ने की। सेवा कार्यक्रम में जायसवाल समाज के अध्यक्ष जायसवाल, महामंत्री अलंकार जायसवाल, कोषाध्यक्ष कृष्णा जायसवाल, महिला संगठन की अध्यक्ष साधना जायसवाल सहित समाज के अनेक पदाधिकारी एवं सदस्य उपस्थित रहे। वहीं युवा संगठन के आकाश जायसवालए पीयूष जायसवालए विनय जायसवाल, शुभम जायसवालए जगनारायण जायसवाल, घनश्याम जायसवाल, सुरेश जायसवाल, अभिषेक जायसवाल, सनी जायसवाल और अमन जायसवाल ने सक्रिय सहयोग प्रदान किया।

इसके अलावा संरक्षक डॉण् शेखर जायसवालए मनमोहन जायसवाल एवं रविंद्र जायसवाल ने भी कार्यक्रम को सफल बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। शाम 4 बजे से शुरू हुआ शीतल जल एवं शरबत वितरण कार्यक्रम रात्रि 8 बजे तक संचालित किया गयाए जिसमें बड़ी संख्या में राहगीरों और स्थानीय लोगों ने लाभ प्राप्त किया।

कार्यक्रम के समापन पर युवा संगठन के अध्यक्ष धर्मदीप जायसवाल एवं मंत्री सुनील जायसवाल एडवोकेट ने सभी सहयोगियोंए पदाधिकारियों एवं उपस्थित जनों के प्रति आभार व्यक्त किया।

# आदिवासी जननायक बिरसा मुंडा की प्रतिमा पर ग्रामीणों ने अर्पित की श्रद्धांजलि



**हलिया (मिर्जापुर)।** आदिवासी समाज के महान जननायक और धरती आबा कहे जाने वाले बिरसा मुंडा की प्रतिमा पर हथेड़ा गांव में मंगलवार की शाम स्थानीय ग्रामीणों ने श्रद्धा सुमन अर्पित कर नमन किया। ग्रामीण प्रतिमा के चारों ओर खड़े होकर हाथ जोड़कर श्रद्धांजलि दे रहे हैं।

प्रतिमा पर फूलों की माला चढ़ाई गई है और ग्रामीणों ने पारंपरिक तरीके से सम्मान व्यक्त किया। बिरसा मुंडा ने ब्रिटिश शासन और जमींदारों के शोषण के खिलाफ आदिवासियों को संगठित कर ष्उलगुलानष् आंदोलन का नेतृत्व किया था। उनकी शहादत और संघर्ष को आज भी आदिवासी समाज प्रेरणा के रूप में याद करता है।कार्यक्रम में बुजुर्गों से लेकर युवाओं तक की भागीदारी रही। ग्रामीणों ने कहा कि बिरसा मुंडा के विचार और उनके संघर्ष से नई पीढ़ी को समाज सेवा और अपने अधिकारों के लिए जागरूक होने की प्रेरणा मिलती है। इस दौरान जनार्दन कोल, राजेंद्र उपाध्याय, वीरेंद्र कोल, राकेश कोल, रामरक्षा कोल आदि मौजूद रहे।

# करंट की चपेट में आकर महिला अचेत, भर्ती

**हलिया (मिर्जापुर)।** लालगंज थाना क्षेत्र के बरौधा पुलिस चौकी अंतर्गत कनोखर गांव में मंगलवार की देर शाम करंट की चपेट में आने से महिला अचेत हो गई मौके पर पहुँचे परिजनों ने महिला को एम्बुलेंस सेवा 108 से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लालगंज में भर्ती कराया है जंहा पर महिला का उपचार चल रहा है लालगंज थाना क्षेत्र के कनोखर गांव निवासी ओमप्रकाश की 28 वर्षीय पत्नी फुलकली अपने घर के स्टोर रूम से राशन निकाल रही थी की तार कटा होने से करंट की चपेट में आकर अचेत हो गई।

# लापता युवक का केहजुआ नदी के तट पर मिला कपड़ा व जूता, पुलिस व ग्रामीण कर रहे खोजबीन

**हलिया (मिर्जापुर)।** स्थानीय थाना क्षेत्र के थोथा गांव निवासी युवक का कपड़ा व जूता बुधवार की सुबह केहजुआ नदी के तट पर मिलने पर सूचना पर पहुँचे स्वजनों ने घटना की सूचना स्थानीय पुलिस को दिया। मौके पर पहुँचे एसआई सुरेंद्र राम मय हमराह व ग्रामीणों के साथ लापता युवक की तलाश करने में जुट गए ग्रामीणों ने आशंका जताई की मगरमच्छ युवक को नदी में खींच लिया जिस पर वन विभाग के वन दरोगा नीटू शर्मा व फारेस्ट गार्ड शीतला बक्स सिंह मौके पर पहुँचे व ग्रामीणों के साथ खोजबीन शुरू किया स्थानीय चारवाहो ने बताया की लापता युवक को जंगल की तरफ देखा गया है सूचना पर नायब तहसीलदार राजू यादव भी मौके पर पहुंचकर युवक के संबंध में ग्रामीणों से जानकारी लिया है थोथा गांव निवासी 35 वर्षीय राजेंद्र यादव घर से सुबह निकले की वापस लौटकर नही आये केहजुआ नदी की तरफगए ग्रामीणों ने युवक के कपड़ा व जुता को नदी के तट पर देखकर युवक के स्वजनों को सूचना दिया मौके पर पहुँचे युवक के स्वजनों ने घटना की सूचना पुलिस को दिया पुलिस लापता युवक की तलाश करने में जुट गई है लेकिन युवक का पता नही चल सका है ग्रामीणों में तरह तरह की चर्चाएं व्याप्त है इस संबंध में एसआई सुरेंद्र राम ने बताया की लापता युवक की तलाश स्थानीय ग्रामीणों के साथ किया जा रहा है चारवाहो ने बताया की युवक को जंगल की तरफ देखा गया है जंगल में ग्रामीणों के साथ खोजबीन किया जा रहा है।

# मिशन शक्ति टीम ने महिलाओं व बालिकाओं को किया जागरूक



**हलिया (मिर्जापुर)।** हलिया कस्बा व भटवारी गांव में बुधवार को मिशन शक्ति टीम के प्रभारी रमाशंकर सिंह व कांस्टेबल राजेश मौर्य व महिला कांस्टेबल पूजा चौहान द्वारा चौपाल लगाकर मिशन शक्ति फेज 5.0 के द्वितीय चरण तहत महिलाओ व बालिकाओं को उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा चलाई जा रही विभिन्न योजनाओ एवं हेल्पलाइन नंबरों से अवगत कराया गया बालिकाओं के लिए बनाए गए कानूनों के बारे में महिला शशक्तिकरण के बारे जागरूक किया गया । क्षेत्र में प्रतिदिन दो स्थानों पर चौपाल लगाकर महिलाओ व बालिकाओं को आत्म निर्भर बनाने के लिए शासन के द्वारा बनाये गए विभिन्न हेल्पलाइन नंबरों की जानकारी देकर जागरूक किया जा रहा है।

# परिवार की डांट से क्षुब्ध होकर किशोरी ने खाया विशाक्त पदार्थ

**हलिया (मिर्जापुर)।** स्थानीय थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी किशोरी ने मंगलवार की देर शाम परिजनों के डांट से क्षुब्ध होकर घर में रखे किसी विशाक्त पदार्थ का सेवन कर लिया जिससे किशोरी की हालत बिगड़ने पर किशोरी के परिजनों ने आनन फानन में किशोरी को उपचार के लिए प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया है जंहा पर चिकित्सक रीना पटेल द्वारा किशोरी का उपचार किया जा रहा है उपचार के बाद किशोरी की हालत में सुधार हुआ है इस संबंध में चिकित्सक रीना पटेल ने बताया की परिजनों की डांट से क्षुब्ध होकर किशोरी ने विशाक्त पदार्थ का सेवन कर लिया था।

# शादी समारोह में मायके आई महिला की मौत, उत्सव मातम में बदला

**हलिया (मिर्जापुर)।** लालगंज थाना क्षेत्र के बामी गांव में एक शादी समारोह के दौरान 60 वर्षीय महिला इंद्रावती की अचानक तबीयत बिगड़ने से मौत हो गई। परिजनों ने उन्हें अस्पताल पहुंचायाए जहां चिकित्सकों ने मृत घोषित कर दिया। इस घटना से शादी का उत्सव का माहौल गमगीन हो गया।

यह घटना लहंगपुर पुलिस चौकी अंतर्गत बामी गांव के रामकृपाल भारती के छोटे भाई जितेंद्र की शादी के अवसर पर हुई। इंद्रावती स्वर्गीय राम अभिलाष की छोटी बहन थींए अपने मायके में शादी उत्सव में शामिल होने आई थीं। मंगलवार शाम बारात जाने के बाद घर में महिलाओं का संगीत कार्यक्रम चल रहा था। संगीत कार्यक्रम के दौरान इंद्रावती को अचानक चक्कर आने लगे और उनकी हालत बिगड़ गई। बारात में गए परिजनों को इसकी सूचना दी गई।

देर रात बारात से लौटने के बाद परिजन इंद्रावती को निजी वाहन से मंडलीय अस्पताल ले गए।


स्वतंत्र भारत

## वर्गीकृत

### सूचना

मैं निर्मला देवी पत्नी नेमपाल सिंह नि.ग्रा. व पोस्ट पिंगरा पिंगरी थाना तिलहर जिला शाहजहांपुर। मेरे सरकारी अभिलेखों में नाम गुड्डी देवी पत्नी नेमपाल दर्ज है। भविष्य में मैं गुड्डी देवी नाम से जानी जाऊंगी।

सी.आर.-495/D-27

### सूचना

मैंने अपने पुत्र अफाकुद्दीन व पुत्रवधू शमीमबानो को उनके गलत व्यवहार के कारण उनसे सम्बन्ध-विच्छेद कर समस्त चल-अचल संपत्ति से बेदखल कर दिया है। भविष्य में उनके द्वारा किये गये किसी भी कृत्यों से मेरी व मेरे परिवार का कोई सरोकार नहीं होगा। निजामुद्दीन पुत्र अमानत उल्ला नि.- 592 घ/109, राजीवनगर, तेलीबाग, लखनऊ।

सी.आर.-494/L-43

### सूचना

मैंने अपना नाम LAXMI VERMA से बदलकर नया नाम MAANVIKA VERMA रख लिया है। भविष्य में मुझे नये नाम से जाना व पहचाना जाए। LAXMI VERMA C/o M.A. AKHTAR, Add.- 690 MANAS VIHAR, Indira Nagar, Lucknow.

सी.आर.-496/L-30

### सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि पहले मेरा नाम HASMEEN AKHTER था जो अब बदलकर HASMEEN AKHTAR हो गया है भविष्य में मुझे इसी नाम से जाना पहचाना जाये। HASMEEN AKHTAR W/o MOHAMMAD RASHID ZAFAR FARIDI C-642, KARELI GT.B. NAGAR PRAYAGRAJ U.P.

सी.आर.-500/D-31

### सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि पहले मेरा नाम NASRA था जो अब बदलकर NASHRA हो गया है। भविष्य में मुझे इसी नाम से जाना व पहचाना जाये। NASHRA D/o KAJU 101/89 BAKHTIYARI KATRA PRAYAGRAJ UP.

सी.आर.-500/D-25

### सार्वजनिक सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मैं राजीव नारायण मिश्रा पुत्र स्व. प्रकाश नारायण मिश्रा व मेरी पत्नी श्रीमती दुर्गेश मिश्रा, निवासीगण-99, उद्यान-1, एल्डिको कालोनी, शारदा नगर, लखनऊ के हैं। मैं व मेरी पत्नी अपने बड़े पुत्र अनन्त कात्यान व उसकी पत्नी ऋचा मिश्रा उर्फ ऋचा पाण्डेय, निवासी- 99, उद्यान-1, एल्डिको कालोनी, शारदा नगर, लखनऊ से उनके गलत कृत्यों व क्रूरतापूर्ण आचरण से व्यथित होकर उनसे अपने मय परिवार सभी सम्बन्ध विच्छेद कर उन्हें अपनी चल व अचल सम्पत्ति से बेदखल कर रहे हैं। आज के बाद से अनन्त कात्यान व ऋचा मिश्रा उर्फ ऋचा पाण्डेय द्वारा किये गये किसी भी कृत्य के लिये हम लोग जिम्मेदार नहीं होंगे।

सी.आर.-501/L

### सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मैं वरुणा मिश्रा पत्नी श्री संजय मिश्रा अपना नाम वरुणा मिश्रा को परिवर्तित करके वीरू मिश्रा (VEERU MISRA) कर रही हूँ। अतः भविष्य में मुझे सभी उद्देश्यों हेतु वीरू मिश्रा नाम से जाना एवं पहचाना जाये।

**नवीन नाम- वीरू मिश्रा**
**पत्नी- संजय मिश्रा**
**पता- 198, खत्ता जमाल खां**
**पो. शाहाबाद जिला- हरदोई**
**पिन- 241124 (उ.प्र.)**

सी.आर.-497/D

### आवश्यकता है

गौरा देवी महिला महाविद्यालय, सिरकोहिया (हड़ही बाजार) बस्ती उ.प्र. में स्ववित्तपोषित योजनान्तर्गत संचालित स्नातकोत्तर स्तर पर विज्ञान संकाय के अन्तर्गत प्रवक्ता प्राणि विज्ञान-03 पद व प्रवक्ता वनस्पति विज्ञान 03 पद ।

**नोट-** शैक्षिक योग्यता सिद्धार्थ विश्वविद्यालय, कपिलवस्तु, सिद्धार्थनगर एवं यूजीसी, नई दिल्ली के मानकानुसार आवश्यक है। इच्छुक एवं अर्ह अभ्यर्थी प्रकाशन के 15 दिन के अन्दर अपना आवेदन महाविद्यालय पर भेजना सुनिश्चित करें।

**प्रबन्धक-** गौरा देवी महिला महाविद्यालय, सिरकोहिया (हड़ही बाजार) बस्ती-272181
**मो0 नं0-** 8896859040, 9918191779

सी.आर.-499/D

### अदालती सूचना

**न्यायालय प्रधान न्यायाधीश परिवार न्यायालय मीरजापुर**
**वाद सं0-231/सन् 2020**
**कृष्णमुरारी उर्फ बबलू**
**बनाम**
**रेनू उर्फ बुलबुल**

1- रेनू उर्फ बुलबुल पत्नी कृष्णमुरारी उर्फ बबलू पुत्री दयाशंकर बिन्द निवासी हाल पता (मायका) बाग जोरावर पो0 खैरा जिगना तप्पा 84 परगना कंतित तहसील सदर जिला मीरजापुर

अ0 धारा 13 (1) (1क) हि0 वि0 अधि0, थाना कोतवाली शहर मीरजापुर

हरगाह ने आपके नाम एक नालिस दायर की लिहाजा आपको हुक्म होता है कि आप बतारिख 07 माह 07 सन् 2026 बवक्त 10.00 बजे बमुकाम असालतम या मार्फत वकील के जो मुकदमा के हालत से वाकई से वाकिफकिया गया हो और जो कुछ अमूर अहम मुतालिक मुकदमा का जवाब दे सके। हाजिर हूजिए और जवाब देही दावा को कीजिए और हर माह वही तारिख जो आपके हाजिरी के लिए मुकर्रर है। वास्ते इनफिसाल कतई मुकदमा के तजवीज के लिए हुई है पर आपको सूचित हो कि गवाही की जिनकी शहादत में जुमला दस्तावेजों जिस पर बताईद अपनी जवाब देही के इस्तदलाल करना चाहते हो उसी रोज पेश कीजिए और आपको इत्तिला दी जाती है कि अगर बरोज मसकूर आप हाजिर न होंगे तो मुकदमा बगैर हाजिरी मसमूअ और फैसला होगा।

**तारीख पेशी 07.07.2026**
**दस्तखत हाकिम व मुहर अदालत**

सी.आर.- 498/D-CN

### अदालती सूचना

**न्यायालय अतिरिक्त परगनाधिकारी सदर मीरजापुर**
**T202616530107081 नम्बर मुकदमा-7081/26**
**पन्नालाल वगै0 बनाम बब्बे वगै0**

साकिन-खुटहा तप्पा 84 परगना कंतित तहसील सदर जिला मीरजापुर 231001
1- रामबाग यादव पुत्र स्व0 मुन्नर यादव सा0 मौ0-खुटहा तप्पा 84 परगना कंतित तहसील सदर जिला मीरजापुर उ0 प्र0
2- अवधेश यादव पुत्र स्व0 रामाशंकर यादव ग्रा0--खुटहा तहसील सदर जिला मीरजापुर
3- बुढऊ उर्फ रामराज यादव पुत्र मुन्नर ग्रा0--खुटहा तहसील सदर जिला मीरजापुर
4- नब्बे यादव पुत्र स्व0 रमाशंकर यादव ग्रा0--खुटहा तहसील सदर जिला मीरजापुर
आराजी स्थित मौजा- सिनहरकलॉ तप्पा 84 परगना कंतित तहसील सदर जिला मीरजापुर 231001 उ0 प्र0 अन्तर्गत धारा 134 उ0 प्र0 रा0 सं0 अधिनियम।

हरगाह ने आपके नाम एक नालिस दायर की लिहाजा आपको हुक्म होता है कि आप बतारिख 15 माह 06 सन् 2026 बवक्त 10.00 बजे बमुकाम असालतम या मार्फत वकील के जो मुकदमा के हालत से वाकई से वाकिफकिया गया हो और जो कुछ अमूर अहम मुतालिक मुकदमा का जवाब दे सके। हाजिर हूजिए और जवाब देही दावा को कीजिए और हर माह वही तारिख जो आपके हाजिरी के लिए मुकर्रर है। वास्ते इनफिसाल कतई मुकदमा के तजवीज के लिए हुई है पर आपको सूचित हो कि गवाही की जिनकी शहादत में जुमला दस्तावेजों जिस पर बताईद अपनी जवाब देही के इस्तदलाल करना चाहते हो उसी रोज पेश कीजिए और आपको इत्तिला दी जाती है कि अगर बरोज मसकूर आप हाजिर न होंगे तो मुकदमा बगैर हाजिरी मसमूअ और फैसला होगा।

**तारीख पेशी 15.06.2026**
**दस्तखत हाकिम व मुहर अदालत**

सी.आर.- 498/D-CN

### SARJOO SAHKARI CHINI MILLS LTD., BELRAYAN, LAKHIMPUR KHERI

पत्रांक : 234/प्र0प्र0/2026-27 दिनांक - 10.06.2026

GEM TENDER NOTICE FOR SEASON 2026-27

Tenders are invited from reputed Contractors/ Suppliers/ Manufacturers for Supply/Repairing work for different items for season 2026-27. Tenders will be opened on the due date as stated in the bid document available on GEM portel. The tender documents with detailed specifications, terms and conditions, EMD, etc. can be downloaded from www.gem.gov.in. Right to reject any or all the tenders without assigning any reason is reserved with the undersigned.

General Manager

### कार्यालय-नगर पालिका परिषद कुशीनगर जनपद-कुशीनगर

पत्रॉक 845(ii)/न0पा0प0 कु0/2026-2027 दिनॉक 10 जून 2026

**अल्पकालिक निविदा सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि राज्य वित्त आयोग/निकाय निधि की संस्तुतियो के अधीन स्वीकृत धनराशि से नगर पालिका परिषद कुशीनगर सीमाक्षेत्र में फसाड लाइट की आपूर्ति सहित स्थापना हेतु फर्मा/ठेकेदारो से मुहरबन्द निविदा आमंत्रित की जाती है। निविदा प्रपत्र **दिनॉक 17.06.2026 को 05.00 बजे सायं तक** नगर पालिका परिषद कुशीनगर के सम्बन्धित पटल से नगद मूल्य जमा कर प्राप्त की जा सकती है। निविदादाताओ द्वारा निविदा **दिनॉक 18.06.2026 को अपराहन 12.00 बजे तक** नगर पालिका परिषद कुशीनगर में पटल पर रखे बाक्स मे डाली जायेगी। प्राप्त निविदाओं को उसी दिन **अपराहन 01.00 बजे** उपस्थित निविदादाताओं या उनके प्रतिनिधियों के समक्ष खोली जायेगी। निविदा से सम्बन्धित नियम व शर्ते व किसी भी प्रकार की जानकारी कार्यालय अवधि मे प्राप्त की जा सकती है।

मुहरबन्द निविदाओं के साथ निर्धारित मूल्य का जमानत धनराशि नगद जमा करके विभागीय रसीद पत्र या एफ.डी.आर. के रूप मे जमा करना अनिवार्य होगा। एक या एक से अधिक निविदा को स्वीकृत/निरस्त करने का अधिकार सक्षम अधिकारी मे निहित होगा। किसी विशेष या सबसे कम निविदा दर की निविदा को स्वीकृत करने हेतु नगर पालिका परिषद कुशीनगर बाध्य नही होगा। स्वीकृत निविदाओं के सापेक्ष निर्धारित मूल्य के स्टाम्प पेपर पर अनुबन्ध करना अनिवार्य होगा। कार्यावधि कार्यादेश के तिथि से प्रभावी मानी जायेगी। नियत तिथि को अवकाश होने की दशा में निविदा की कार्यवाही अगले कार्य दिवस पर होगी।

| क्र0 सं0 | सामग्री का नाम | आगणन जीएसटी सहित | आगणन जीएसटी रहित | जमानत धनराशि | निविदा प्रपत्र का मूल्य | कार्यावधि (कार्यादेश प्राप्ति से) |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | फसाड लाइट की आपूर्ति सहित स्थापना। | 879100.00 | 745000.00 | 100000.00 | 1000.00 | 30 दिन |

**अधिशासी अधिकारी**
**नगर पालिका परिषद कुशीनगर**
**जनपद-कुशीनगर**

**अध्यक्ष**
**नगर पालिका परिषद कुशीनगर**
**जनपद-कुशीनगर**



पाठकों को सुझाव दिया जाता है कि इस समाचारपत्र में प्रकाशित होने वाले सभी विज्ञापनों पर कार्यवाही करने से पहले स्वयं उचित जांच-पड़ताल कर लें। समाचारपत्र या उसका कोई भी कर्मचारी विज्ञापनदाता द्वारा उनके किसी उत्पाद या सेवा हेतु किये गये किसी दावे की सच्चाई का आश्वासन नहीं देता तथा ऐसे विज्ञापनों पर विश्वास करके किसी भी व्यक्ति को हुई क्षति, हानि, परिणाम के लिए जिम्मेदार भी नहीं होंगे।



स्वतंत्र भारत

एग्रो फाइनेन्स एण्ड इन्वेस्टमेन्ट्स प्रा. लिमिटेड के लिए प्रकाशक एवं मुद्रक **अतुल शुक्ला** द्वारा 1, जॉपलिंग रोड, लखनऊ-226001 से मुद्रित एवं प्रकाशित।

सम्पादक : **के.के. श्रीवास्तव**
स्थानीय संपादक : **विष्णु मोहन***
फोन : 0522-4043151
swatantrabharat77@gmail.com

*इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं संपादन हेतु उत्तरदायी।

**समस्त विवादों का न्याय क्षेत्र लखनऊ होगा।**

# होर्मुज से जॉर्डन तक बढ़ा युद्ध का खतरा

**अम्मान।** पश्चिम एशिया में अमेरिका और ईरान के बीच तनाव अब और खतरनाक मोड़ पर पहुंच गया है। ईरान ने जॉर्डन में उस एयरबेस को निशाना बनाकर मिसाइलें दागीं,

- ईरान ने अमेरिकी ठिकाने पर दागीं मिसाइलें
- पश्चिम एशिया में हाई अलर्ट

जहां अमेरिकी सेना की मौजूदगी है। जॉर्डन की सेना ने दावा किया कि उसने पांच मिसाइलों को हवा में ही मार गिराया। वहीं अमेरिका ने भी ईरान पर बड़े एयरस्ट्राइक किए हैं। लगातार हो रहे हमलों ने पूरे पश्चिम एशिया में डर और अनिश्चितता बढ़ा दी है। बहरीन, कुवैत और जॉर्डन में सायरन बजाए गए और एयर डिफेंस सिस्टम सक्रिय कर दिए गए।
अमेरिकी सेंट्रल कमांड यानी सेंटकॉम के मुताबिक अमेरिकी वायुसेना और नौसेना ने ईरान के एयर डिफेंस सिस्टम, ग्राउंड कंट्रोल स्टेशन और रडार साइट्स पर हमला किया। अमेरिका का कहना है कि यह कार्रवाई आत्मरक्षा में की गई।
अमेरिकी सेना ने दावा किया कि होर्मुज के पास अमेरिकी एएच-64 अपाचे हेलीकॉप्टर एक ईरानी ड्रोन से टकराने के बाद दुर्घटनाग्रस्त हो गया था। इसके बाद अमेरिका ने ईरान के खिलाफ जवाबी कार्रवाई शुरू की। अमेरिका का आरोप है कि ईरान लगातार अमेरिकी सैनिकों और अंतरराष्ट्रीय व्यापारिक जहाजों के लिए खतरा पैदा कर रहा है।




होर्मुज जलडमरूमध्य दुनिया के सबसे महत्वपूर्ण समुद्री व्यापारिक रास्तों में शामिल है। यहां बढ़ते तनाव का असर सीधे तेल सप्लाई और वैश्विक अर्थव्यवस्था पर पड़ रहा है। फरवरी से शुरू हुए इस संघर्ष के बाद दुनियाभर में ऊर्जा कीमतें बढ़ी हैं। कई देशों में खाद्य पदार्थ और जरूरी सामान भी महंगे हुए हैं। विशेषज्ञ मानते हैं कि अगर संघर्ष और बढ़ा, तो वैश्विक तेल बाजार में बड़ा संकट पैदा हो सकता है। ईरान और इस्राइल के बीच पहले से ही तनाव जारी है। हाल ही में लागू संघर्षविराम के बाद दोनों देशों ने फिर एक-दूसरे पर हमले किए। ईरानी मीडिया ने दावा किया कि इस्राइली हमलों में उसके एयर डिफेंस यूनिट के दो सदस्य मारे गए। वहीं लेबनान में हिज्बुल्लाह और इस्राइल के बीच संघर्ष भी जारी है। इससे पूरे पश्चिम एशिया में युद्ध का खतरा और बढ़ गया है।

## अमेरिका को ईरान की खुली धमकी

**तेहरान।** पश्चिम एशिया में तनाव लगातार बढ़ता जा रहा है। इसी बीच ईरान के विदेश मंत्री अब्बास अराघची ने अमेरिका को कड़ी चेतावनी देते हुए कहा है कि अगर वह सुरक्षित रहना चाहता है तो उसे फारस की खाड़ी क्षेत्र छोड़ देना चाहिए। उन्होंने कहा कि ईरान की सशस्त्र सेनाएं किसी भी हमले या धमकी का जवाब देने के लिए पूरी तरह तैयार हैं। अब्बास अराघची ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर लिखा कि युद्ध के मैदान में असफल रहने के बाद अमेरिका ने ईरान के संकल्प को परखने की कोशिश की है। उन्होंने कहा कि ईरान की शक्तिशाली सेना किसी भी हमले को बिना जवाब दिए नहीं छोड़ेगी। साथ ही उन्होंने चेतावनी दी कि फारस की खाड़ी के इतिहास में बाहरी ताकतों के बुरे अंजाम के कई उदाहरण मौजूद हैं।

## कमजोर पड़ रही शांति वार्ता

अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने दावा किया कि ईरान के साथ समझौते की कोशिशें अभी भी जारी हैं। हालांकि दोनों देशों के बीच शर्तों को लेकर टकराव बना हुआ है। अमेरिका चाहता है कि ईरान अपने संवर्धित यूरेनियम भंडार को खत्म करे, जबकि ईरान पहले प्रतिबंध हटाने और जमे हुए फंड जारी करने की मांग कर रहा है। पाकिस्तान समेत कई देश मध्यस्थता की कोशिश कर रहे हैं, लेकिन लगातार सैन्य कार्रवाई से शांति वार्ता कमजोर पड़ती दिख रही है। पूरा पश्चिम एशिया युद्ध जैसे हालात के बीच हाई अलर्ट पर है।

## एक नज़र

### ईरान के सिरिक में अमेरिकी बमबारी के बाद जलापूर्ति ठप

**तेहरान।** ईरान के दक्षिणी सिरिक क्षेत्र में हुए अमेरिकी हमलों में पानी के दो बड़े टैंक नष्ट हो गए हैं। इस हमले के कारण पूरे जिले में पीने के पानी की सप्लाई पूरी तरह ठप हो गई है। इन हमलों के बाद ईरान ने चेतावनी दी है कि वह खाड़ी क्षेत्र के ऊर्जा बुनियादी ढांचे पर लगातार मिसाइलें दागेगा। उसने यह भी कहा कि खाड़ी देशों की पानी साफ करने वाली मशीनों (डिसैलिनेशन इंफ्रास्ट्रक्चर) को भी निशाना बनाया जा सकता है, जिन पर ये देश 90 प्रतिशत से ज्यादा निर्भर हैं। ईरान ने इन हमलों की कड़ी निंदा की है। मुंबई में स्थित ईरानी कॉन्सुलेट ने इसे मानवाधिकारों का उल्लंघन बताया। उन्होंने कहा कि नागरिक सुविधाओं को निशाना बनाना गंभीर मानवीय चिंता का विषय है। रिपोर्ट के अनुसार, सिरिक के बामनी जिले में ये टैंक स्थित थे।

### व्हाइट हाउस में सम्मानित हुए भारतीय मूल के कई छात्र

**वॉशिंगटन।** अमेरिका की प्रथम महिला मेलानिया ट्रंप ने मंगलवार को व्हाइट हाउस में आयोजित समारोह में पहले प्रेसिडेंशियल आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) चैलेंज नेशनल चैंपियन अवॉर्ड्स प्रदान किए। इस प्रतिष्ठित प्रतियोगिता में भारतीय मूल के कई छात्रों ने शानदार प्रदर्शन करते हुए राष्ट्रीय स्तर पर सम्मान हासिल किया। वर्जीनिया के एल्डी शहर की पांच सदस्यीय टीम, जिसमें आरना जायसवाल, ईशानी खत्री, रीवा मड्डा, साम्हिता पिन्नामारेड्डी और सनुली रत्नायके शामिल थीं, ने एलिमेंट्री स्कूल ट्रैक-2 श्रेणी में राष्ट्रीय पुरस्कार जीता। टीम ने स्कूलों में बदमाशी (बुलिंग) की घटनाओं को रोकने के लिए फ्रेंडजोन चैटबॉट बुलिंग प्रिवेंशन ऐप विकसित किया। वहीं, वॉशिंगटन राज्य के सम्मामिश स्थित नॉर्थस्टार मिडिल स्कूल के छात्रों विहा अय्यर, आर्य प्रताप और श्रीमयी शेट्टी ने अपने प्रोजेक्ट स्किलअप के लिए मिडिल स्कूल ट्रैक-1 श्रेणी में राष्ट्रीय खिताब अपने नाम किया। हाई स्कूल वर्ग में पेनसिल्वेनिया के अपर डार्बी सीनियर हाई स्कूल के छात्र खंडाकर माहिन ने ट्रैक-1 श्रेणी में राष्ट्रीय चैंपियन का खिताब जीता। उनका प्रोजेक्ट आपराधिक जांच में होटल के कमरों की पहचान के लिए कंप्यूटर विजन का उपयोग विषय पर आधारित था।

### अफगानिस्तान में पाक के हवाई हमले, 13 मरे

**काबुल।** अफगानिस्तान ने दावा किया है कि पाकिस्तान ने एक बार फिर उसके क्षेत्र में हवाई हमले किए हैं, जिनमें कम से कम 13 लोगों की मौत हो गई और 14 अन्य घायल हो गए। इन हमलों के बाद दोनों पड़ोसी देशों के बीच पहले से चल रहा तनाव और बढ़ गया है। अफगानिस्तान की तालिबान सरकार के मुख्य प्रवक्ता जबीहुल्लाह मुजाहिद ने बुधवार को बताया कि पाकिस्तानी हवाई हमले अफगानिस्तान के खोस्त, कुनार और पक्तिका प्रांतों में किए गए। उनके अनुसार हमलों में 11 बच्चों, एक महिला और एक बुजुर्ग व्यक्ति की मौत हुई है। तालिबान सरकार ने इन हमलों की कड़ी निंदा करते हुए इसे नागरिकों को निशाना बनाने वाली कार्रवाई बताया है। हालांकि पाकिस्तान की ओर से इन हमलों को लेकर तत्काल कोई आधिकारिक प्रतिक्रिया या पुष्टि नहीं की गई है।

### आयरलैंड : अप्रवासी के घरों में लगाई आग गाड़ियों में तोड़फोड़

बेलफास्ट में चाकूबाजी की घटना के बाद हालात बदतर

**डबलिन।** उत्तरी आयरलैंड की राजधानी बेलफास्ट में मंगलवार रात अप्रवासियों के खिलाफ भारी हिंसा हुई। नकाबपोश लोगों ने कई परिवारों को उनके घरों से जबरन बाहर निकाल दिया। शहर के कई हिस्सों में सैकड़ों प्रदर्शनकारी जमा हो गए। इनमें से ज्यादातर लोगों ने अपने चेहरे ढके हुए थे। भीड़ ने पुलिस पर पथराव किया और कई वाहनों को आग के हवाले कर दिया। यह हिंसा एक सूडानी व्यक्ति पर चाकू से हमले का आरोप लगने के बाद भड़की। यह सब तब शुरू हुआ जब एक चाकूबाजी का वीडियो इंटरनेट पर वायरल हो गया। हमले में एक व्यक्ति की गर्दन और सिर पर गंभीर चोटें आई थीं। मंगलवार शाम को बेलफास्ट में कई घर जलते हुए देखे गए।

### गाजा में फलस्तीनियों पर टूटा उग्रवादियों और पुलिस का कहर

**रामल्लाह।** संयुक्त राष्ट्र (यूएन) की एक नई रिपोर्ट में दावा किया गया है कि गाजा में हमास से जुड़े लड़ाकों और पुलिस इकाइयों ने युद्ध के दौरान दर्जनों फलस्तीनियों की हत्या की, उन्हें गंभीर रूप से घायल किया और सार्वजनिक रूप से फांसी दी। रिपोर्ट के अनुसार, ये कृत्य युद्ध अपराध की श्रेणी में आते हैं। संयुक्त राष्ट्र मानवाधिकार उच्चायुक्त कार्यालय की ओर से जारी रिपोर्ट में कहा गया है कि युद्धग्रस्त गाजा में सैकड़ों मामलों में लोगों को बिना किसी कानूनी प्रक्रिया के सजा दी गई। इन घटनाओं का प्रचार भी किया गया ताकि आम लोगों में डर का माहौल बनाया जा सके। रिपोर्ट के मुताबिक, कई मामलों में लोगों को गोली मारकर मौत के घाट उतार दिया गया, घुटनों में गोली मारी गई, लोहे की पाइप और सीमेंट की ईंटों से हड्डियां तोड़ी गईं तथा बुरी तरह पीटा गया।

# खुद के ही टैरिफ में फंसे ट्रंप अब लौटाने होंगे अरबों डॉलर

**अमेरिकी अदालत ने रिफंड प्रक्रिया पर जानकारी मांगी**

**वॉशिंगटन।** अमेरिका में राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की टैरिफ नीति अब उनके लिए ही बड़ी कानूनी और आर्थिक चुनौती बनती दिखाई दे रही है। अमेरिकी सुप्रीम कोर्ट पहले ही ट्रंप प्रशासन द्वारा कई देशों पर लगाए गए अतिरिक्त आयात शुल्क को गैरकानूनी करार दे चुका है। अब सवाल यह उठ खड़ा हुआ है कि जिन कंपनियों ने भारी टैरिफ भरा था, उन्हें पैसा कैसे और कब लौटाया जाएगा। न्यूयॉर्क की अंतरराष्ट्रीय व्यापार अदालत में हुई सुनवाई के दौरान जज रिचर्ड ईटन ने अमेरिकी सरकार और कस्टम विभाग से पूरी रिफंड प्रक्रिया पर जवाब मांगा। अंतरराष्ट्रीय व्यापार अदालत के जज रिचर्ड ईटन ने सुनवाई के दौरान अमेरिकी कस्टम और बॉर्डर प्रोटेक्शन एजेंसी से पूछा कि रिफंड प्रक्रिया को कितनी तेजी से आगे बढ़ाया जा सकता है। जज ने एजेंसी की ऑनलाइन प्रणाली की तारीफ की, लेकिन यह भी कहा कि न्याय विभाग की अपील पूरी प्रक्रिया को धीमा कर सकती है। जज ईटन ने कहा कि सरकार की कानूनी रणनीति खुद उसके हितों के खिलाफ जा सकती है। अदालत यह जानना चाहती है कि क्या सभी कंपनियों को रिफंड मिलेगा या सिर्फ उन्हीं को जिन्होंने अदालत में मुकदमा किया था।

# संयुक्त राष्ट्र में पाकिस्तान-चीन को झटका

## अमेरिका ने बीएलए को अंतरराष्ट्रीय आतंकी संगठन घोषित करने का प्रस्ताव रोका

**न्यूयार्क।** संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद में अमेरिका ने पाकिस्तान और चीन की एक बड़ी योजना को नाकाम कर दिया है। दोनों देशों ने मिलकर बलूचिस्तान लिबरेशन आर्मी (बीएलए) और मजीद ब्रिगेड को अंतरराष्ट्रीय आतंकी घोषित करने का प्रस्ताव दिया था, जिसे अमेरिका ने रोक दिया है।
पाकिस्तान और चीन ने पिछले साल सितंबर में सुरक्षा परिषद की 1267 अल कायदा प्रतिबंध समिति के सामने यह साझा अर्जी लगाई थी। इस महीने अमेरिका के साथ फ्रांस और ब्रिटेन ने भी इस प्रस्ताव का विरोध किया। ये तीनों देश सुरक्षा परिषद के स्थायी सदस्य हैं और इनके पास वीटो की शक्ति भी है।




संयुक्त राष्ट्र में पाकिस्तान के राजदूत आसिम इफ्तिखार अहमद ने सुरक्षा परिषद की बैठक में कहा था कि बीएलए और मजीद ब्रिगेड जैसे संगठन अफगानिस्तान की जमीन का इस्तेमाल कर रहे हैं। उन्होंने दावा किया कि वहां 60 से ज्यादा आतंकी कैंप चल रहे हैं, जहां से घुसपैठ और हमले किए जाते हैं। पाकिस्तान ने उम्मीद जताई थी कि परिषद इन संगठनों पर जल्द पाबंदी लगाएगी ताकि उनकी आतंकी गतिविधियों पर लगाम लग सके।
हैरानी की बात यह है कि अमेरिका ने खुद बीएलए और मजीद ब्रिगेड को अपनी घरेलू सूची में विदेशी आतंकी संगठन घोषित किया हुआ है। अमेरिकी विदेश मंत्रालय के अनुसार, ट्रंप प्रशासन ने इन संगठनों को वैश्विक आतंकी माना था ताकि उनकी मदद रोकी जा सके। अमेरिका का मानना है कि आतंकी संगठनों पर पाबंदी लगाना इस खतरे से लड़ने का एक प्रभावी तरीका है। बीएलए ने हाल के वर्षों में कई बड़े हमले किए हैं। साल 2024 में कराची एयरपोर्ट और ग्वादर पोर्ट के पास आत्मघाती हमले हुए थे। मार्च 2025 में इस संगठन ने जाफर एक्सप्रेस ट्रेन को अगवा कर लिया था। इस घटना में 31 लोगों की जान गई थी और 300 से ज्यादा यात्रियों को बंधक बनाया गया था।

### चीन रोक चुका है भारत के प्रस्ताव

इससे पहले चीन ने कई बार भारत और अमेरिका के उन प्रस्तावों को रोका था, जिनमें पाकिस्तान में छिपे आतंकियों पर पाबंदी लगाने की मांग की गई थी। फिलहाल पाकिस्तान सुरक्षा परिषद का अस्थायी सदस्य है, जबकि चीन स्थायी सदस्य के रूप में परिषद का सदस्य है।

# 'ट्रंप की पाबंदियां सैन्य हमले की साजिश'

**वाशिंगटन।** अमेरिका और क्यूबा के बीच तनाव बहुत बढ़ गया है। अमेरिका में क्यूबा की राजदूत लियानिस टॉरेस रिवेरा ने एक बड़ा

- क्यूबा के राजदूत लियानिस रिवेरा ने कहा- हम झुकेंगे नहीं

दावा किया है। उन्होंने कहा कि क्यूबा के नेताओं पर लगे प्रतिबंध और पूर्व राष्ट्रपति राउल कास्त्रो पर तय आरोप सिर्फ एक बहाना हैं। ट्रंप प्रशासन इन चालों से अमेरिकी जनता को क्यूबा में सैन्य दखल के लिए मना रहा है। एसोसिएटेड प्रेस को दिए इंटरव्यू में रिवेरा ने साफ कहा कि क्यूबा किसी के लिए कोई खतरा नहीं है। वे अमेरिका से टकराव बिल्कुल नहीं चाहते हैं।
रिवेरा ने अमेरिकी सरकार की



नीतियों पर कड़ा ऐतराज जताया। उन्होंने कहा कि अमेरिका दशकों पुराने प्रतिबंधों और ईंधन सप्लाई को रोककर क्यूबा के आम नागरिकों को निशाना बना रहा है। यह बिना बमों के लड़ा जाने वाला एक अदृश्य युद्ध है। दबाव या ताकत के बल पर क्यूबा की सरकार बदलने की हर कोशिश का डटकर मुकाबला किया जाएगा। हम नहीं झुकेंगे। क्यूबा के पूर्व राष्ट्रपति राउल कास्त्रो पर पिछले महीने अमेरिकी फेडरल ग्रैंड जूरी ने गंभीर आरोप लगाए हैं। 95 साल के कास्त्रो पर 1996 में मियामी के एक निर्वासित समूह ब्रदर्स टू द रेस्क्यू के दो नागरिक विमानों को मार गिराने की साजिश और हत्या का आरोप है। तब वे क्यूबा के रक्षा मंत्री थे। रिवेरा ने कहा कि राउल हमारी क्रांति के पवित्र प्रतीक हैं। देश अंतिम सांस तक उनकी रक्षा करेगा। यदि हम पर हमला हुआ तो करारा जवाब दिया जाएगा। यह पूरी स्थिति वेनेजुएला संकट की याद दिलाती है। विश्लेषकों का मानना है कि कास्त्रो पर आरोप और प्रतिबंध ठीक वैसी ही रणनीति है जैसी वेनेजुएला में अपनाई गई थी। वहां राष्ट्रपति निकोलस मादुरो को सत्ता से बेदखल करने के लिए अमेरिकी सैन्य दखल का सहारा लिया गया था। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने भी कहा है कि ईरान में सैन्य अभियान खत्म होते ही वे क्यूबा से निपटेंगे।

# जोहानिसबर्ग के क्लीवलैंड में गोलीबारी, 12 की मौत

**जोहनिसबर्ग।** दक्षिण अफ्रीका के जोहनिसबर्ग के पूर्व में क्लीवलैंड स्थित एक अनौपचारिक बस्ती में गोलीबारी हुई है। इस हिंसक घटना में

- मृतकों का बढ़ सकता है आंकड़ा

कम से कम 12 लोगों की मौत हो गई और नौ अन्य घायल हो गए। दक्षिण अफ्रीकी पुलिस सेवा ने बताया कि मंगलवार रात करीब 11:10 बजे जंपर्स अनौपचारिक बस्ती में गोलीबारी की सूचना मिली थी। पुलिस अधिकारियों ने तुरंत मौके पर पहुंचकर जांच शुरू की। पुलिस को कई इलाके के विभिन्न स्थानों पर कई घायल मिले हैं। घटनास्थल पर आठ पुरुष और तीन महिलाओं को मृत घोषित किया गया। एक अन्य ने बाद में अस्पताल में दम तोड़ दिया। घायलों को तत्काल चिकित्सा उपचार के लिए अस्पताल ले जाया गया। पुलिस के अनुसार, 10 से अधिक संदिग्धों को एक सफेद टोयोटा क्वांटम वाहन से बस्ती के पास छोड़ा गया था। हमलावरों ने बस्ती में प्रवेश करने के लिए दो अलग-अलग रास्तों का इस्तेमाल किया। वे समुदाय के भीतर घूमते हुए निवासियों पर अंधाधुंध गोलीबारी करते रहे। गोलीबारी के बाद सभी संदिग्ध उसी सफेद टोयोटा क्वांटम वाहन में बैठकर फरार हो गए। पुलिस ने अपने बयान में बताया कि संदिग्धों को क्लीवलैंड में एक पेट्रोल पंप के पास उतारा गया था। इस भीषण हमले का मकसद अभी तक स्पष्ट नहीं हो पाया है। पुलिस ने इस मामले में अब तक कोई गिरफ्तारी नहीं की है।

# जिनपिंग का उत्तर कोरिया दौरा बेनतीजा

**बीजिंग।** चीन के राष्ट्रपति शी जिनपिंग ने उत्तर कोरिया की दो दिनी यात्रा पूरी करने के बाद दोनों देशों के बीच संबंधों को आगे बढ़ाने के

- नहीं हुआ कोई ठोस समझौता

लिए उत्तर कोरिया के सर्वोच्च नेता किम जोंग उन के साथ महत्वपूर्ण सहमति पर पहुंचने के दावा किया। हालांकि, दोनों रणनीतिक सहयोगियों के बीच किसी ठोस समझौते की कोई घोषणा नहीं हुई। उत्तर कोरिया की यात्रा के पहले दिन सोमवार को जिनपिंग ने किम को चीन के अटूट समर्थन का आश्वासन दिया था। यह सात साल बाद जिनपिंग की उत्तर कोरिया की यात्रा थी। दोनों रणनीतिक सहयोगियों के बीच किसी ठोस समझौते की कोई घोषणा नहीं हुई और चीनी विदेश मंत्रालय ने मंगलवार को



कोरियाई प्रायद्वीप के परमाणु निरस्त्रीकरण पर किसी भी वार्ता से संबंधित सवालों का जवाब देने से इन्कार कर दिया। उत्तर कोरिया, जिसने 2006 से कई परमाणु परीक्षण किए हैं, सार्वजनिक रूप से खुद को परमाणु-आयुध से लैस देश बताता है, लेकिन बीजिंग कोरियाई प्रायद्वीप पर परमाणु हथियारों के विरोध में है और परमाणु निरस्त्रीकरण का समर्थन करता है। उत्तर कोरिया की जिनपिंग की यात्रा के परिणामों पर पूछे गए सवालों का जवाब देते हुए, चीनी विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता लिन जियान ने संकेत दिया कि कोरियाई प्रायद्वीप के परमाणु निरस्त्रीकरण पर बीजिंग के रुख में कोई बदलाव नहीं आया है। परमाणु निरस्त्रीकरण से संबंधित एक प्रश्न के उत्तर में उन्होंने कहा, चीन कोरियाई प्रायद्वीप के मुद्दे पर अपनी स्थिति और नीति में निरंतरता और स्थिरता बनाए हुए है।

**राजनीति** | ईरान को मिटा देने की जिद खुद के गले पड़ती जा रही

# गंभीर राजनीतिक संकट से गुजर रहा इस्राइल

**तेल अवीव।** हालिया घटनाक्रमों ने यह साफ कर दिया है कि मध्यपूर्व की राजनीति में इज़राइल इस समय अपने इतिहास के सबसे गंभीर राजनीतिक संकट से गुजर रहा है। इस


- ट्रंप पहले ही नेतन्याहू को खरी-खरी सुना चुके

कूटनीतिक संकट की गंभीरता का अंदाजा इसी बात से लगाया जा सकता है कि पिछले हफ्ते अमेरिकी राष्ट्रपति डोनल्ड ट्रंप ने नेतन्याहू से फोन पर तीखी बहस के दौरान कहा कि आप मेरी वजह से अब तक जेल में नहीं गए। आप मेरी शांति योजना में दखल देकर उसे बिगाड़ रहे हैं। ट्रंप ने साफ कर दिया कि वाशिंगटन और ईरान के बीच एक ऐतिहासिक शांति समझौता होने जा रहा है और वे इजराइल की ज़िद के कारण इस पूरी प्रक्रिया को पटरी से उतरने नहीं देंगे। ट्रंप ने कड़े लहजे में कहा कि वैश्विक नीतियां अमेरिका तय करता है इजराइल नहीं।
नेतन्याहू सरकार की ईरान नीति का सबसे बड़ा नुकसान इजराइल को खाड़ी देशों के मोर्चे पर हुआ है। साल 2020 में जिस अब्राहम अकॉर्ड के जरिए यूएई और बहरीन ने इजराइल के साथ ऐतिहासिक दोस्ती की शुरुआत की थी, वह अब टूट की कगार पर है। लगातार बढ़ते तनाव और क्षेत्रीय युद्ध के खतरे को देखते हुए यूएई और बहरीन ने खुद को इजराइल के सैन्य आक्रामक रुख से पूरी तरह से दूर कर लिया है। हाल ही में इजरायली प्रधानमंत्री कार्यालय ने दावा किया था कि युद्ध के बीच पीएम नित नेतन्याहू ने यूएई का सीक्रेट दौरा किया और वहां के राष्ट्रपति शेख मोहम्मद बिन जायद अल नाहान से मुलाकात की है। लेकिन यूएई के विदेश मंत्रालय ने चंद घंटों के भीतर इस दावे का बेहद कड़े लहजे में आधिकारिक खंडन कर दिया। यूएई ने स्पष्ट किया कि वह इजराइल के साथ किसी भी तरह के गुप्त सैन्य या फिर सुरक्षा समझौते का हिस्सा नहीं है। जानकारों के मुताबिक ईरान की सीधी सैन्य धमकियों और मुस्लिम जगत में अपनी छवि खराब होने के डर से खाड़ी देश अब



इजराइल से कड़ा पल्ला झाड़ रहे हैं। दूसरी ओर बहरीन भी गजा और लेबनान में चल रही इजराइली सैन्य कारवाइयों के कारण असहज महसूस कर रहा है और उसने भी आपत्तियां दर्ज करवाई हैं। साल 2023 में गजा में सैनिक कार्रवाई शुरू करने के बाद से ही बहरीन ने अपने राजनिक को इजराइल से वापस बुला लिया था। क्यों उल्टा पड़ा नेतन्याहू का राजनीतिक दांव? बेंजामिन नेतन्याहू का पूरा राजनीतिक करियर और उनकी घरेलू साख इस बात पर टिकी थी कि वे इजराइल को अभेद्य सुरक्षा देंगे और ईरान के परमाणु कार्यक्रम को हमेशा के लिए नेस्तनाबूद कर देंगे। लेकिन उनकी ज़िद अब उन्हीं पर भारी पड़ रही है। ट्रंप जहां जल्द से जल्द इस युद्ध को खत्म कर वैश्विक तेल की कीमतों को स्थिर करना चाहते हैं, वहीं नेतनया अपने ऊपर चल रहे भ्रष्टाचार के मामलों और घरेलू राजनीतिक दबाव के कारण युद्ध को खींचना चाहते हैं। गाजा, लेबनान और अब ईरान के साथ त्रिकोणीय मोर्चे पर लड़ते-लड़ते इजराइली सेना और वहां की अर्थव्यवस्था बुरी तरह से चरमरा गई है। इजराइल के अपने रक्षा विशेषज्ञ मान रहे हैं कि नेतन्याहू की ज़िद ने देश को दुनिया की नजरों में एक परिया स्टेट यानी कि अलग-थलग देश बनाकर खड़ा कर दिया है। डॉनल्ड ट्रंप के बाहरी आर्थिक और कूटनीतिक दबाव के बाद फिलहाल इजराइल और ईरान दोनों ने ही अपने हमलों को रोकने के संकेत दिए हैं। लेकिन इस पूरे घटनाक्रम ने यह साबित कर दिया है कि आधुनिक दौर में युद्ध केवल सैन्य ताकत से नहीं बल्कि कूटनीति से जीते जाते हैं। अमेरिका जैसी महाशक्ति के पीछे हटने और अरब देशों की बेरुखी के बाद इजराइल को अब यह समझ आ गया है कि ईरान को पूरी तरह से मिटाने की उसकी ज़िद खुद उसके अस्तित्व के लिए सबसे बड़ा खतरा बन चुकी है।

## बाजार दर्पण




विश्वास नेत्र एवं लेज़र सेन्टर



डॉ. विश्वास वर्मा
नेत्र सर्जन
मेडिक्लेम सुविधा उपलब्ध
विराम खण्ड, राम भवन के सामने
गोमती नगर लखनऊ
मोबाइलः 9415016089